सूर्योदय 6:10 सूर्यास्त 6:39

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.6 न्यू | 13.6 अधि |
| धर्मशाला | 10.2 न्यू | 21.2 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73651.35 |
| निफ्टी | 22326.90 |

सोना 67,310 | चांदी 76,337

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 1 अप्रैल, 2024 | 19 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 103, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- कार्यकर्ता चुनावों के लिए कस लें कमर: रविंद्र धीमान
- कांग्रेसी कार्यकर्ता की पोस्ट से जवाली में तहलका

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- भाजपा प्रत्याशी कंगना के घर पहुंचे जयराम ठाकुर
- प्रतिभा सिंह ने कंगना पर किया पलटवार

पृष्ठ 3 पर पढ़ें



- खड़ामुख-होली मार्ग पर 10 घंटे थमी रही रफ्तार
- आयल और भालोड़ी पंचायत के लोग लोकसभा चुनाव का करेंगे बहिष्कार

पृष्ठ 9 पर पढ़ें



- मिलर ने छक्का मारकर गुजरात को जिताया
- बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी ने जीता मियामी ओपन का खिताब

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज का मैच

मुंबई इंडियंस vs राजस्थान रॉयल्स

स्थान: वानखेड़े, समय : रात 7:30 बजे

# राष्ट्रपति ने लालकृष्ण आडवाणी को घर जाकर दिया भारत रत्न

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया। तबीयत ठीक नहीं होने की वजह से आडवाणी राष्ट्रपति भवन में आयोजित किए गए अलंकरण समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। इस अवसर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

**उपराष्ट्रपति धनखड़, पीएम मोदी, राजनाथ और शाह रहे मौजूद**

शनिवार को राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह एवं पीवी नरसिम्हा राव और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर व वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया।

इन विभूतियों के स्वजनों ने राष्ट्रपति से भारत रत्न सम्मान प्राप्त किया। आडवाणी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और नानाजी देशमुख के बाद यह सम्मान पाने वाले भाजपा एवं संघ परिवार से जुड़े तीसरे व्यक्ति हैं। आडवाणी ने सात दशक से अधिक समय तक अटूट समर्पण और असाधारण कौशल के साथ देश की सेवा की है।



### राम मंदिर निर्माण के लिए शुरू की थी राम रथयात्रा

1980 की शुरुआत में विश्व हिंदू परिषद ने अयोध्या में राम जन्मभूमि के स्थान पर मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन की शुरुआत करने लगी। उधर आडवाणी के नेतृत्व में भाजपा राम मंदिर आंदोलन का चेहरा बन गई। आडवाणी ने 25 सितंबर, 1990 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सोमनाथ से राम रथ यात्रा शुरू की थी।

### सबसे ज्यादा समय तक रहे भाजपा में अध्यक्ष

**आडवाणी** ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जरिए अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी। कई वर्षों तक आडवाणी राजस्थान में आरएसएस प्रचारक के काम में लगे रहे। वह उन लोगों में शामिल हैं, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी थी।

**अटल सरकार में उपप्रधानमंत्री :** लालकृष्ण आडवाणी 2002 से 2004 के बीच अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भारत के सातवें उप प्रधानमंत्री का पद संभाल चुके हैं। 10वीं और 14वीं लोकसभा के दौरान उन्होंने विपक्ष के नेता की भूमिका बखूबी निभाई है।

### विभाजन के समय मुंबई आ गए

**आडवाणी** का जन्म पाकिस्तान के कराची में 8 नवंबर, 1927 को एक हिंदू सिंधी परिवार में हुआ था। 1947 में आडवाणी देश के आजाद होने का जश्न भी नहीं मना सके, क्योंकि आजादी के महज कुछ घंटों में ही उन्हें अपने घर को छोड़कर भारत रवाना होना पड़ा। विभाजन के समय उनका परिवार पाकिस्तान छोड़कर मुंबई आकर बस गया। यहां उन्होंने लॉ कॉलेज ऑफ द बॉम्बे यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई की। उनकी पत्नी का नाम कमला आडवाणी है। उनके बेटे का नाम जयंत आडवाणी और बेटी का नाम प्रतिभा आडवाणी है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### जगजीवन, परस राम व बुद्धि सिंह का निष्कासन निरस्त

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति की अध्यक्ष विप्लव ठाकुर के अनुमोदन के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य एवं प्रदेश मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ला की स्वीकृति से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद प्रतिभा सिंह ने सुलह विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जगजीवन पाल व आनी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता परस राम व पूर्व जिलाध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर का पार्टी से निष्कासन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने इस संदर्भ में अधिसूचना जारी की है।

### सीएम सुक्खू उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के स्टार प्रचारक



**दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें 20 नाम राज्य के बाहर के नेताओं के हैं। हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह को भी यूपी के स्टार प्रचारक की जिम्मेदारी सौंपी है। इनके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे को भी स्टार प्रचारक होंगे।

### नक्सलियों को हथियार सप्लाई करने वाले दो सप्लायर्स काबू

**पलामू।** पुलिस ने नक्सलियों को हथियार सप्लाई करने वाले दो सप्लायर्स को गिरफ्तार किया है। पलामू पुलिस ने इन दोनों हथियार सप्लायरों को झारखंड-बिहार सीमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इनके पास से एलएमजी समेत कई आधुनिक हथियारों की मैगजीन भी बरामद की है। पुलिस गिरफ्तार दोनों सप्लायरों से पूछताछ कर रही है। हथियार सप्लायर प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी को हथियारों की बड़ी खेप सप्लाई करने वाले थे।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

डिजिटल मीडिया

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

### दिल्ली में विपक्षी गठबंधन की 27 पार्टियों के नेताओं ने बुलंद की लोकतंत्र बचाओ की आवाज

# महारैली में बोले राहुल- चुनाव से पहले मैच फिक्सिंग कर रहे मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन की दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली हुई। महारैली में विपक्षी गठबंधन का नारा 'तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ' रहा।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। मोदी सरकार देश में लोकतंत्र खत्म करना चाहती है। कांग्रेस यह साजिश कभी कामयाब नहीं होने देगी। इस महारैली में कांग्रेस समेत 27 दलों के नेता शामिल हुए।

कांग्रेस की ओर से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने हिस्सा लिया। राहुल गांधी ने कहा

**दावा- ईवीएम को मैनेज किए बिना 400 का आंकड़ा नहीं छू सकती है भाजपा**

कि यह चुनाव लोकतंत्र, संविधान, गरीबों, किसानों को बचाने का चुनाव है। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां पर मैच फिक्सिंग की जा रही है और चुनाव से पहले पीएम मोदी मैच फिक्स कर रहे हैं। हमारी टीम के मैच के पहले दो खिलाड़ियों (केजरीवाल-सोरेन) को मैच फिक्स करके जेल में डाल दिया गया है। भाजपा 180 से ज्यादा सीट नहीं ला पाएगी। ईवीएम को मैनेज किए बिना 400 का आंकडा पार नहीं हो सकता है। कांग्रेस के सारे बैंक अकाउंट बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि संविधान को पुलिस और धमकी से नहीं चलाया जा सकता है।

### भाजपा-आरएसएस जहर जैसे: खड़गे

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश के संविधान को बचाने के लिए सब इकट्ठे हुए हैं। लोकतंत्र चाहते हैं या तानाशाही, ये आपको तय करना है। जो तानाशाही चाहते हैं, उनको देश से निकालना होगा। बीजेपी और आरएसएस जहर के जैसे हैं। अगर आप चाहते हैं कि इसको भी देख लेंगे, विष को चाट कर देखेंगे या पीकर देखेंगे, दोनों स्थितियों में जिंदा नहीं रहेंगे।

### प्रियंका गांधी ने रखीं पांच मांगें

**प्रियंका** गांधी ने गठबंधन की ओर से पांच मांगें रखीं। चुनाव आयोग को लोकसभा चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित करे, विपक्षी दलों के खिलाफ जांच एजेंसियां कार्रवाई रोकें, हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए, विपक्षी दलों पर आर्थिक कार्रवाई बंद हो और चुनावी चंदे को लेकर भाजपा पर सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी का गठन हो।

### विपक्षी गठबंधन के मुद्दे

1. केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग
2. विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी
3. चुनावी बांड से जबरन वसूली
4. आयकर विभाग के नोटिस
5. सामान की बढ़ती कीमतें
6. ऊंची बेरोजगारी दर
7. किसानों के खिलाफ अन्याय



### सुनीता ने पढ़ा पति केजरीवाल का संदेश, देश को दी छह गारंटियां

**अरविंद** केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने अरविंद केजरीवाल का संदेश पढ़ा। गठबंधन की ओर से देश को छह गारंटी दी गई। इसमें 24 घंटे बिजली, गरीबों को मुफ्त बिजली, मोहल्ला क्लीनिक, मुफ्त एवं समान शिक्षा, किसानों को एमएसपी, दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा जैसी गारंटी शामिल रही। साथ ही केजरीवाल की ओर से गठबंधन से पूछे बिना घोषणा करने को लेकर माफी भी मांगी।

## भ्रष्टाचारी चाहे कितना भी बड़ा हो, नहीं बचेगा : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव के ऐलान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को यूपी के मेरठ में पहली रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारी कान खोलकर सुन लें, मोदी पर चाहे जितने भी हमले करो, यह मोदी है, रुकने वाला नहीं है।

भ्रष्टाचारी चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, एक्शन होगा और जरूर होगा, जिसने देश को लूटा है उसे लौटाना ही पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है। इन लोगों ने मिलकर एक विपक्षी गठबंधन बनाया है। इनको



**कहा- बड़े-बड़े सत्ताधारी जेल में, नहीं मिल रही जमानत**

लगता है कि मोदी डर जाएगा, लेकिन मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है। आज बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे हैं, उन्हें सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत नहीं मिल रही। इन बेईमानों ने जो धन लूटा है, वो गरीबों को लौटाऊंगा।

### इंदिरा गांधी सरकार ने श्रीलंका को गिफ्ट में दिया था कच्चाथीवु द्वीप

**पीएम** मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने भारत के रामेश्वरम के पास मौजूद कच्चाथीवू द्वीप को श्रीलंका को सौंप दिया था। हर भारतीय नाराज है और यह तय हो गया है कि कांग्रेस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। पीएम ने 'एक्स' पर आरटीआई रिपोर्ट का हवाला देते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। आरटीआई रिपोर्ट में बताया गया कि 1974 में इंदिरा गांधी की सरकार ने इस द्वीप को श्रीलंका को गिफ्ट कर दिया था। पीएम ने कहा कि कांग्रेस पिछले 75 साल से भारत की एकता और अखंडता को कमजोर करने का काम करती आ रही है।

## कांग्रेस को 1,745 करोड़ का नया टैक्स नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला है। इसमें 2014 से 2017 के लिए 1745 करोड़ रुपए के टैक्स की डिमांड की गई है। इस नोटिस के साथ कांग्रेस पर टैक्स डिमांड बढ़कर 3567 करोड़ रुपए हो गई है।

**आईटी विभाग ने कुल 3,567 करोड़ रुपए की निकाली देनदारी**

सूत्रों के मुताबिक, 2014-15 के लिए 663 करोड़ रुपए, 2015-16 के लिए 664 करोड़ रुपए और 2016-17 के लिए 417 करोड़ रुपए का टैक्स डिमांड नोटिस कांग्रेस को भेजा गया है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार आईटी विभाग ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली टैक्स रिबेट खत्म कर दी है और पूरे कलेक्शन के लिए पार्टी पर टैक्स लगा दिया है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा है कि जांच एजेंसी ने छापे में कांग्रेसी नेताओं से जब्त डायरियों की थर्ड पार्टी को लेकर हुई एंट्रीज पर भी टैक्स लगाया है। कांग्रेस ने 135 करोड़ रुपए की कर मांग के खिलाफ अदालत का रुख किया है और इस मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो सकती है।

## रोहड़ में तेजधार हथियार से नेपाली युवक की हत्या

**शिमला।** शिमला जिले के रोहड़ू के अस्तानी गांव में शनिवार शाम नेपाली मूल के एक युवक ने अपने ही साथी की बगीचे में तेजधार हथियार से हत्या कर डाली। मृतक की पहचान कमल (30) के तौर पर हुई है।

**साथी ने ही दिया वारदात को अंजाम**

पुलिस ने हत्यारे रवि को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों युवक रोहड़ू में मजदूरी करते थे और एक-दूसरे के परिचित थे। शनिवार देर शाम किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ और रवि ने कमल को मौत के घाट उतार दिया। अस्तानी गांव निवासी खुशी राम ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई कि शनिवार शाम को जब घर लौट रहा था, तो सड़क के बीच खून से लथपथ एक युवक गिरा हुआ था, जिसके सिर से खून बह रहा था। रवि घटनास्थल पर मौजूद था, जो उसे देखकर वहां से भाग गया। डीएसपी रोहड़ू नरेश शर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार लिया है और मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है।

## झटका: आज से महंगी मिलेंगी दर्द निवारक व एंटीबायोटिक दवाइयां

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

**लोकसभा** चुनाव से पहले आम जनता पर महंगी दवाइयों की मार पड़ने वाली है। पहली अप्रैल से दर्द निवारक, एंटीबायोटिक और संक्रमण रोधी दवा सहित अन्य जरूरी दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी होगी।

राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने पहली अप्रैल से आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची में शामिल दवाओं की कीमतों में 0.0055 फीसदी की सालाना बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। यह बढ़ोतरी थोक मूल्य सूचकांक



में सालाना बदलाव के मुताबिक की गई है। इसमें कुछ दर्द निवारक, एंटीबायोटिक और संक्रमण रोधी सहित आवश्यक दवाओं की कीमतों में पहली अप्रैल से मामूली इजाफा देखने को मिलेगा। थोक मूल्य सूचकांक में सालाना बदलाव के अनुरूप केंद्र सरकार ने आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची के तहत दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की इजाजत दी है। कीमतों में 0.0055 की बढ़ोतरी पिछले साल दवा की कीमतों में 12 फीसदी और 2022 में 10 फीसदी की बढ़ोतरी के बाद दर्ज की गई है। नई कीमतों के दायरे में राष्ट्रीय सूची में शामिल 800 से अधिक दवाएं आएंगी। जरूरी दवाओं की सूची में पैरासीटामोल, एंजीथ्रोमाइसिन, एंटीएनेमिया दवाएं, विटामिन्स, एस्टेरॉयड्स और मिनरल्स प्रमुख हैं। गौरतलब है कि हिमाचल के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला, नालागढ़ यानी बीबीएन में भी 650 से एंटीबायोटिक दवाइयां बनाई जाती हैं और देशभर में सप्लाई की जाती है।

**खुलासा** जाली दस्तावेजों से कांगड़ा जिले के 230 युवा 11 माह तक उठाते रहे योजना का लाभ

# फर्जी तरीके से बेरोजगारी भत्ता लेने का पर्दाफाश

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

**कांगड़ा** जिले में फर्जी तरीके से बेरोजगारी भत्ता लेने का पर्दाफाश हुआ है। जिले में विभागीय अधिकारियों ने बेरोजगारी भत्ता लेने के 230 फर्जी मामले पकड़े हैं। ये मामले वित्त वर्ष 2023-24 में पकड़े गए हैं। मामला प्रकाश में आने के बाद योजना का लाभ लेने वाले युवाओं का लाभ बंद कर दिया गया है।

ये युवा पिछले करीब 11 माह से फर्जी दस्तावेज से योजना का लाभ उठा रहे थे। दस्तावेजों व अन्य पहलुओं की बारीकी से जांच करने पर ये सभी लाभार्थी अपात्र पाए गए हैं। 230 लाभार्थियों का लाभ बंद करने से प्रदेश सरकार का लगभग 60 लाख रुपए से अधिक का नुकसान होने से बच गया। विभागीय अधिकारियों के





अनुसार, योजना का लाभ लेने वाले युवा आम परिवारों से ही होते हैं, इसलिए फर्जी लाभार्थियों से रिकवरी का कोई प्रावधान नहीं है।

गौरतलब है कि योजना के लाभार्थियों के अपडेट दस्तावेजों को हर साल 31 मार्च तक दोबारा जांच के लिए मंगवाया जाता है, ताकि पता लग सके कि लाभार्थी अभी भी योजना के मापदंडों के अधीन है या मापदंडों से बाहर हो चुका है। (अनंत ज्ञान)

> **चालू** वित्त वर्ष में बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत 230 फर्जी मामले पकड़े हैं। इन मामलों के सामने आने के बाद लाभार्थियों को योजना का लाभ देना बंद कर दिया गया। योजना का उद्देश्य गरीब पात्र परिवारों के रोजगार की तलाश करने अथवा प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को लाभ देना है, ताकि उन्हें छोटे-छोटे खर्चों के लिए किसी के आगे हाथ न फैलाना पड़े। यह लाभ उन्हें दिया जाता है, जो सभी मापदंडों को पूरा करते हैं
>
> **- अक्षय कुमार, क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी, धर्मशाला, जिला कांगड़ा।**

### सरकार दो वर्ष तक युवाओं को देती है आर्थिक मदद

**प्रदेश** बेरोजगारी भत्ता योजना का लाभ लेने के लिए 21 से 35 वर्ष के बेरोजगार युवा आवदेन कर सकते हैं, जिसमें सरकार की ओर से दो साल के लिए युवाओं को आर्थिक मदद दी जाती है। युवाओं का दो साल तक जब तक रोजगार या नौकरी का प्रबंध नहीं होता तब तक उन्हें प्रतिमाह 1000 रुपए आर्थिक सहायता के तौर पर दिए जाते हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए उम्मीदवारों को रोजगार विभाग की अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। आवेदन करने वाले व्यक्ति के परिवार की आय तीन लाख सालाना से अधिक नहीं होनी चाहिए। अभ्यर्थी का रोजगार कार्यालय में पंजीकरण होना आवश्यक है।

## जंगल में पेड़ से लटका मिला शव

**पांवटा साहिब ।** पांवटा साहिब थाने के अंतर्गत माजरा में एक व्यक्ति का शव जंगल में मिला है। फॉरेस्ट गार्ड राकेश मेलिओ के नजदीक कब्रिस्तान की तरफ जा रहे थे तो देखा कि पेड़ पर एक व्यक्ति लटका हुआ है।

उन्होंने इसकी सूचना माजरा थाने में दी। थाना प्रभारी एसएचओ प्रताप व उनकी टीम मौके पर पहुंची। युवक पेड़ से फंदा लगाकर लटका हुआ था और उसके लगभग 100 मीटर की दूरी पर काले रंग की बाइक और लाल रंग का हेलमेट बरामद हुआ है। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पांवटा साहिब लाया गया। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सीएम सुक्खू ने तिरुपति बालाजी के किए दर्शन



आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर परिसर में फोटो खिंचवाते सीएम सुक्खू व अन्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**सियासी** संकट और आपाधापी के बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पत्नी कमलेश ठाकुर के साथ आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में जाकर भगवान के दर्शन किए।

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने भी उनके साथ तिरुपति बालाजी के दर्शन किए। सीएम सुक्खू नई ऊर्जा जुटाकर हिमाचल आ रहे हैं। उनका पहली अप्रैल को शिमला लौटने का कार्यक्रम है। वह आते ही हिमाचल में कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करेंगे। सुक्खू शुक्रवार से हिमाचल से बाहर हैं। वह पहले हैदराबाद गए और उसके बाद आंध्र प्रदेश। सुक्खू को जैड प्लस का सुरक्षा घेरा मिला हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### लंबागांव में पकड़ी शराब, केस दर्ज

**लंबागांव।** जिला के पुलिस थाना लंबागांव के तहत जगरुपनगर में अजय कुमार निवासी जगरुपनगर की चाय की दुकान से 5250 मिलिलीटर देसी शराब उना नंबर बरामद की है। इस संदर्भ में आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस थाना लंबागांव में मामला दर्ज किया गया है। उधर धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### मैक्लोडगंज में दुकानों से शराब बरामद

**मैक्लोडगंज।** जिला के पुलिस थाना मैक्लोडगंज में फोरसेटगंज रोड नजद बस स्टैंड मे तिलक राज निवासी गगल से 9000 मिलिलीटर अंग्रेजी शराव बरामद की है। तिलक राज के खिलाफ इस संदर्भ में आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस थाना मैक्लोडगंज में मामला दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में पुलिस थाना मैक्लोडगंज में फोरसेटगंज मे कंजु राम निवासी डल लेक से 9000 मिलिलीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। कंजु राम के खिलाफ इस संदर्भ में आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस थाना मैक्लोडगंज में मामला दर्ज किया गया है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने दोनों मामलों की पुष्टि की है।

# कांग्रेसी कार्यकर्ता की पोस्ट से जवाली में तहलका

## कांग्रेसी कार्यकर्ता ने पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली; मचा हड़कंप, भाजपा कार्यकर्ता जमकर कर रहे अलोचना


**अनिल छांगू, जवाली**

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता लगते ही जवाली में ठेकेदारों के हौसले बुलंदियों पर हैं तथा ठेकेदारों ने अब विभागीय कर्मियों को डराना-धमकाना शुरू कर दिया है।

कांग्रेसी कार्यकर्ता ने इसकी पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली है। इससे जवाली में तहलका मचा दिया है। जवाली के एक कांग्रेसी कार्यकर्ता की सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्ट काफी वायरल हो रही है तथा इस पोस्ट से कांग्रेस की हर तरफ आलोचना भी हो रही है। इस पोस्ट में सरेआम विभागीय कर्मियों को धमकी दी गई है।

इस पोस्ट में लिखा गया है कि हमारे लोगों के बिल बने या न बनें, पेमेंट हो या न हो, लेकिन जल शक्ति विभाग के जेई की कुटाई होना तय है। लगता है कि कांग्रेस सत्ता के नशा में चूर है तथा कार्यकर्ता भी जोर जबरदस्ती पर आ गई है। भाजपा द्वारा इस पोस्ट की काफी आलोचना की जा रही है।

यह भाजपा के हाथ अब एक बड़ा मुद्दा लग गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता सत्ता में चूर होकर अब कर्मियों को डराने पर उतारू हो गए हैं। सत्ता के नशे में चूर होकर विभागीय कर्मियों को डराया-धमकाया जा रहा है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता लगते ही जवाली में ठेकेदारों के हौंसले बुलंदियों पर हैं। (अनंत ज्ञान)



कांग्रेस नेता द्वारा डाली गई पोस्ट।

### कांग्रेस अब चंद दिनों की मेहमान : रवि कुमार

**इस** बारे में भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि कुमार ने कहा कि नेता के इशारे पर ही कांग्रेसी कार्यकर्ता विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को डरा धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस चंद दिनों की मेहमान है। उन्होंने कहा कि प्रशासन-पुलिसको इस पर संज्ञान लेना चाहिए।

### भाजपा नेता संजय गुलेरिया के बोल



**भाजपा** नेता संजय गुलेरिया ने कहा कि यह ओच्छी राजनीति है तथा इस मसले को लेकर चुनाव आयोग में इसकी शिकायत की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस-प्रशासन इस पर संज्ञान लें तथा पोस्ट को डालने वाले व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज करे।

# अंतिम यात्रा पर निकला फतेहपुर का हीरो जसबीर सिंह

## सैन्य सम्मान के साथ दी शहीद को सलामी; जसबीर सिंह अमर रहे के गूंजे नारे, नम आंखों से विदाई

**अनंत ज्ञान, जवाली**

फतेहपुर के युवा सैनिक को अंतिम विदाई देने के लिए रविवार को पूरा गांव उमड़ पड़ा। इस दौरान लोगों ने नम आंखों से विदाई दी तथा इससे पूर्व काफी देर तक जब तक सूरज चांद रहेगा, जसबीर सिंह तेरा नाम रहेगा के नारे माहौल में गूंजते रहे। युवा सैनिक के यूं दुनिया छोड़ के चले जाने से हर एक आंख नम दिखी तथा परिजनों का रो-रोकर बूरा हाल था।

कांगड़ा जिला के उपमंडल फतेहपुर की पंचायत लरहूं के 28 वर्षीय सैनिक जसबीर सिंह का शव उनके गांव में पहुंचते ही समस्त पंचायत में शोक की लहर दौड़ गई तथा परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हुआ। सैनिक का शव जैसे ही घर में पहुंचा तो चीखो-पुकार ही सुनाई दे रही थी। सैनिक का शव देखकर सैनिक की माता फूट-फूट कर रोई तथा जवान बेटे को खोने का एक मां का दर्द देखकर हर दिल पसीज गया। सैनिक की छह महीने की बच्ची और चार साल की बेटी दोनों मासूम ओर इस क्षति से अनजान बच्चियां भी अपने पिता के शव को निहारती रहीं।


शहीद जसबीर सिंह।


शहीद जसबीर सिंह को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम सलामी देते अधिकारी।

### शहीद के बड़े भाई ने दी गुखाग्नि, पत्नी भी पहुंचीं आखिरी धाम पर

**इस** दौरान सेना की एक टुकड़ी ने सैनिक को सलामी दी। रविवार को परोल स्थित आखिरी धाम पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सैनिक के बड़े भाई ने मुखाग्नि दी। प्रशासन की तरफ से पुलिस चौकी रैहन की टीम, नायब तहसीलदार फतेहपुर व क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर सैनिक को नम आंखों से अंतिम विदाई दी। वहीं, पत्नी शालू भी आखिरी धाम पर पहुंचकर खूब रोई। उसे जैसे विश्वास ही नहीं हो रहा था कि पूरी उम्र साथ देने का वादा करने वाला उसका पति अब नहीं रहा।




# कार्यकर्ता चुनावों के लिए कस लें कमर : रविंद्र धीमान

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

भाजपा आईटी विभाग जयसिंहपुर द्वारा बैठक का आयोजन पिक एंड बांड होटल पंचरुखी में हुआ। बैठक मंडल संयोजक विपिन कुमार की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विधायक रविंद्र धीमान, प्रदेश संयोजक आईटी अनिल डढवाल ने शिरकत की। इस मौके पर मुख्यातिथि रविंद्र धीमान ने लोकसभा चुनावों के लिए कमर कसने व भाजपा प्रत्याशी को अत्यधिक मतों के अंतर से विजय बनाने के कड़े दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर विशेष रूप से कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र आईटी प्रभारी अधिराज सूद, विजय जरयाल, मंडल जयसिंहपुर महामंत्री स्वरूप डोगरा, युवा अध्यक्ष शिवा कटोच, मोहित, आदर्श सूद, नितेश, अंशु राणा व अन्य लोग उपस्थित रहे।



### शराब बरामद

**पंचरुखी।** जिला के पुलिस थाना पंचरुखी के तहत सलियाना मे धर्म सिंह निवासी घुग्गर टांडा वार्ड नंबर-पांच से 6000 मिलिलीटर देसी शराब मार्का वीआरके संतरा बरामद की है। धर्म सिंह के खिलाफ इस संदर्भ में आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस थाना पंचरूखी में मामला दर्ज किया गया है।

### मारपीट करने पर पुलिस ने मामले किए दर्ज

**नगरोटा बगवां।** जिला के पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत पप्पी रजत वालिया, हिमाशु , कर्ण पटियाल व मिलन शर्मा ने अश्वनी कुमार व सुधीर कुमार निवासी रोंखर के साथ गाली-गलोज, मारपीट व जान से मारने की धमकी दी । इस संदर्भ में भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 506, 504, 34 के तहत पुलिस थाना नगरोटा बगवां में दर्ज किया गया है। वहीं, दूसरे मामले में जिला के पुलिस थाना शाहपुर के तहत शानु व सुर्या निवासी शाहपुर ने मंजीत निवासी सदूं का रास्ता रोककर लड़ाई-झगड़ा, मारपीट, गाली-गलौज की। इस संदर्भ में भारतीय दंड संहिता धारा 341, 323, 34 में पुलिस थाना शाहपुर में दर्ज किया गया है।

## हेल्थ इज वेल्थ

# नवजात शिशुओं की देखभाल जरूरी

**राजेश शर्मा, ऊना**

नवजात शिशुओं की उचित देखभाल कैसे की जानी चाहिए। इस विषय पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष शर्मा एमबीबीएस, डीसीएच, एमडी (पीडयाट्रिकस) गोल्ड मेडलिस्ट ने कहा कि नवजात शिशुओं में अस्पताल से प्राप्त संक्रमण वे संक्रमण होते हैं, जो नवजात शिशुओं को नर्सरी में भर्ती करने के बाद विकसित होते हैं। ऐसे संक्रमण बच्चे के गर्भ में होने और प्रसव के समय मां से नहीं आते हैं। ये संक्रमण बैक्टीरिया, वायरस या फफूंदी के कारण हो सकते हैं। अस्पताल की साफ-सफाई और प्रसव स्थल का माहौल भी काफी निर्भर करता है।

नवजात शिशुओं में संक्रमण के लक्षण अलग-अलग होते हैं, लेकिन इसमें हो सकता है उल्टी, बुखार और दाने होना शामिल हों। इसका निदान आमतौर पर एक शारीरिक जांच पर आधारित होता है। खुद की स्वच्छता और हाथ धोने जैसे विभिन्न उपायों से संक्रमण फैलने से रोका जा सकता है। बच्चों में कुछ संक्रमण मां के गर्भाशय (गर्भ में) में या प्रसव के दौरान होने के बजाय नवजात शिशुओं के लिए बने नर्सरी में प्रवेश करने के बाद हो जाते हैं। कभी-कभी यह स्पष्ट नहीं होता कि स्रोत मां है या अस्पताल का परिवेश। अस्पताल में प्राप्त होने वाले संक्रमण मुख्य रूप से उन नवजात शिशुओं के लिए समस्याएं हैं, जिन्हें लंबे समय तक खराब माहौल, यानि जहां स्वच्छता न हो ऐसे अस्पताल में रहना पड़ता है, उदाहरण के लिए, समय से पहले जन्में नवजात शिशु और पूरे समय में पैदा हुए नवजात शिशु, जिन्हें गंभीर मेडिकल विकार हैं। अस्पताल से हुए सबसे आम संक्रमणों में निमोनिया (फेफड़ों में संक्रमण) और रक्त संक्रमण (बैक्टीरिमिया) हैं, जो कैथेटर से हो जाते हैं, जिसे नवजात की फ्लूड या दवाएं देने के लिए किसी नस (जिसे आईवी भी कहा जाता है) में डाला जाता है। पूरे समय में पैदा हुए नवजात शिशुओं में, अस्पताल में होने वाला त्वचा का संक्रमण सबसे आम होता है, जो स्टेफ़ाइलोकोकस ऑरियस बैक्टीरिया के कारण होता है। कई बार, संक्रमण तब तक दिखाई नहीं देता है, जब तक कि नवजात बच्चे घर पर न हों। जन्म के समय बहुत कम वजन वाले शिशुओं में ज्यादातर अस्पताल में होने वाले संक्रमण का कारण भी स्टेफिलोकोकी होते हैं, लेकिन इसका कारण कुछ दूसरे बैक्टीरिया और फफूंदी भी होते हैं। पैदा होने के समय वजन जितना कम होता है, संक्रमण का खतरा उतना ही ज्यादा होता है। खास तौर पर ऐसे नवजात शिशुओं को लंबे समय के लिए वेंटिलेटर या आईवी पर रखना जरूरी होता है। नवजात शिशुओं को विशेष देखभाल नर्सरी या निओनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) में जितने ज्यादा समय तक रखा जाता है और जितनी ज्यादा प्रक्रियाएं की जाती हैं, संक्रमण की संभावना उतनी ही ज्यादा होती है। (अनंत ज्ञान)



### संक्रमण के लक्षण

संक्रमण के लक्षण नवजात शिशुओं में कुछ खास नहीं होते हैं। उदाहरण के लिए, नवजात शिशुओं को हो सकता है, उल्टी हो या दूध न पिएं, ज्यादा सोएं रहें या सुस्त रहते हों, बुखार या हल्का बुखार हो, जोर-जोर से सांस लें, लाल चकत्ते, दस्त या पेट में सूजन हो। जन्म लेने से पहले होने वाले कई संक्रमण के कारण या उसके साथ विभिन्न लक्षण या असामान्यताएं हो सकती हैं।

### नवजात शिशुओं में होने वाले संक्रमण का निदान

**निर्भर** करता है कि प्रसव किन परिस्थितियों में हुआ है। उसके पश्चात शिशु को किस माहौल में रखा गया है। शिशु में होने वाले संक्रमण का संदेह डॉक्टर की जांच के आधार पर किया जाता है। इसमें प्रयोगशाला परीक्षण, बैक्टीरिया कल्चर परीक्षण। इसके बाद हो सकता है डॉक्टर उसका रक्त, पेशाब और स्पाइनल फ्लूड के नमूनों का परीक्षण करें, ताकि पता लगाया जा सके कि संक्रमण कहां है और इसकी वजह कौन-सा जीव है।

# अस्थमा रोग का रामबाण उपचार है इलेक्ट्रो होम्योपैथी



**एमएम डैनियल, चंबा**

इलेक्ट्रो होम्योपैथी स्वास्थ्य उपचार पद्धति से बड़े से बड़े रोगों का इलाज संभव है, जिनमें एक रोग अस्थमा है, जो कि वायु प्रदूषण से लेकर रोजमर्रा खानपान से हर तीसरे व्यक्ति को जकड़ रहा है। इस बीमार के लक्षणों व उपचार को लेकर इलेक्ट्रो होम्यपैथी विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता डॉ. संजीव शर्मा ने 'अनंत ज्ञान' से एक विशेष भेंटवार्ता में दमा रोग और उसके उपचार दवाओं की जानकारी दी।


डॉ. संजीव शर्मा
इलेक्ट्रोहोम्योपैथी विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता

### क्या है दमा रोग

इलेक्ट्रो होम्योपैथी विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि सांस की नलियों में कोई रोग उत्पन होने के कारण किसी भी व्यक्ति को सांस लेने में समस्या होती है, उस स्थिति को दमा रोग कहते हैं। दमा के रोग से फेफड़ों में सांस की नलियों में सूजन आ जाती है, जिससे रोगी को सांस लेने में परेशानी होती है।

अक्सर ऐसे व्यक्ति की छाती में सिटी बजना और घरघराहट होना स्वभाविक है। इस नलिका अवरोध के कारण रोगी को खांसी हो जाती है। छाती में भारीपन और जकड़न महसूस होती है। होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति में इन रोगों का पूर्ण इलाज संभव है। इससे बचाव के लिए होम्योपैथिक में लक्षणों के आधार पर रोगी को रोग अवरोधक क्षमता विकसित करने वाली दवाइयां दी जाती हैं। इस दवा का इस्तेमाल सामान्तया तीव्र दमा रोगी के लिए किया जाता है।

**अस्थमा के लक्षण व संबंधी दवा का इस्तेमाल**

**1. कार्बो वेग**
इस दवा का इस्तेमाल जब रोगी का चेहरा मंद और लाल पड़ जाता है, हाथों और पैरों में शीतलता है पेट में दर्द जो सांस के लक्षणों के कारण हो सकता है। ये समस्या शाम के समय और बढ़ जाती है, उसके साथ गले में खुजली और खांसी है, आवाज में भारीपन आ जाता है और शाम होते होते ये बढ़ता ही जाता है। ऐसी परिस्थितियों इस दवा का उपयोग किया जाता है।

**2. हाउस डस्ट माइट**
इस दवा का इस्तेमाल ज्यादातर ऐसे रोगियों के लिए किया जाता है, जिनको घर और बहार या कहीं भी होने वाली धूल से एलर्जी होती है। इसलिए इस दवा को दमा के रोगी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है।

**3. इपिकक**
इस दवा का इस्तेमाल तब किया जाता है, जब दमा का रोगी दमा रोग के हमलों से बहुत परेशान है और जी मितला रहा है, उलटी हो रही हो और फिर भी आराम नहीं मिल रहा हो श्लेष्मा भार को कम न कर रहा हो तो इस दवा का प्रयोग किया जाता है। यह दवा बच्चों और वयस्कों के लिए ज्यादा प्रयोग में लाई जाती है।

**4. स्पोंजिया**
इस दवा का उपयोग आमतौर पर तब किया जाता है, जब दमा के रोगी को कफ होता नहीं है और खासी पीड़ादायक आती है। यह दमा ठंड लगने के कारण होता है, तब इस दवा का प्रयोग किया जाता है।

**5. एंटीम टर्ट**
इस दवा का उपयोग तब किया जाता है, जब दमा के रोगी को फेफड़ों में श्लेष्मा के जमा हो जाने के कारण घरड़-घरड़ की आवाज आती है और अक्सर जलन होती है। इसका उपयोग बच्चों और बुजर्गों के लिए जायदा फादेमंद है।

**6. नक्स वोमिका**
यह दवा दमा के मरीजों के लिए उस समय उपयोग में लाई जाती है, जब सूखी खासी आती हो, बहुत अधिक गुसा आता हो, सिर दर्द कर रहा हो, और छाती में जकड़न हो और पेट भरा और भारीपन महसूस होता हो, तब इस दवा का उपयोग करते है।


**7. लोबेलिया**
ये दवा उन दमा मरीजों के लिए उपयोगी है, जिनको सांस की घबराहट के साथ एक दम से दमा का दौरा पड़ता है। इसमें छाती में दबाव महसूस होता है और सूखी खांसी आती है।

**8. समबुकुस निग्रा**
यह दवा दमा रोग से पीड़ित लोगों के लिए बहुत उपयोगी है, जिसमे सांस की घरघराहट के साथ दम घुटने के लक्षण दिखाई देते हों ज्यादातर जब वह ठंडी हवा के संपर्क में आता है, तब जैसे आधी रात को, सोने से पहले, एसे रोगी के लिए यह दवा प्रयोग में लाई जाती है।

**9. पेकक्युआन्ह**
ये दवा उन दमा रोगियों के लिए फायदेमंद है जिनके अंदर बहुत जायदा मात्र में कफ जमा हुआ होता है।

**क्या है विशेषज्ञ की सलाह**
इलेक्ट्रो होम्योपैथी विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता डॉ. संजीव शर्मा का कहना है कि दवाइयां मरीज की शाररिक और मानसिक स्थिति के अनुसार दी जाती हैं और दमा तो एक भयानक रोग है। इसलिए उक्त दवाइयां इस्तेमाल से पूर्व किसी अच्छे चिकित्सक की सलाह अवश्य लें, अन्यथा मनर्जी से ली जाने वाली कोई दवा लाभ देने की अपेक्षा नुकसान पहुंचा सकती हैं।

# कृमि रोग और आयुर्वेद


डॉ.रामस्वरूप चांद
(बीएएमएस, डीएनएनवाई)



**सहस्त्रों** वर्ष पूर्व से ही प्राचीन ऋषि मुनियों को कृमज रोगों का पूर्ण ज्ञान था।तभी तो चरक संहिता ,सुश्रुत संहिता और अष्टांगहृदय में विभिन्न नामों से 20 प्रकार के कृमियों का वर्णन मिलता है। मुख्यतौर पर बाह्य और अभ्यांतर इन दो ही प्रकार में कृमियों को वर्णित किया है लेकिन स्थान, कारण और कर्म भेद से भी कृमियों का वर्गीकरण मिलता हैं। जिनका समावेश उक्त दो ही प्रकारों में हो जाता है।

इनकी चिकित्सा में अपकर्षण (अर्थात त्वचा, बाल या प्रभावित स्थान से खींच कर बाहर निकलना), प्रकृतिविघात(कृमियों के अनुकूल आहार-विहार का परित्याग)अर्थात मीठे, तिक्तभोजन का परित्याग, शरीर का अभ्यंग(मालिश)और सुगंधित साबुन का प्रयोग कर स्नान करना, अवांछित बालों का काटना, बाल, कक्षा, दांत, कान आदि को स्वच्छ रखना, लाभ देता है। पुरातन समय में जूं या लीख को मारने के लिए धतूरे के पत्तों के के रस में कपूर मिला कर कपड़े के टुकड़े पर लेप कर उस कपडे को रात भर शिर में बांध दिया जाता था। सुबह शिर धोने पर मरी हुई जुएं निकल जाती थी। इसी प्रकार पलास बीज, इंदर जौं, बायवडिंग, चिरायता और नीम के पत्ते समभाग लेकर धतूरे के पत्तों के स्वरस में मिला कर मालिश करने से त्वचा और बालों के कृमि नष्ट किए जाते रहें हैं।

इसके अतिरिक्त विडंग तैल, धुस्तुर तैल, राल का धुआं, निंब तैल के साथ अपराजित धूप और लाक्षादि धूप का प्रयोग लाभकारी होता है। आधुनिक चिकित्सा शास्त्र में पेरमाथिन का लिक्विड या साबुन के रूप में प्रयोग करवाया जाता है। अभ्यांत कृमियों में रक्तज, कफज और पुरीषज इन तीन प्रकार के कृमियों की गणना की जाती है। रक्तज में पूर्व वर्णित केशाद, लोमाद, लोमद्वीप, औदुंबर और तंतुमाता नाम के कृमि पाए जाते हैं। ये केश गिराने वाले, पीड़िका, विसर्प और कुष्ठ पैदा करने वाले जीव हैं। पुरीषज पांच प्रकार के और कफज कृमि सात प्रकार के वर्णित है लेकिन इन्हें आधुनिक चिकित्सा शास्त्र में वर्णित आंत्रिक कृमियों के अंतर्गत माना जा सकता है। यह चार प्रकार के होते हैं यथा अंकुशमुख कृमि, गंडुपद् कृमि, स्फीत कृमि और सूत्र कृमि। कृमियों से पीड़ित होने पर ज्वर, शरीर के रंग में पीलापन या फीकापन, उदर शूल, हृदय के रोग, अंगों में शिथिलिता, भ्रम(चक्कर आना), भोजन में अरुचि और अतिसार होता है। कृमिनाशक योगों में कृमिघ्न चूर्ण, पारसियादी चूर्ण, विडंगादि चूर्ण, भद्रमुस्तादि क्वाथ, कृममुद्गर रस, कृमिकुठार रस का प्रयोग लाभ देता है। अंकुश कृमियों की चिकित्सा में स्वर्णक्षीरी(भडभड़)के जड़ की छाल का कल्क तीन ग्राम और पांच दाने काली मिर्च का चूर्ण समान गुड़ मिला कर, दिन में ऐसी तीन मात्रा, तीन दिन दे कर चौथे दिन प्रातः इच्छाभेदिरस 250 मिली ग्राम शर्वत के साथ देने से कृमि विरेचन के साथ बाहर निकल जाते हैं। वहीं, पुराना गेहूं, जौं, चावल, मूंग, अरहर, परवल, करेला, बथुआ, जवायन, लहसुन, हींग, सरसों का तैल, कच्चा केला, निंबपत्र, हरीतकी, सिरका, गोमूत्र, कटु-तिक्त एवम कषाय रस वाले पदार्थ पथ्य हैं।

### बीमारियों के बह्यकृमिओं को ही माना जाता है कारण

**शरीर** के बाहरी मल अर्थात पसीना और आंतरिक अंगों की मलिनता के कारण उत्पन्न होने वाले कृमि बाह्य कृमि कहलाते हैं। सिर के बाल, दाड़ी मूंछ के बाल, रोम या रोमकूप, पलक या बरौनी के बाल, कांख के बाल और गंदे पहने गए कपड़े इन बाह्य कृमियों के निवास स्थल हैं। ये लगभग तिल के आकार और ज्यादा पैरों वाले होते हैं। इनके कारण खुजली, दाद गांठे और फुंसीआ निकलती हैं, इन्हें जूं(यूका), लीख(पिपीलिका) और घूं(सफेद जुएं)कहा जाता है। इसके अतिरिक्त शरीर की अन्य बीमारियों दंतपूय इंदरलुप्त के लिए भी बह्यकृमिओं को ही कारण माना जाता है।

# बदलते मौसम में वायरल से बचाव जरूरी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**सर्दियों** का मौसम समाप्ति के साथ गर्मियों का आगाज होते ही लोग फिर से वायरल की चपेट में आने लगे हैं। इसमें खासकर स्कूल जाने वाले बच्चे अधिक संक्रमित हो रहे हैं।

इससे बच्चों में बुखार, गला खराब, उल्टी दस्त की शिकायत आम बात हो जाती है। यदि छोटी-छोटी सावधानियां बढ़ती जाए तो इन बीमारियों से बचा जा सकता है। बच्चा स्वस्थ रहे इससे संबंधित परामर्श हेतु अनंत ज्ञान ने सेवानिवृत्ति चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एनके गुप्ता से बात की। डॉ. गुप्ता ने बताया कि यदि बदलते मौसम में कुछ सावधानियां बढ़ती जाए तो वायरल से बचा जा सकता है। कोरोना काल के बाद वायरस का स्पेल पहले से बढ़ गया है यानी दो या तीन दिन तक होने वाला वायरस अब पांच से छह दिन या सात दिन तक ठहरता है। ऐसे में रोगी को खांसी बुखार और गला खराब की शिकायत रहती है। बच्चों को तो उल्टी और दस्त भी हो जाते हैं। रोगियों की जीभ का टेस्ट भी गायब हो जाता है।


डॉ. एनके गुप्ता

**वायरल के लक्षण**
मौसम के सर्द गर्म होने से पर्यावरण में कीटाणु पैदा होने शुरू हो जाते हैं जो वायरल का कारण बनते हैं। आमतौर स्कूली बच्चे क्लास के संक्रमित बच्चे के संपर्क में जाते हैं। वायरल की जकड़ वे बच्चे अधिक आते हैं जो सुबह नहाने के तुरंत बाद स्कूल के लिए निकलते हैं। ऐसे में अधिक संक्रमण की संभावना रहती है।

**छोटी-छोटी गलतियां बच्चे को कर सकती हैं बीमार**

**बचाव के तरीके**
वायरल से बचाव का सबसे बेहतरीन तरीका गर्म पानी का सेवन है। इसके अलावा संक्रमित बच्चों को स्कूल न भेज कर घर में ही रखें। हो सके तो बच्चों को स्टीम दें। इसी तरह बच्चों को स्कूल भेजने से तुरंत पहले न नहलाये। इसे बीमार होने की संभावना अधिक रहती है। बेहतर यह होगा कि बच्चों को शाम के समय या सुबह जल्दी उठकर नहला दे। यदि इन उपायों पर भी आराम ना मिले तो तुरंत चिकित्सा की सेवाएं ले। (अनंत ज्ञान)

## लोकसभा चुनाव एक नजर

**56,38,422** कुल मतदाता हिमाचल में

**50,000** मतदान कर्मी देंगे सेवाएं

**7,990** मतदान केंद्र

**425** संवेदनशील केंद्र

**27,59,187** महिलाएं चुनाव में करेंगी मतदान

**28,79,200** पुरुष मतदाता देंगे अपना वोट



शिमला में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करती स्वीप टीम।

## चुनावी टकी

### चुनावी मौसम में बरसाती मेंढकों की हो गई भरमार



**बरसाती** मेंढक इन दिनों अचानक बाहर आ धमके हैं। इन मेंढकों ने मीटिंग भी कर ली है। ये उनको सबक सिखाएंगे, जो बिना बरसात के भाईचारे की परंपरा का अपमान कर रहे हैं। भाखड़े वाले रौनकी ताऊ एक टक लगाए इनकी हरकतों को देख-सुन रहे हैं। वे हैरान हैं अभी बरसात को तीन महीने हैं, लेकिन पहले ही मेंढक अचानक हल्ला करने लगे हैं। आवाज तो मेंढकों की है, लेकिन ये तो इंसान का रूप धारण किए हैं। कुछ जाने पहचाने लग रहे हैं, कुछ का चेहरा नया है। अब समझा, ये चुनावी मौसम वाले नकली मेंढक हैं, इनको चुनावी मौसम का एहसास हो गया है। अब इनको कौन समझाए! बरसाती मेंढकों ने भी बहुरूपिये बने नकली मेंढकों को सबक सिखाने की ठानी है। ताऊ को लग रहा है कि अबकी बार नकली मेंढकों की शामत आने वाली है, जब मौसम होता है तो बेचारे असली मेंढकों का गला फट जाता है, तो ये कहीं दूर-दूर तक नहीं दिखते! जब जरूरत ही नहीं होती तो वे नकाब पहनकर भाईचारे को बदनाम करने उतर आते हैं। अब सब समझ गए हैं, बरसाती मेंढकों को बदनाम करने वाले अब भी नहीं समझे तो मेंढक धरना-प्रदर्शन करने से पीछे नहीं रहेंगे। **-राजेश शर्मा**

### ...तां फेरी हुण याद आई मंडयाली



**नेता** हो या नेत्री बेला जब चुनावी हो तो फिर कई कुछ याद आना शुरू हो जाता है। अपनी स्थानीय बोली भी याद आने लगती है। खान-पान भी खूब भाने लगते हैं। कारण एक ही है वोटरों के बीच जो जाना है। उनका समर्थन कैसे मिल पाए चुनावी टोटके तो जुबान पर लाने ही पड़ेंगे। मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और बॉलीवुड नेत्री कंगना रनौत ने भी आज मंडयाली बोली के जरिए मतदाताओं को संदेश देने का प्रयास किया है कि वह मुंबई की नहीं आप ही की बेटी है, यहीं पर पली-पढ़ी हैं। केवल मंडयाली बोली में कुछ अल्फाज बोलकर उन्हें यह जताने का प्रयास करना था कि वह मंडयाली को अभी भूली नहीं हैं। वैसे कंगना हिमाचल में जितनी बार भी आईं होंगी, किसी भी सार्वजनिक मंच या फिर कार्यक्रम में उसने कभी भी मंडयाली बोली होगी। इस बार वह राजनीतिक 'पटका' ओढ़ कर आई हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर वह अपने अंदाज में कुछ नहीं बोलतीं, ऐसा कैसे हो सकता था। **-विक्रम ढटवालिया**

1996 के बाद कभी नहीं जीती कांग्रेस; तीन बार धूमल, चार बार अनुराग जीत चुके हमीरपुर

# अनुराग ठाकुर चुनावी मैदान में कांग्रेस तलाश रही है प्रत्याशी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर संसदीय सीट चारों लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा के लिए हमेशा ही सबसे ज्यादा सुकूनदायक रही है। यहां पर भाजपा का दबदबा पहले प्रो. प्रेम कुमार धूमल और उसके बाद उनके पुत्र केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के कारण कांग्रेस के लिए हरेक चुनाव में पहाड़ जैसी चुनौती के समान रहा है। 1996 के चुनाव में दिवंगत मेजर जनरल विक्रमजीत सिंह की जीत के बाद इस सीट पर कभी भी कांग्रेस नहीं जीत पाई।

अनुराग ठाकुर इस बार पांचवीं मर्तबा चुनावी दंगल में पार्टी ने उतारे हैं, लेकिन कांग्रेस के लिए इस सीट पर परिस्थितियों पुरानी परंपरा के मुताबिक ही इस बार भी दोहराने का सिलसिला अख्तियार कर चुकी हैं। प्रत्याशी के चयन को लेकर अभी भी कांग्रेस के पास इसका ऐलान करने का वक्त नहीं है। कारण यह है कि भाजपा इस सीट पर अनुराग के रूप में पिछले काफी समय से जोरदार तरीके से गतिविधियां बढ़ाए हुए हैं। इस बार तो फिलहाल चार सीटों पर उपचुनाव भी हो रहा है। उसमें भी अभी कांग्रेस आखिरी फैसला प्रत्याशियों के लिए नहीं ले पाई है।

हमीरपुर से भाजपा की सबसे मजबूत सीट शुरू से ही मानी जाती रही है। अब तक भाजपा 10 बार इस सीट को कब्जा चुकी है। तीन बार प्रेम कुमार धूमल और चार मर्तबा अनुराग ठाकुर। सांसद सुरेश चंदेल तीन बार एमपी रह चुके हैं। 1952 में आजाद प्रत्याशी के तौर पर अनंत चंद पहली मर्तबा हमीरपुर सीट से सांसद रहे थे। उसके बाद इस सीट पर लगातार दो मर्तबा दिवंगत नारायण चंद्र पराशर का भी 1980 के बाद दबदबा रहा। लेकिन 1989 में प्रेम कुमार धूमल के रूप में पहली मर्तबा भाजपा ने इस सीट को कब्जाया।

> **ऊना से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा का नाम कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में लगभग फाइनल**

हमीरपुर सीट प्रदेश में मौजूदा सरकार के नेताओं के लिए भी इसलिए प्रतिष्ठा का सवाल है, क्योंकि यहां से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और ऊना से उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की मौजूदगी है, लेकिन कांग्रेस के लिए असली समस्या सही प्रत्याशी के चयन की है।

ऊना से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा का नाम कांग्रेस ने प्रत्याशी के रूप में लगभग फाइनल कर लिया है, लेकिन ऐलान में देरी है। मेजर जनरल विक्रम सिंह को भी एक मर्तबा ऊना से होने और पूर्व सैनिक के प्रभाव की वजह से ही जीत भी हासिल हुई थी, लेकिन अगली बार वे हार गए थे। 1998 में सुरेश चंदेल इस सीट से दूसरी बार जीते। वह 2007 तक सांसद रहे, लेकिन उनकी सदस्यता रद्द होने की वजह से उपचुनाव हुआ और फिर प्रेम कुमार धूमल के रूप में एक बार फिर इस सीट पर भाजपा का दबदबा बन गया। (अनंत ज्ञान)



### अनुराग ठाकुर

**चौथी बार सांसद**
सूचना एवं प्रसारण व खेल युवा सेवाएं मंत्री

उम्र 49 वर्ष

**संसदीय कामकाज का ब्योरा**

| | |
|---|---|
| संसद में उपस्थिति | 150 दिन |
| संसद में अनुपस्थित | 20 दिन |
| प्रश्न पूछे | 215 |
| वाद-विवाद में हिस्सा | 65 |
| बिलों पर चर्चा | 19 |

### कांग्रेस प्रत्याशी के घोषित होते ही रोचक हो जाएगी जंग

**ऊना।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित होने की औपचारिकता मात्र शेष है। ऊना से पूर्व में विधायक रहे सतपाल सिंह रायजादा का नाम लगभग तय माना जा रहा है। ऐसे में ऊना ही नहीं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में भी लोकसभा चुनाव की रोचकता बढ़ गई है। इस नाम पर मुहर लगते ही कांग्रेस ऊना जिले में एक तीर से कई निशाने साधने का प्रयास करेगी। भाजपा के पूर्व में प्रदेश अध्यक्ष रहे सतपाल सिंह सत्ती को ऊना सदर से पराजित करके हिमाचल की सियासत में भूचाल लाने वाले सतपाल सिंह रायजादा को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया जाना तय है। इसकी पुष्टि कांग्रेस के एक आला पदाधिकारी ने कर दी है। ऐसा होता है तो वर्ष 2018 में जिस चेहरे ने मुख्यमंत्री पद के दावेदार एवं भाजपा के फायर ब्रांड नेता सतपाल सत्ती को पराजित करके हिमाचल प्रदेश की सियासत में तूफान खड़ा कर दिया था, उसे हल्के में लेना बेमानी होगा। ऊना जिले में उपमुख्यमंत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र के अलावा यहां दो विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव भी हो रहा है। राज्य सरकार का पूरा फोकस यहां रहने वाला है। इसके अलावा बिलासपुर से कांग्रेस के नए बने मंत्री की प्रतिष्ठा और पुराने नेता रामलाल ठाकुर, जो पहले संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे थे, उनके लिए भी यह चुनाव प्रतिष्ठा से कम नहीं होगा।

# भाजपा प्रत्याशी कंगना के घर पहुंचे जयराम ठाकुर



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर कंगना रनौत के घर पर चुनावों को लेकर चर्चा करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर रविवार सुबह मंडी संसदीय क्षेत्र के सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के भांबला स्थित भाजपा प्रत्याशी एवं बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के घर पहुंचे। यहां पहुंचने पर कंगना रनौत ने जयराम ठाकुर का जोरदार स्वागत किया।

जयराम ठाकुर ने कंगना को मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा का टिकट मिलने की बधाई व शुभकामनाएं दीं। यहां पर दोनों के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान की रूपरेखा को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान उनके साथ स्थानीय विधायक दलीप ठाकुर भी उपस्थित रहे। लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा सोमवार को मंडी जिला मुख्यालय स्थित भीमाकाली मंदिर परिसर में एक बैठक का आयोजन करने जा रही है।

## कंगना ने पीएम मोदी को बताया रामचंद्र का अवतार

**सरकाघाट।** मंडी संसदीय सीट से भाजपा की प्रत्याशी कंगना रनौत ने रविवार को अपने गृह विधानसभा क्षेत्र सरकाघाट के पौंटा, फतेहपुर, हरिबैहना, गोपालपुर और मौंही में अपने लिए समर्थन मांगा। इस दौरान उनके साथ स्थानीय भाजपा विधायक दलीप ठाकुर भी उपस्थित रहे। यहां प्रचार अभियान में उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए बहुत बड़ा सौभाग्य है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी ने मुझे लोकसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। आपका मेरे लिए एक-एक वोट उस प्रधानमंत्री के लिए आशीर्वाद होगा, जो आज विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है। सोचिए जो काम वर्षों और सदियों से रुके पड़े थे वे आज ईश्वर की कृपा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से पूरे हो रहे हैं। ये उनका चरित्र है, उनका सौभाग्य है। 500 वर्षों से हम अयोध्या में राम मंदिर बनने की राह देख रहे हैं, लेकिन जब नरेंद्र मोदी को देश की सत्ता मिलती है तो ये काम भी राम की कृपा से सरल हो गया, क्योंकि उनमें हम रामचंद्र भगवान का अंश देखते हैं। मोदी रामचंद्र का अवतार हैं और हम उनकी सेना हैं।

# शिमला लोकसभा आरक्षित सीट पर सोलन का रहा दबदबा

## दो दशक रहा कांग्रेस का कब्जा, 2009 से भाजपा काबिज

**आर मोहन चौहान, सोलन**

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शिमला लोकसभा की आरक्षित सीट से भाजपा ने निवर्तमान सांसद सुरेश कश्यप पर फिर से दांव खेला है, जबकि कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। इतिहास पर नजर डालें तो शिमला लोकसभा पर दशकों से सोलन जिले का दबदबा रहा है और विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवार विजयी होते रहे हैं।

शिमला संसदीय सीट कभी कांग्रेस का अभेद्य गढ़ रही है। सोलन जिले के कसौली विधानसभा क्षेत्र के निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी ने 1980 से 1998 तक शिमला लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 1980, 1984, 1989, 1991, 1996 और 1998 में लगातार छह लोकसभा चुनाव जीतने का रिकॉर्ड स्थापित किया।



कांग्रेस का यह गढ़ 2009 में टूट गया, जब सोलन के भाजपा उम्मीदवार वीरेंद्र कश्यप ने सीट जीत ली।

हालांकि रोचक बात यह भी है कि किसी भी महिला ने कभी भी इस सीट का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। अपने राजनीतिक कौशल के लिए जाने वाले सुल्तानपुरी ने लगभग दो दशकों तक शिमला निर्वाचन क्षेत्र में राजनीतिक क्षेत्र पर दबदबा बनाए रखा, जिससे किसी अन्य नेता को बहुत कम जगह मिली। उनके बेटे विनोद सुल्तानपुरी वर्तमान में कसौली से पहली बार विधायक हैं। (अनंत ज्ञान)

### 2014 में सुरेश कश्यप ने शिमला से जीता लोकसभा चुनाव

**सिरमौर** से ताल्लुक रखने वाले सुरेश कश्यप ने 2014 में शिमला से लोकसभा चुनाव जीता। इससे सोलन के प्रभुत्व का अंत हो गया, जब भाजपा ने सिरमौर के सुरेश कश्यप को शिमला से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतारा। भाजपा ने फिर से कश्यप पर भरोसा जताया है और इस बार भी उन्हें टिकट दिया है, जबकि कांग्रेस ने अभी तक अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है।

### 26.5 फीसदी एससी आबादी

**धनी** राम शांडिल, सुल्तानपुरी, वीरेंद्र कश्यप और सुरेश कश्यप सभी प्रमुख कोली जाति से हैं, जो उनकी बार-बार जीत का प्रमुख कारण माना जाता है। शांडिल, सुरेश कश्यप और वीरेंद्र कश्यप रिश्तेदार हैं और 2009 से शिमला लोकसभा सीट पर इसी परिवार का दबदबा है। शिमला लोकसभा क्षेत्र की 26.51 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय से है। सोलन में एससी समुदाय की आबादी 28.35 फीसदी है, जबकि सिरमौर में यह संख्या 30.34 फीसदी है। डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल, जो सोलन से ही संबंधित हैं ने 1999 में हिमाचल विकास कांग्रेस के टिकट पर शिमला संसदीय सीट से कांग्रेस उम्मीदवार गंगू राम मुसाफिर को हराया था, जो सिरमौर जिले के रहने वाले थे। शांडिल ने कांग्रेस का एकाधिकार तोड़ा और सीट जीती। बाद में वह कांग्रेस में शामिल हो गए और 2004 में पार्टी के टिकट पर दूसरी बार सीट जीती। हालांकि शांडिल 2009 में सोलन निवासी भाजपा के वीरेंद्र कश्यप से सीट हार गए, जो अब तक कांग्रेस के गढ़ में भाजपा की पहली जीत थी।

## युवा मतदाता



**पहली** बार मतदान करने का मौका मिल रहा है, इसको लेकर खुश हूं। ऐसे प्रत्याशी को वोट दूंगी जो मेहनती, ईमानदार और मृदुभाषी होने के साथ लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की बात करे। जो सभी वर्गों का समान विकास करवाए और लोगों को साथ लेकर चले ऐसे उम्मीदवार को ही वोट दूंगी। साथ ही उम्मीदवार शिक्षित व स्वच्छ छवि का हो।

**महिमा गौतम, कुल्लू**

## महिला मतदाता



**प्रदेश** की जनता में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार से महंगाई व बेरोजगारी की बढ़ती दर को लेकर रोष है। प्रदेश में सरकार को बने डेढ़ वर्ष हो चुका है, परंतु सरकार उद्घाटनों व शिलान्यासों में ही व्यस्त रही है। कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य ठप पड़े हैं। मौजूदा विधायक घोषणाओं के अतिरिक्त कुछ भी नहीं कर पा रहे हैं। इसका खामियाजा सरकार को प्रदेश में होने वाले उपचुनाव व लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। 15 महीनों के भीतर ही प्रदेश में उपचुनाव आ गए हैं, चुने हुए प्रतिनिधि जनमत को ही नकार गए। अब प्रदेश में चुनाव में होने वाला खर्च फिर जनता से ही वसूला जाएगा और जनता एक बार फिर महंगाई से जूझेगी। लोकसभा चुनावों में वोट उस पार्टी को दिया जाएगा, जो महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से लड़ने का रोडमेप देगी।

**वीना देवी, कांगड़ा।**

## पुरुष मतदाता



**देश** में अब चुनाव एक मजाक बन कर रहा गया है। आम जनता वोट दे भी तो किसे दे। आज के नेताओं में राजनीतिक आदर्श समाप्त हो चुके हैं। जनता नेताओं पर भरोसा कर उन्हें जीत दिलाती है, लेकिन नेता जनता की भावनाओं को दरकिनार कर पार्टी ही बदल लेते हैं। अब मतदाताओं का नेताओं से भरोसा उठने लगा है। महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है। पार्टियां धर्म और जाति की राजनीति पर उतर आई हैं, जिससे देश में भाईचारा समाप्त होने की कगार पर आ गया है। आम आदमी की आवाज को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। आम जनता को जागरूक होना होगा, देश की समस्याओं पर विचार करना होगा। मतदान एक ऐसा हथियार है, जिससे आम जनता दलबदलुओं, भ्रष्टाचारियों और जनता द्वारा चुनी सरकार को गिराने का प्रयास करने वालों को आईना दिखा सकती है। युवा देश की रीढ़ हैं और उन्हें चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए एक प्रतिभावान जनप्रतिनिधि को चुनने में आगे आना चाहिए।

**अजय पठानिया, जयसिंहपुर।**

# मंडी संसदीय सीटः इस बार राज परिवार या फिर स्टार परिवार

**ओपी शर्मा, भरमौर**

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा द्वारा मंडी संसदीय क्षेत्र से अभिनेत्री कंगना रनौत को टिकट देने के बाद यहां लोगों में उत्साह नजर नहीं आ रहा है। भरमौर में सांसदों की गैर हाजिरी को लेकर यहां पर चर्चाएं जोरों पर हैं, तो वहीं लोगों ने इस बार सांसदों के यहां न आने पर भी अपना वोट अपने-अपनी पार्टी को देने का मन बनाया है।

लोगों का कहना है कि सांसद चाहे बीजेपी का हो या फिर कांग्रेस का हो किसी भी सांसद ने यहां पर दोबारा मुड़कर लोगों का हाल जानना व उनके दुख-सुख में शरीक होना मुनासिब नहीं समझा है। वर्ष 2019 में तत्कालीन सांसद रामस्वरूप शर्मा ने भी दोबारा वापस मुड़कर भरमौर के लोगों का दुख-दर्द समझना मुनासिब नहीं समझा। उनकी आकस्मिक मृत्यु के बाद उपचुनाव में जीती सांसद प्रतिभा सिंह ने भी जीतने के बाद भरमौर में लोगों के सुख-दुख में शामिल होना सही नहीं समझा। एक तरफ जहां भाजपा जीत को लेकर आश्वस्त है, वहीं कांग्रेस की ओर से दमदार उम्मीदवार देने की बात जोरों से चल रही है। बहरहाल चुनाव कौन जीतता है, यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा, लेकिन भरमौर से दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशियों को लीड लेना टेढ़ी खीर साबित होगी। यहां पर वर्तमान विधायक डॉ. जनक राज व कांग्रेस पार्टी सरकार व संगठन की साख भी लोकसभा चुनाव के दौरान दाव पर होगी। (अनंत ज्ञान)

# प्रतिभा सिंह ने कंगना पर किया पलटवार

## कहा- अपने सुझाव अपने पास ही रखे कंगना, जनता की सेवा के लिए हर पल तैयार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत और मौजूदा सांसद प्रतिभा सिंह के बीच छिड़ी जुबानी जंग से सूबे में राजनीतिक पारा चढ़ गया है।

कंगना द्वारा उन्हें लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की नसीहत देने पर सांसद प्रतिभा सिंह ने जोरदार पलटवार किया है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कंगना को अपने सुझाव अपने पास ही रखने की सलाह दी है। प्रतिभा सिंह ने मंडी जिले के नाचन विधानसभा क्षेत्र के भौर में रविवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि उनके दिल में प्रदेश की जनता की सेवा करने का भाव है और वह हमेशा जनता की सेवा करना चाहती हैं। अगर ईश्वर और उनके शरीर ने साथ दिया तो वह जनता के बीच रहकर सेवा करती रहेंगी। कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें चुनाव लड़ने का जब भी आदेश दिया है तो उन्होंने मैदान में उतरने से कभी मना नहीं किया।



सांसद प्रतिभा सिंह, पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी और पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर।

प्रतिभा सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनावों के साथ प्रदेश में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उपचुनावों में भी जीत दर्ज की जाएगी।

**सूरत-ए-हाल** 2005 से अब तक भाजपा व कांग्रेस किसी भी सरकार ने नहीं ली इन कर्मियों की सुध

# 19 साल से लाहौल-स्पीति के 22 कर्मचारियों को वेतन का इंतजार

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

पिछले 19 साल से लाहौल-स्पीति के 22 कर्मचारियों को अपने वेतन और अन्य भत्तों का इंतजार है। जी, हां वर्ष 2005 से सीमावर्ती क्षेत्र केलांग, काजा व कल्पा में वर्ष 1964-65 से संचालित कल्याण विस्तार परियोजनाओं में विभिन्न पदों पर कार्यरत कुल 22 कर्मचारी हैं, जिन्हें पिछले 19 सालों से कोई वेतन नहीं दिया गया है। केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड व राज्य सरकार का सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग संयुक्त रूप से इस प्रोजेक्ट को चला रहा था।

इस परियोजना के तहत सभी कर्मचारियों को जिनमें लाहौल-स्पीति की महिला कर्मचारियों में मुख्य सेविका, बाल सेविका, अकाउंटेंट, क्राफ्ट टीचर और अन्य कर्मचारियों को केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड की तरफ से



**चुनावी मुद्दा**

67 प्रतिशत तथा राज्य सरकार की तरफ से 33 प्रतिशत अंशदान देने की व्यवस्था की गई थी। इसके बाद 2005 में केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड ने राज्यों में संचालित इन परियोजनाओं को बंद करने के आदेश जारी कर दिए।

केंद्र सरकार के निर्देशानुसार अन्य राज्यों में वर्ष 2006 में ही परियोजना कर्मचारियों को संबंधित विभागों में समायोजित कर दिया गया, लेकिन हिमाचल प्रदेश में केंद्र सरकार के निर्देश को लागू नहीं किया गया।

इनमें से कुछ कर्मचारी ऐसे भी थे, जो कि कुछ ही सालों में सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन बिना पूरी जांच के ही लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे इन कर्मचारियों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया। प्रोजेक्ट बंद होने से पहले से ही इन सभी कर्मचारियों को उनके हक के पैसे भी नहीं दिए गए और न ही इन कर्मचारियों को किसी अन्य विभाग में समायोजित किया गया। सभी कर्मचारियों ने बार-बार संबंधित विभागों में जाकर इन अधिकारियों से इस बारे में न्याय की मांग की, मगर उन्हें कभी किसी विभाग में तो कभी किसी अन्य विभाग के चक्कर लगवाए गए। इस दौरान इन कर्मचारियों ने समय-समय पर तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह से लेकर प्रेम कुमार धूमल तक सभी से मांग की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाया। आज इनमें से बहुत से कर्मचारी बुजुर्ग हो चुके हैं, लेकिन अब भी उम्मीद पाले हुए हैं कि शायद उन्हें उनका हक मिल जाए। इन लोगों का कहना है कि हर बार चुनाव के समय दोनों पार्टियों के प्रत्याशी सभी समस्याओं का समाधान करने के बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद सब भूल जाते हैं।

कल्याण विस्तार परियोजना के कर्मचारी लेखापाल चंपा छेरिंग काजा, मुख्य सेविका वीना केलांग, बाल सेविका आंगमों देवी काजा, बाल सेविका हरप्रिया किन्नौर, बाल सेविका देचेन पालमों केलांग, क्राफ्ट टीचर उरज्ञान डोलमा, बाल सेविका सरस्वती नेगी रिकांगपिओ व दाई डोलमा काजा सहित अन्य कर्मचारी पिछले 19 सालों से अपने हक के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन अभी तक कोई भी हल नहीं निकल पाया है। (अनंत ज्ञान)

> **वीरभद्र सिंह व प्रेम कुमार धूमल सहित सभी स्थानीय नेताओं के पास रखी मांग नहीं निकला कोई समाधान**

### चीन युद्ध के बाद प्रभावित इलाकों में शुरू किया गया था प्रोजेक्ट



**इस** परियोजना को पहली बार 1961 में भारत और चीन के युद्ध के बाद शुरू किया गया था। युद्ध प्रभावित सीमावर्ती क्षेत्रों में महिलाओं व शिशुओं के विकास के लिए 1964-65 में संचालित कल्याण विस्तार परियोजना में विभिन्न पदों पर कर्मचारियों की तैनाती की गई थी, जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। हिमाचल सरकार ने केंद्र सरकार के निर्देश की अनदेखी कर इन कर्मचारियों को उनके हाल पर छोड़ दिया, जिसका खामियाजा ये कर्मचारी आज तक भुगत रहे हैं।

# गायक सतीश ठाकुर के गानों पर नाचा खनियारा

## श्री इंद्रु नाग मेला कमेटी की ओर से आयोजित सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों ने जमाया खूब रंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

खनियारा श्री इंद्रु नाग मेला कमेटी की ओर से आयोजित सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों ने खूब रंग जमाया। मुख्यातिथि विपिन नैहरिया ने कलाकारों व मेला कमेटी सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि उनके लिए सौभाग्य की बात है कि मेला कमेटी ने उन्हें यहां आने का अवसर दिया है और इंद्रु नाग से प्रार्थना करते हैं कि यह मेला और भी बढ़े।

उन्होंने खनियारा के अमर बलिदानी वाटिका के लिए 51 हजार रुपए देने की भी घोषणा की और सांस्कृतिक संध्या के लिए भी धनराशि प्रदान की। इससे पहले मुख्यातिथि को मेला कमेटी के प्रधान कैप्टन ईश्वर ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशोत्तम चंद व महासचिव कमलेश चंद ने सम्मानित किया। सांस्कृतिक संध्या के स्टार गायक डॉ. सतीश ठाकुर ने एक के बाद एक गानों की लड़ियां प्रस्तुति कर पंडाल को खूब नचाया। इससे पहले लोक गायक राजेश हैप्पी ने इस गराएं दिया लंबरा गीत गाना शुरू किया तो युवाओं ने पहले ही सींटियां बजाना शुरू कर दी।

हैप्पी व अरुण ठाकुर के गानों पर तकरीबन पूरा पंडाल नाचा, दोनों कलाकारों ने खूब रंग जमाया। इसी क्रम को लोक गायक अनुरागिनी ठाकुर ने आगे बढ़ाया और युवाओं को खूब नचाया। एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति कलाकारों ने दी।


मेले के दौरान प्रस्तुतियां देते हुए लोक कलाकार।


सांस्कृतिक संध्या के दौरान गाना गाता हुआ एक कलाकार।

### धनी राम ने गाए मोहम्मद रफी के गाने

**भागसू** नाग से कमल नैहरिया मंच पर आए और अपने हालही में रिलीज हुए गानों को गीत माला में पिरोना शुरू किया तो लोगों ने नाचना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में पंडाल खूब नाचने लगा। खनियारा के स्थानीय कलाकार धनी राम ने मोहम्मद रफी के गाने को प्रस्तुत किया। धनी राम वह कलाकार हैं, जिनकी पहली विवाह एलबम निकली थी और पूरे कांगड़ा-चंबा में यह कैसेट खूब बिकी थी। धनी राम की प्रस्तुति पर उन्हें खूब तालियां बजी। सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम आगे बढ़ा तो लोक गायक सुधीर धीरू ने अपने गानों से युवाओं का खूब मनोरंजन किया।

### कलाकारों को किया सम्मानित

**जिला** चंबा पांगी से पहुंचे राकेश गुप्ता ने संध्या का आगाज किया। संध्या को आगे बढ़ाते हुए अरुण भट्ट ने अपनी एक के बाद एक बेहतरीन प्रस्तुति दी। राजेश कुमार ने गुजरी बनकर बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालिया बटौरी। इसके बाद मंच पर आए खनियारा के कलाकार विजय भारद्वाज ने यू-ट्यूब पर रिलीज किए अपने गाने धर्मशाला को गाकर खूब रंग जमाया। इस प्रस्तुति ने धमाल मचाया। इस दौरान कलाकारों को सम्मानित भी किया गया।

# चुनावी ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी मताधिकार से नहीं रहें वंचित: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत चुनाव ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों, होमगाड्र्स तथा पुलिस के जवानों, सैनिकों तथा चुनावी ड्यूटी में रहने वाले एचआरटीसी के कर्मचारियों को मतदान के लिए पोस्टल बैलेट, ईडीसी के माध्यम से मतदान की सुविधा का प्रावधान किया गया है, ताकि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहे।

इस के लिए संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालयों में सुविधा केंद्र भी बनाए जाएंगे। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि पुलिस प्रशासन, एचआरटीसी प्रबंधन, होमगार्ड के अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित चुनाव ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट तथा ईडीसी से मतदान सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से वोटर आईडी कार्ड से संबंधित आवश्यक जानकारियां हासिल की जा सकती हैं। उन्होने कहा कि टोल फ्री 1950 पर भी वोटर जानकारियां हासिल कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम भी आरंभ किया गया है इसके तहत विभिन्न स्तरों पर लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को पोलिंग बूथों पर पहुंचाने के लिए चुनाव विभाग के दिशा निर्देशानुसार आवश्यक प्रबंध किए गए हैं ।

## न्यूज ब्रीफ

### बैजनाथ में चुनाव प्रचार करेंगे डॉ. राजीव भारद्वाज

**बैजनाथ।** भारतीय जनता पार्टी के कांगड़ा-चंबा लोकसभा के प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज मंगलवार को बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे। राजीव भारद्वाज बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के अपने चुनावी अभियान की शुरुआत सुबह दस बजे शिव मंदिर बैजनाथ में पूजा-अर्चना करने से आरंभ करेंगे। इसके बाद वे पत्रकारों से रू-ब-रू भी होंगे। राजीव भारद्वाज मंगलवार को प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ पर बैठक कर आगामी चुनावी रणनीति पर भी चर्चा करेंगे। यह जानकारी बैजनाथ के पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी ने दी।

### यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम आठ अप्रैल से


**लंबागांव।** ब्राह्मण कल्याण परिषद जयसिंहपुर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आठ व नौ अप्रैल को परशुराम भवन सकोह में यज्ञोपवीत संस्कार करवाया जाएगा। ब्राह्मण कल्याण परिषद के अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि ब्राह्मण समुदाय के जो भी लोग अपने बच्चों को यज्ञोपवीत संस्कार धारण करवाना चाहते हैं वह 31 मार्च से पहले अपना पंजीकरण संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देशराज शर्मा (जयसिंहपुर) सचिव सतीश शर्मा (कुटाहण ) दौलत राम सदस्य (लाहट) देशराज शर्मा जोन अध्यक्ष (जैंद) मंगल व्यास संयुक्त सचिव (खैरा) प्रवेश शर्मा उपाध्यक्ष (थूरल) मदन लाल जोन अध्यक्ष (आलमपुर) रमेश शर्मा उपाध्यक्ष (धार छटोंत्रियां) प्रीतम कंठबाल उपाध्यक्ष (अपर लंबागांव) बिहारी लाल शुक्ला कोषाध्यक्ष (सकोह) कमलेश शर्मा आडिटर (गंदड़) के पास करवा दें।

### डाडासीबा में भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 को

**डाडासीबा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सोशल ऑर्गेनाइजेशन द्वारा डाडासीबा में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष रजिंद्र द्वारा की गई। बैठक के दौरान कार्यक्रम से संबंधित हर पहलू पर चर्चा की गई। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती डाडासीबा पेबल होटल में मनाई जाएगी। इस अवसर पर पूर्वप्रधान धर्मचंद, सेवानिवृत्त हेड मास्टर गुरदास राम, सेवानिवृत्त हेड मास्टर रतन चंद कौडल, मास्टर गुरवतन सिंह, रोशन लाल, मिलखी राम, मास्टर गिरधारी लाल, लाजपत राय, मास्टर यशवंत, जसविंद्र सिंह, अशोक कुमार, नरेश कुमार, भजन दास, नवजीत भाटिया, गुरमीत, पवन कुमार, सोहन लाल, गुरदेव सिंह, विजय पाल, जितेंद्र सिंह, होशियार सिंह, संजीव कुमार, अनिल कुमार, सुरेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, सुभाष व कमल सहित अन्य लोगों ने इस बैठक में भाग लिया।

### वंश वालिया ने दिखाया तलवारवाजी में दम

**गगल।** 25वीं सब जूनियर नेशनल तलवारवाजी आंध्र प्रदेश में चल रही प्रतियोगिता में डी पाटिल इंटरनेशनल स्कूल 53मील कांगड़ा के तीन छात्र वंश वालिया, अवनीत वसंदली ने भाग लिया। इसमें वंश वालिया ने आंध्र प्रदेश में चल रही 25वीं सब-जूनियर नेशनल तलवारबाजी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया। वंश वालिया कांगड़ा जिला के नाटेड़ शहर का रहने वाला है और आठवीं कक्षा का छात्र है और तलवारबाजी में उसने अच्छा प्रदर्शन करके स्कूल का नाम ऊंचा किया। जबकि बाकी खिलाड़ियों ने विभिन्न इवेंट में बढ़िया प्रदर्शन किया।


ज्वालामुखी। शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा के पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप ने मां ज्वालामुखी के दरबार में पहुंचकर विधिपूर्वक मां ज्वालामुखी की पूजा-अर्चना की और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने पुजारी वर्ग से मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी ली और मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का जायजा भी लिया। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों और विधानसभा के छह हलकों में हो रहे उपचुनाव में बीजेपी जीतेगी।

## आदर्श मॉडल स्कूल तियारा के छात्र छाए

**गगल।** आदर्श मॉडल पब्लिक स्कूल तियारा में आज बच्चों का परिणाम घोषित किया गया। इसमें सभी बच्चे अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुए है। इस अवसर पर स्कूल में बच्चों के लिए पुरस्कार समारोह रखा हुआ था। इसमें पुरुषोत्तम सिंह ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत दी। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक सुभाष धलोरिया ने उत्तीर्ण हुए बच्चों का स्वागत किया और उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापको ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## होशियार सिंह ने भाजपा ज्वाइन कर अपने समर्थकों को दिया धोखा: सुरेंद्र सिंह मनकोटिया

**गरली।** पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिह मनकोटिया ने कहा कि देहरा के निर्दलीय विधायक होशियार सिंह ने भाजपा ज्वाइन कर अपने तमाम समर्थको के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि देहरा के तमाम मतदाताओं ने होशियार सिंह पर भरोसा जताते हुए उन्हें लगातार दूसरी बार बतौर निर्दलीय विधायक चुना था, लेकिन उन्होंने केवल और केवल अपने फायदे को देखते हुए भाजपा ज्वाइन कर ली। सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने कहा कि होशियार सिंह निर्दलीय विधायक थे और निर्दलीय विधायक होने के नाते होशियार सिंह अपना समर्थन भाजपा को दे, समर्थन दे सकते थे लेकिन उनको इसमें इस्तीफा देने की किया जरूरत थी। उन्होंने कहा कि देहरा की जनता भी कोई इतनी भोली नहीं है। अब देहरा की आम भोली-भाली जनता को यह कहकर भटका रहे है कि प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हम विधायकों की बात नहीं सुन रहे है। जोकि होशियार सिंह सरासर झूठ बोल रहे है अब इस का जवाब अगमी होने बाले उपचुनावों में देहरा की जनता देने बाली है।



# पंजाबी और डोगरी विभाग ने आत्मकथा 'लेखे आवे भाग' पर करवाई राष्ट्रीय संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पंजाबी एवं डोगरी विभाग की ओर से पद्मश्री प्रो. हरमोहिंद्र सिंह बेदी की आत्मकथा 'लेखे आवे भाग' पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी करवाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने की । कार्यक्रम में पद्मश्री हरमोहिंद्र सिंह बेदी मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहे । इसके अतिरिक्त डॉ. गुरनाम कौर बेदी जो की कुलाधिपति की धर्मपत्नी हैं, वे विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के गुरु नानक अध्ययन केंद्र के अध्यक्ष प्रो. गुरपाल सिंह संधू एवं पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के हिंदी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. नीतू कौशल, पंजाबी कवि एवं चिंतक डॉ. दविंद्र सैफी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल रहे।

इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो सुमन शर्मा तथा डीन अकादमिक प्रो प्रदीप कुमार ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। इस कार्यक्रम की शुरुआत ज्योति प्रज्जवलन और मंगलाचरण के साथ हुई। इसके बाद डॉ. नरेश कुमार ने सभी अतिथियों विद्यार्थियों का स्वागत किया। इसके उपरांत दविंद्र सैफी ने डॉ. हरमोहिंद्र सिंह बेदी की आत्मकथा 'लेखे आवे भाग' के बारे में अपना खोज पत्र पढ़ा। अपने पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि आत्मकथा हरमोहिंद्र सिंह बेदी के अक्स अस्तित्व के बारे में बहुत कुछ बताती है । हरमोहिंद्र सिंह बेदी का जीवन हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। इस आत्म कथा के बारे में डॉक्टर गुरपाल सिंह संधु ने कहा कि आत्म कथा पंजाब और हिमाचल की भावनात्मक सांच की बात करती है साथ ही उन्होंने कहा के हरमोहिंद्र सिंह बेदी का जीवन सफर बहुत ही शानदार रहा है। इस कार्यक्रम में डॉ. गुरनाम कौर बेदी ने आत्मकथा के बारे में बोलते हुए कहा कि इस आत्म कथा में जो भी लिखा गया है बिलकुल सच है और मैं उसकी साक्षी हूं। इस आत्म कथा के बारे में डॉ. नीतू कौशल जी ने भी अपना शोध पत्र पढ़ा। अंत में केंद्रीय विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने सबके साथ अपने विचार साझा किए और इस अवसर पर उन्होंने पंजाबी एवं डोगरी विभाग के सहायक आचार्य एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नरेश कुमार से कहा कि आत्म कथा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए।


एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

### कार्यक्रम में 300 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**इस** कार्यक्रम में पंजाबी एवं डोगरी विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर खेमराज शर्मा, अधिष्ठाता भाषा स्कूल प्रो. रोशन लाल शर्मा और डॉ. हरजिंद्र सिंह का प्रमुख योगदान रहा। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिष्ठाता, शोधार्थी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 300 प्रतिभागी शामिल रहे ।

## मैक्लोडगंज में दलाईलामा 19 व 20 अप्रैल को देंगे प्रवचन

**धर्मशाला।** हिमाचल के धर्मशाला में तिब्बतियों के प्रमुख आध्यात्मिक गुरु दलाईलामा 19 से 20 अप्रैल तक तुशिता स्वर्ग के 100 देवताओं (गादेन ल्हाग्यामा) पर प्रवचन देंगे। मैक्लोडगंज रह रहे निर्वासित तिब्बती और बौद्ध अनुयायी तिब्बतियन न्यू ईयर लोसर उत्सव में पहली बार दलाई लामा के सार्वजनिक दर्शन कर आशीर्वाद ले सकेंगे। पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में 19 से 20 अप्रैल में होने वाली धर्मगुरु दलाईलामा की टीचिंग पर्यटन कारोबार के लिए संजीवनी साबित हो सकती है। दलाईलामा टीचिंग के लिए पर्यटन नगरी के होटलों में इस माह से ऑनलाइन एडवांस बुकिंग का दौर शुरू हो जाएगा। ऐसे में पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज देश-विदेशों से बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा के अनुयायी पर्यटन नगरी का रुख करेंगे।


गगल। संत निरंकारी सत्संग भवन घुरकड़ी में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें महात्मा किशोरी लाल ने अपने प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए कहा कि आज सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज यही फरमा रहे हैं कि ब्रह्म ज्ञान लेकर यदि कोई इसे प्रयोग न करें। इस अवसर पर सादसंगत ने सत्संग सुनकर ज्ञान की डुबकी लगाई।

# भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ-पपरोला के चुनाव संपन्न, प्रीतम भारती को चुना अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

युवा पीढ़ी में संस्कार एवं सेवा भावना का संचार करने और समाजसेवा कार्यों द्वारा विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने वाली भारत के श्रेष्ठतम सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद की बैजनाथ पपरोला शाखा का वार्षिक चुनाव एवं बैठक शुक्रवार को पपरोला में पर्यवेक्षक संजय सूद और प्रांत महासचिव डॉक्टर वीरेंद्र कौल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इसमें शाखा के सदस्यों ने भाग लिया। भारत विकास परिषद् बैजनाथ के महासचिव अनुज आचार्य के अनुसार दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्र गीत वंदे मातरम के गायन के उपरांत पूर्व कोषाध्यक्ष डॉक्टर देवेंद्र सूद ने गत वर्ष के आय व्यय का ब्यौरा बैठक में प्रस्तुत किया तो पूर्व शाखा अध्यक्ष प्रीतम भारती ने पिछले वर्ष शाखा द्वारा संचालित अनेकों गतिविधियों की जानकारी आमसभा के समक्ष रखी। इस दौरान खुशी सूद, राजीव एवं संजीव उपाध्याय, वीरेंद्र सूद और युद्धवीर राणा को बैज लगाकर शाखा का विधिवत् सदस्य बनाकर उनका स्वागत किया। वहीं, प्रांत मीडिया प्रभारी संजय सोनी ने बताया की शाखा के सदस्यों की संख्या अब 40 हो गई है और आगामी महीनों में और नए सदस्य संस्था के साथ जुड़ेंगे। शाखा के सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रीतम भारती को अध्यक्ष और अनुज आचार्य को सचिव का दायित्व सौंपा जबकि हरीश अरोड़ा को नए कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। भारत विकास परिषद् शाखा बैजनाथ पपरोला के सलाहकार एवं साहित्यकार शक्ति चंद राणा धन्यवाद ज्ञापित किया और अपनी नवीन गजल को प्रस्तुत किया। इस बैठक में डीआर ठाकुर, अनिल नंदा, डॉक्टर शिव गौतम, अनिल भारद्वाज, पवन कौंडल और दीक्षांत गुप्ता भी मौजूद रहे।

## ज्वालाजी में हथियारों पर रहेगा प्रतिबंध

**ज्वालामुखी।** श्री ज्वालाजी शक्तिपीठ में नौ से 18 अप्रैल तक चलने वाले चैत्र नवरात्र मेलों के दृष्टिगत ज्वालामुखी नगर परिषद् क्षेत्र में आठ से 19 अप्रैल तक सभी प्रकार के हथियार और विस्फोटक पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। एसडीएम ज्वालामुखी डॉ. संजीव शर्मा ने इस संदर्भ में निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि श्री ज्वालाजी शक्तिपीठ में यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए चैत्र नवरात्र मेलों के दौरान यह निर्णय लिया गया है। एसडीएम ने कहा कि चैत्र नवरात्र सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से बीते इसके लिए हर प्रकार की व्यवस्थाएं की गई हैं। अत: क्षेत्र के वासियों एवं आने वाले श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार के हथियार और असला बारूद को साथ न रखें। प्रशासन द्वारा इस प्रतिबंध का सख्ती से पालन किया जाएगा।

# विशेष आम बैठक में तैयार होगा बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का खाका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला में जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ की विशेष आम बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष सुनील मनोचा ने की।

इस बैठक में जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के कोषाध्यक्ष विशाल मिश्रा, पदाधिकारी सर्व चंद धीमान, आरसी कटोच, दिनेश महाजन, संदीप ढींगरा, गौरव चड्ढा, विक्रम चौधरी, निपुण गलोड़ा उपस्थित रहे। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष सुनील मनोचा को हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन संघ में उपाध्यक्ष बने की खुशी में जिला कार्यकारिणी की तरफ से सम्मानित किया गया। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के महासचिव विलास हंस ने बताया कि इस विशेष आम बैठक में निर्णय लिया गया कि वार्षिक आम बैठक अप्रैल महीने के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएगी। उस बैठक में पूरे वर्ष की जिला स्तर पर आयोजित होने वाली बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का खाका तैयार किया जाएगा। साथ में जिला स्तर पर हर एक वर्ग के खिलाड़ियों के लिए कोचिंग कैंप आयोजित किए जाएंगे। इस बैठक में निर्णय लिया गया इस वर्ष से जिला स्तर पर हर एक वर्ग की कैश प्राइज मनी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। संघ के महासचिव विलास हंस ने बताया कि यह पहली मर्तबा हुआ है कि जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ से हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन संघ में उपाध्यक्ष बना हो। हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष केके शर्मा ने जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ को आश्वासन दिया है कि धर्मशाला में इसी वर्ष राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। जो कि जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ लगातार खिलाड़ियों एवं बैडमिंटन खेल की गतिविधियां आयोजित करने में तत्पर निरंतर प्रयास कर रहा है।


आम बैठक के दौरान चर्चा करते हुए बैडमिंटन संघ के सदस्य।

## गुड न्यूज — परीक्षा परिणाम किया घोषित, मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

# जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा का रिजल्ट शानदार

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा का वार्षिक परिणाम घोषित कर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधक कमेटी की अध्यक्ष डॉक्टर नीना पाहवा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की व सीबीएसई पंचकूला के रीजनल ऑफिसर बीके यादव ने कार्यक्रम में शिरकत कर चार चांद लगाए।

श्री यादव ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों पर अपनी राय न थोपें और जिस विषय में उनकी लग्न एवं रुचि है वहीं विषय पढ़ाएं। यादव ने प्रधानाचार्य सुनील कांत चड्डा की पीठ थपथपाई। लगभग 5000 दर्शकों की उपस्थिति में प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट पेश करने के बाद रिजल्ट घोषित किया जो शत- प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य ने कहा कि अशअभिभावक हमारे लिए सर्वोपरि हैं और अपनी राय बेबाक दें, ताकि स्कूल और उपलब्धियां हासिल करता रहे। चेयरपर्सन डॉक्टर नीना पाहवा ने अभिभावकों को सलाह दी कि वे मोबाइल का खुद भी प्रयोग न करें और बच्चों को भी इससे दूर रखें। डॉक्टर पाहवा ने जंक फूड से परहेज की सलाह दी साथ में छात्रों को टिफिन जरूर भेजें। मैनेजमेंट सदस्य अजय वालिया, एमएस रियात, राम विनोद मेहता, सचिन चड्ढा एवं अनुपम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी कक्षाओं में टॉप करने वाले छात्रों को अनुपम शर्मा ने 1100 रुपए देकर सम्मानित किया। ऑलराउंडर रहे छात्रों को स्पेशल ब्लेजर स्कूल की तरफ से दिए गए, ताकि उनकी एक अलग पहचान बनी रहे। इस अवसर पर 90 फीसदी से ज्यादा अंक हासिल करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। साल भर में बेहतर कार्यों के लिए सैटर्न हाउस को सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)



कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्रों को सम्मानित करने का दौर।

# आपदा प्रबंधन को लेकर कांगड़ा जिले में चार अप्रैल को होगी मॉक ड्रिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला में आपदा प्रबंधन को लेकर मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए एडीएम डॉ. हरीश गज्जू ने बताया कि इस बाबत सभी उपमंडलाधिकारियों, शिक्षा उपनिदेशक उच्च शिक्षा तथा प्रारंभिक शिक्षा को मॉक ड्रिल के आयोजन को लेकर दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

एडीएम ने बताया कि कांगड़ा जिला में चार अप्रैल 1905 को भूकंप के कारण 20 हजार लोगों ने जान गंवाई थी जबकि एक लाख से भी ज्यादा भवन क्षतिग्रस्त हुए थे इस तरह की आपदा की स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन पर विशेष बल दिया जा रहा है ताकि आपदा की स्थिति में नुक्सान को कम किया जा सके। एडीएम डॉ. हरीश गज्जू ने बताया कि जिला स्तर तथा उपमंडल स्तर पर आपदा प्लान तैयार किए गए हैं इसके साथ ही स्कूलों, अस्पतालों में भी आपदा प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी स्तर पर नुक्सान को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि इसी आपदा प्रबंधन प्लान को परखने के लिए नियमित तौर पर मॉकड्रिल का आयोजन किया जाता है ताकि आपदा के दौरान आपदा प्रबंधन प्लान के हिसाब से कार्य किया जा सके और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किसी तरीके से आपदा की स्थिति से निपटना है उसका भी अभ्यास हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### जसवाल भट्टी ने बाबा को भेंट की हुंडई कार



बाबा के भक्त हुंडई कार की चाबी मंदिर अधिकारी को सौंपते हुए।

**बिझड़ी।** आजकल बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में चैत्र माह के मेले लगे हुए हैं। देश-विदेश से आने वाले भक्तों का गुफा में पहुंचना लगातार जारी है। बाबा के एक भक्त, जो कि मूल रूप से इंग्लैंड में रहते हैं और हर वर्ष चैत्र माह के महीने में गुफा दर्शन कर बाबा जी का आशीर्वाद लेने दियोटसिद्ध पहुंचते हैं। रविवार को एनआरआई जसपाल भट्टी ने हुंडई कार भेंट कर उसके कागजात और चाबी मंदिर अधिकारी धर्मपाल नेगी को सौंप दी। मंदिर अधिकारी नेगी ने बताया कि जसवाल भट्टी हर साल परिवार सहित गुफा दर्शनों के लिए आते हैं और बाबा जी का आशीर्वाद लेते हैं। इस बार उन्होंने बाबा के चरणों में एक हुंडई कार भेंट करके चाबी मंदिर प्रशासन को सौंप दी है। उन्होंने दानी सज्जन को बाबा जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।

### कोडरा के उपप्रधान संदीप भी कांग्रेस टिकट की दौड़ में



**बिझड़ी।** पूर्व सैनिक एवं वर्तमान में कोडरा ग्राम पंचायत के उपप्रधान संदीप सिंह उर्फ निक्कू बड़सर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के सशक्त उम्मीदवार हो सकते हैं तथा टिकट की दौड़ में भी शामिल हैं। उनका कहना है अगर कांग्रेस पार्टी मुझे बड़सर विधानसभा से प्रत्याशी घोषित करती है, तो जिम्मेदारी उठाने के लिए पूरी तरह तैयार हूं। उन्होंने कोडरा खेल ग्राउंड को बनाने के लिए लाखों रुपए अपने जेब से खर्च किए हैं, जो कि काबिले तारीफ है। संदीप सिंह ऐसे समाजसेवी हैं, जो 24 घंटे गरीब असहायों की सेवा में लगे रहते हैं। कांग्रेस पार्टी अगर उन्हें टिकट देती है, तो पूर्व सैनिकों का उन्हें भरपूर समर्थन मिलेगा। कहीं न कहीं मुकाबला दिलचस्प हो सकता है।विधानसभा की सीट कांग्रेस की झोली में जा सकती है।

### भूमि विवाद के चलते बंद पड़ी सड़क को खुलवाया



**हमीरपुर।** जिला परिषद उपाध्यक्ष नरेश कुमार दर्जी ने रविवार को मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत चौड़ू गांव के चोआ चुकराला में वर्ष 2001 से दो परिवारों में भूमि विवाद के चलते सड़क बंद पड़ी थी। गांव के कुछ लोगों ने नरेश दर्जी को इस बारे में लिखित में शिकायत दी थी। ऐसे में नरेश कुमार दर्जी ने जिला परिषद सदस्य आशीष कुमार, प्रधान इंदूबाला व अन्य के साथ भूमि विवाद वाले परिवारों को मौके पर बुलाकर समझाया। तब जाकर लिखित रूप में लिखकर लिया गया कि भविष्य में दोबारा सड़क को बंद नहीं किया जाएगा।
मौके पर जेसीबी मशीन लगाकर गांववासियों के साथ सड़क को खुलवाकर चालू किया गया और लोक निर्माण विभाग को उक्त सड़क मार्ग को जल्द से जल्द पक्का करने को कहा गया। सड़क मार्ग के खुलने से 100 हरिजन परिवारों को इसका लाभ मिलेगा।

### चिट्टा रखने पर 2 साल का कठोर कारावास

**हमीरपुर।** एलडी विशेष न्यायाधीश हमीरपुर विकास भारद्वाज की अदालत ने जिला हमीरपुर के भोटा के वार्ड-7 के आरोपी शिव कुमार पुत्र स्वर्गीय अशोक कुमार को 5.261 ग्राम हेरोइन/चिट्टा रखने के आरोप में 2 साल के कठोर कारावास और 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर 3 महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास काटना होगा।

### ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत चार की जेल

**हमीरपुर।** अदालत ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट की धारा 27 (बी)के तहत अपराध के लिए हमीरपुर जिला के नारा के कुरियाह गांव के मदन लाल पुत्र खजाना राम को दोषी ठहराते हुए चार साल के कठोर कारावास और एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न देने पर उसे 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### स्टूडेंट्स ने की धार्मिक स्थलों की ट्रैकिंग



**हमीरपुर।** हमीरपुर कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षु स्टूडेंट्स का दल शिकारी देवी व कामरुनाग मंदिर के लिए रवाना हुआ। स्टूडेंट्स सबसे पहले बर्फ से यात्रा करते हुए शिकारी देवी मंदिर पहुंचे, वहां पर दर्शन करके अगले दिन ट्रैकिंग करते हुए कामरुनाग मंदिर पहुंचे। प्रशिक्षुओं ने दोनों ही धार्मिक स्थलों पर ट्रैकिंग का आनंद उठाया और वहां की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षुओं ने कॉलेज प्रबंधक कर्नल जयचंद, प्राचार्य डॉ. शिवाली राणा और समस्त स्टाफ का समय-समय पर शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन करने के लिए प्रशंसा की।

# शहर के खतरनाक पेड़ों को कौन कटवाएगा?


## वन विभाग और प्रशासन की क्या है लाचारी, बरगद का पेड़ गिरने से बड़ी अनहोनी टली

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

किसी भी समय गिरने की कगार पर खड़े शहर के तकरीबन दो दर्जन पेड़ों को आखिर कौन कटवाएगा? जिला प्रशासन और वन विभाग इनके लिए क्यों मूकदर्शक बनकर लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। प्रशासन ने यदि समय रहते अब भी कोई कदम नहीं उठाया, तो फिर कभी भी अनहोनी हो सकती है।

ऐसा नहीं है कि इन पेड़ों को लेकर प्रशासन के पास लोगों की शिकायतें नहीं हैं? वे कई बार इन्हें कटवाने की फरियाद कर चुके हैं, लेकिन ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे, यही सबसे बड़ी त्रासदी है। शनिवार शाम को डीसी ऑफिस की पार्किंग के पास पुराना बरगद का पेड़ अपने आप धराशायी हो गया। इससे लोगों में अब और चिंता बढ गई है। गनीमत ही रही कि कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई। (अनंत ज्ञान)





पीडब्ल्यूडी की कॉलोनी पर भी मंडरा रहा खतरा, देवपाल चौक के पास सूखा सफेदे का व जल शक्ति विभाग के कार्यालय के पास खतरनाक सफेदे का पेड़।

### कहां-कहां खतरनाक पेड़

प्रेस रूम के पास पुराना आम का पेड़ और इसके तने बड़ी दुर्घटना को बुलवा दे रहे हैं। इसे कटवाने की भी लंबे समय से चर्चा तो हुई है, लेकिन अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका है। यही हालत जल शक्ति विभाग भवन के पास सफेदे के पेड़ की है। यह बेहद खतरनाक पेड़ भी यदि गिरा तो फिर करोड़ों का नुकसान तो करेगा ही, जानी नुकसान भी होने से कोई नहीं रोक पाएगा। देवपाल चौक से पेट्रोल पंप तक भी दो बड़े-बड़े पेड़ खतरा बने हुए हैं। वार्ड पार्षद विनय कुमार का कहना है कि काफी समय से ये पेड़ खतरा बने हुए हैं। इन्हें प्रशासन को तत्काल कटवा देना चाहिए और उनकी जगह छोटे ब्यूटीफिकेशन वाले पेड़ लगाने चाहिए, जो शहर को हरा-भरा भी बनाए रखें। सफेदे के जितने भी पेड़ हैं, उन्हें कटवा ही देना चाहिए।

### कई और पेड़ लोगों की परेशानी का बने हैं सबब

**पक्का** भरो के पास भी कई पेड़ खतरा बने हैं। यही स्थिति हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की है। इस इलाके में भी बारिश और हवा के समय खतरा बना रहता है। स्थानीय निवासी रणदेव शर्मा ने शिकायत की थी कि जो पेड़ अब खतरा बन चुके हैं, उन्हें तत्काल कटवाया जाए, ताकि मकान इनकी जद में न आएं। मुख्य सड़क मार्ग के आसपास भी कई जगह बड़े-बड़े पेड़ चुनौती बने हुए हैं। कुछ तो अरसा पहले काट दिए गए थे, लेकिन अभी भी कई खड़े हैं।

## बारिश-तूफान से किसानों-बागवानों को नुकसान



आंधी से मकान पर गिरा पेड़ जिससे रास्ता बंद हो गया।

**शशि सोनल, नादौन**

नादौन क्षेत्र में बारिश के साथ आई आंधी से काफी नुकसान हुआ है। कई जगह पेड़ लोगों के घरों व रास्तों में गिर गए हैं। कच्चे मकानों की छतें भी उड़ गई हैं। बड़ोली भगोर के सुरेश कुमार के मकान पर सफेदे का पेड़ गिरा है। नादौन के नगारड़ा में एक पेड़ टूटकर रास्ते में गिर गया, जिसे आसपास के लोगों ने उठाया।

आंधी से गेहूं की फसल नष्ट हो गई है, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। बागवानों के फलदार पौधों में आया फूल तेज हवा से झड़ गया है, जिससे बागवान निराश हो गए हैं। अध्यक्ष आशुतोष सिंह व बागवान रमेश शर्मा का कहना है कि गेहूं की फसल तैयारी पर थी, लेकिन शनिवार व शुक्रवार को बारिश के साथ आए तूफान से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि किसानों व बागवानों को हुए नुकसान की भरपाई की जाए। (अनंत ज्ञान)

### फसल बर्बाद, भवन धराशायी

**बिझड़ी।** दो दिनों से हो रही बेमौसमी बारिश, तूफान और ओले पड़ने से गेहूं की फसल पूरी तरह तबाह हो गई है, जिसके कारण किसानों के चेहरे मुरझा गए हैं।



किसानों का कहना है कि फसल की बिजाई पर भारी-भरकम खर्च होता है। अब फसल पूरी तरह तैयार हो चुकी थी, लेकिन बारिश और तूफान ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। किसानों ने प्रदेश सरकार से मुआवजे की मांग की है, ताकि परिवार का पालन-पोषण सही तरीके से हो सके। कई स्थानों पर लोगों के घर और पॉलीहाउस धराशायी हो गए हैं। ओले पड़ने और तूफान के चलते किसानों की 90 प्रतिशत गेहूं की फसल बर्बाद हो गई है। अभी फसल तैयार होने को एक मास का समय शेष है, लेकिन पकने से पहले ही फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है।

## सड़क में पानी, राहगीरों को परेशानी

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

नादौन कस्बा बड़ा के बाजार की सड़क में स्थानीय स्कूल के गेट के सामने बारिश के पानी के खड़ा हो जाने से यहां पैदल चलने वाले राहगीरों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। सड़क पर पानी के खड़ा होने का मुख्य कारण लगभग तीन वर्ष पहले डाले गए पेवर ब्लॉक का बैठ जाना है। वर्तमान समय में आलम यह है कि जब भी थोड़ी-सी बारिश होती है तो यहां सड़क पर पानी इतना ज्यादा इकट्ठा हो जाता है कि वह तालाब का रूप धारण कर लेता है, जिससे राहगीरों और स्कूली बच्चों को परेशानी होती है।

**लोक निर्माण विभाग को बताने के बावजूद भी नहीं हुआ समस्या का समाधान**

इस समस्या के बारे में कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया गया और इस समस्या का विभाग से स्थायी हल करने का भी आग्रह किया गया, लेकिन आज दिन तक लोक निर्माण विभाग इस समस्या का स्थायी हल नहीं कर पाया है। स्थानीय लोगों और स्कूल के बच्चों के अभिभावकों ने लोक निर्माण विभाग के प्रति काफी रोष व्यक्त किया। लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू एवं लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारियों से इस समस्या का स्थायी हल करने की मांग की है ताकि लोगों को आने-जाने में कोई परेशानी न हो। इस बारे में जब लोक निर्माण विभाग के नादौन कार्यालय स्थित एसडीओ पंकज कौशल से बात करने की कोशिश की जाती है, तो उनसे संपर्क नहीं हो पाता है। (अनंत ज्ञान)



स्कूल गेट के सामने सड़क पर बारिश का खड़ा पानी।

### कंगना रणौत से मिला प्रदेश एससी भाजपा मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल

**भरेड़ी।** हिमाचल प्रदेश अनूसचित जाति मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मंडी संसदीय क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत से उनके निवास स्थान भांबला में मिला। इस दौरान प्रदेश अनूसूचित जाति मोर्चा के सचिव एवं संगठनात्मक जिला सुंदरनगर के प्रभारी दिनेश भाटिया व भोरंज मंडल के अध्यक्ष भागीरथ ने कंगना को हिमाचली टोपी व शॉल पहना कर सम्मानित किया। दिनेश भाटिया ने मंडी संसदीय क्षेत्र के 17 विधानसभा क्षेत्रों के अनुसूचित जाति वर्ग के वोटरों की स्थिति से अवगत करवाया तथा संसदीय क्षेत्र में शुरू किए गए बस्ती अभियान की जानकारी दी। उन्होंने रणौत को कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र में भाजपा की रिकार्ड मतों से विजय प्राप्त होगी। इस दौरान कंगना ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान सभी वर्गों व कार्यकर्ताओं का सहयोग लेकर मंडी संसदीय क्षेत्र का चुनाव जीता जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, जगत प्रकाश नड्डा, जयराम ठाकुर, भाजपा के शीर्ष नेताओं और कार्यकर्ताओं के मार्ग दर्शन से मंडी संसदीय क्षेत्र में विधानसभा क्षेत्रों में वोट मांग कर जीत सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र के समस्त विधानसभा क्षेत्रों की भाजपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठों की इकाईयों का सहयोग व समर्थन लिया जाएगा।



कंगना रणौत को सम्मानित करने के बाद दिनेश भाटिया व भागीरथ।

## बढ़ने लगीं चुनावी सरगर्मियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

उपचुनाव में हिमाचल की सबसे हॉट सीट सुजानपुर में कांग्रेस की चुनावी गतिविधियां भी अब धीरे-धीरे शुरू होने लगी हैं। कांग्रेस की चिंतन शिविर बैठक दो अप्रैल को तय की गई है। इस क्षेत्र में राजेंद्र राणा की वजह से कांग्रेस को चुनावी लड़ाई जीरो से शुरू करनी पड़ रही है, क्योंकि जमीनी हकीकत पिछले लंबे समय से राणा के इर्द-गिर्द ही घूमती रही है। अब वे भाजपा के प्रत्याशी के तौर पर इस बार चुनावी दंगल में उतर चुके हैं।

**सुजानपुर में कांग्रेस की चिंतन बैठक कल**

**उम्मीदवारी के लिए कांग्रेसियों को चाहिए 'नया करंट'**

कांग्रेस की यहां चिंतन बैठक मंगलवार को 11 बजे रखी गई है, जिसमें प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष और भोरंज के विधायक सुरेश कुमार भी मौजूद रहेंगे।

सुजानपुर में कांग्रेस की पायदान में हुए उलट-फेर के कारण अब संगठन की बागडोर बतौर कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा के हवाले की गई है, इसीलिए सुजानपुर में कांग्रेस का संगठनात्मक नया ढांचा भी तो तैयार होना है। इसीलिए यह बैठक महत्वपूर्ण बताई जा रही है। मतलब साफ है कि इस बैठक में टिकटों को लेकर चर्चा होगी। अभी तक पिछले एक सप्ताह से जो गतिविधि सुजानपुर में है वह केवल उम्मीदवारी को लेकर हो रही है। एक अनार सौ बीमार जैसी हालत यहां पर दिखने लगी है। फिलहाल जो लोग यहां पर प्रत्याशी की लालसा पाले हुए हैं, वे अपने-अपने स्तर पर कितने लोगों को इस बैठक में पहुंचा पाएंगे, इस पर भी नजर रहेंगी। बड़सर और सुजानपुर में कांग्रेस की दिक्कत यह है कि वहां पर जिताऊ उम्मीदवार कौन हो सकता है? इस पर अभी निर्णायक माथापच्ची शुरू नहीं हुई है। केवल चर्चाएं हो रही हैं और हर कोई अपनी अपनी दावेदारी ठोंकने में मशक्कत कर रहा है, प्रमुख कार्यकर्ता फिलहाल घरों में दुबके हुए हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू के हमीरपुर दौरे को लेकर भी अब वर्कर टकटकी लगाए हुए हैं। कारण यह है कि उनके आने के बाद ही जिले में चुनावी माहौल का बिगुल बजेगा। उम्मीदवारी को लेकर भी जारी ऊहापोह भी उन्हें के दौरे के बाद क्लियर हो पाएगी।

### भाजपा की हमीरपुर में रैली अब आठ को

**उधर** भाजपा की हमीरपुर में होने वाली रैली छह अप्रैल की बजाय अब आठ अप्रैल को आयोजित होगी। दरअसल में भाजपा भी कांग्रेस की हर गतिविधि को ध्यान में रखकर ही आगे बढ़ रही है। इस रैली में न केवल लोकसभा चुनाव का, बल्कि सुजानपुर और बड़सर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनावों का भी विधिवत बिगुल फूंका जाएगा। इसमें अनुराग ठाकुर के अलावा प्रदेश के कई बड़े नेता शिरकत करेंगे। हालांकि इस कार्यक्रम का विधिवत तौर पर ऐलान तो नहीं किया गया है, लेकिन पार्टी सूत्रों के मुताबिक इसकी तैयारी चल रही है।

### बड़ू में तीन युवकों से 45.90 ग्राम चरस बरामद

**हमीरपुर।** पुलिस थाना हमीरपुर में तहत आने वाले बड़ू क्षेत्र में पुलिस ने तीन युवकों से चरस बरामद की। तीनों युवक यहां किराए के कमरे में रहते हैं। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने किराए के कमरे में दबिश देकर 45.90 ग्राम चरस बरामद की। तीनों के खिलाफमामला दर्ज करके आगामी छानबीन की जा रही है।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा ने चुनावों को लेकर किया मंथन



सुजानपुर इकाई की बैठक के बाद उपस्थित अभिषेक राणा व अन्य।

**सुजानपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की सुजानपुर इकाई द्वारा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सुजानपुर से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा के बेटे अभिषेक राणा मौजूद रहे। उन्होंने इस बैठक में आगामी चुनावों को लेकर रूपरेखा बनाई और लोकसभा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर तथा विधानसभा प्रत्याशी राजेंद्र राणा को विजय बनाने बारे विशेष रूप से चर्चा की। अभिषेक ने बताया कि आगामी चुनाव के लिए भाजयुमो पूरी तरह तैयार है। बैठक में केंद्र सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।

## मान-सम्मान व स्वाभिमान को लेकर कभी समझौता नहीं किया : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राणा ने वार्ड नंबर 6 में एक समारोह के दौरान कहा कि उन्होंने राजनीति की एबीसी से लेकर ग्रेजुएशन भाजपा में की है, लेकिन बदलती परिस्थितियों व समीकरण के चलते कुछ हालात बदले। फिर भी उन्होंने मान-सम्मान व स्वाभिमान को लेकर कभी भी किसी से समझौता नहीं किया। उन्होंने हमेशा सुजानपुर के हित को लेकर अपनी बात को जोरदार ढंग से उठाया है । उन्होंने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू घोषित मुख्यमंत्री नहीं थे। वह एमएलए पद पर जीते थे, हम लोगों ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया था, लेकिन उन्होंने हमें ही जलील करना शुरू कर दिया।
उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति बड़े ओहदे पर होता है तो उसका दिल भी बड़ा होना चाहिए। राजेंद्र राणा ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की सरकार मित्रों की सरकार बनकर रह गई है। मुख्यमंत्री अपने जिला के तीन विधायकों को नहीं संभाल पाए।

इससे पहले सुजानपुर भाजपा मंडल के अध्यक्ष विक्रम राणा ने राजेंद्र राणा के पक्ष में कहा कि राणा की घर वापसी हुई है तथा राणा ने हमेशा मान स्वाभिमान की लड़ाई लड़ी है। हम सभी पार्टी कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर सांसद के चुनाव को लेकर अनुराग ठाकुर तथा विधायक के उपचुनाव को लेकर राजेंद्र राणा का एकजुटता से कार्य करेंगे। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर, बीडीसी अध्यक्ष अंजना ठाकुर, जगन कटोच, शहरी इकाई अध्यक्ष सुमन महाजन, राजेश गुप्ता सुमन आदि मौजूद रहे।



सुजानपुर के वार्ड नंबर छह में एक चुनावी सभा के दौरान राजेंद्र राणा व अन्य।

**चुनावी मिलन** जयराम बोले- धूमल हम सभी के नेता, उन्हीं के मार्गदर्शन में आगे बढ़ रहे

## जयराम के साथ धूमल के पास पहुंचे आशीष, होशियार व भुट्टो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, समीरपुर ( हमीरपुर )**

रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के घर खूब राजनीतिक चहलकदमी देखी गई। भाजपा में शामिल हुए तीन बागी विधायकों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी समीपुर पहुंचे। पहले जयराम के साथ आशीष शर्मा और होशियार सिंह इकट्ठे गए उसके बाद देवेंद्र भुट्टो भी पहुंच गए। इन्होंने बारी-बारी से धूमल के साथ बंद कमरे में भी बातचीत की जयराम और धूमल की भी अकेले करीब आधे घंटे तक अलग से बातचीत हुई। उसके बाद कुटलैहड़ से देवेंद्र भुट्टो भी पहुंच गए। इस मौके पर काफी तादाद में पार्टी के प्रमुख नेता भी मौजूद थे। हमीरपुर जिला से ताल्लुक रखने वाले पूर्व और मौजूद पदाधिकारी सभी वहां देखे गए।

सूत्रों के मुताबिक जयराम और धूमल बातचीत के कई अर्थ निकाले जा रहे हैं। कारण यह है की जयराम ठाकुर सरकार जाने के बाद पहली मर्तबा धूमल के द्वार पहुंचे हैं।

### इस बार का चुनाव खास, धूमल का मार्गदर्शन जरूरी : जय राम

**समीरपुर** में मीडिया से बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि धूमल हम सभी के नेता हैं और उनका हमेशा ही मार्गदर्शन उनके लिए रहा है। उसी से वह आगे बढ़े हैं। वह हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत रहे हैं। इनका आशीर्वाद लेकर चुनाव में जा रहे हैं। इस बार का चुनाव खास होने वाला है। लोकसभा और उपचुनाव में पार्टी जीत हासिल करेगी। सुक्खू सरकार संकट में है, राज्यसभा सदस्य के चुनाव के समय ही यह सरकार गिर चुकी है। जून महीने में जैसे ही केंद्र में मोदी की सरकार फिर से काबिज होगी, हिमाचल में भी भाजपा की सरकार बनेगी। यह पूछे जाने पर कि नौ विधानसभा क्षेत्र में नए उम्मीदवारों की वजह से पार्टी में रोष है। उन्होंने कहा कि इस तरह की परिस्थितियां आती हैं, लेकिन सभी से मिल बैठकर बात हो गई है। अब सभी एक साथ चुनाव प्रचार के लिए तैयार हो गए हैं।

देहरा से निर्दलीय विधायक होशियार सिंह का कहना था कि यदि इस्तीफा मंजूर नहीं हुआ है, तो वह आज भी एमएलए हैं। उन्होंने मुस्कुरा कर कहा कि विधानसभा स्पीकर ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया है। निर्दलीय विधायक होने के नाते जब विधानसभा स्पीकर को इस्तीफा दे दिया गया है। भाजपा की सदस्यता हासिल कर ली है, तो फिर इस्तीफा मंजूर न करने के पीछे अध्यक्ष की मंशा क्या है। यह केवल राजनीतिक चाल लग रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें यदि खुद पर बहुत ही विश्वास है तो चुनाव लड़कर देख लें, उन्हें वास्तविकता का पूरा पता चल जाएगा।



पूर्व सीएम धूमल के साथ जयराम ठाकुर, आशीष शर्मा, होशियार सिंह, देवेंद्र भुट्टो और वरिष्ठ भाजपा नेता।

### प्रेस वार्ता में बोले मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर

# सांसद प्रतिभा और विक्रमादित्य के मन में था सीएम बनने का लालच

**अनिल शर्मा, मंडी**

कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायकों ने सांसद प्रतिभा सिंह और विक्रमादित्य सिंह के बारे में कई खुलासे किए हैं। लॉबिंग कर कब किसको गिरा दें यह पता नहीं चलता है। इनसे डर लगता है यह औरों को आगे कर खुद पर्दे के पीछे अपना लाभ हानि देखते हैं।

यह बात मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने मंडी में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। गोविंद ठाकुर ने विक्रमादित्य सिंह पर एक के बाद एक राजनीतिक हमले बोले और कहा कि आज वह कह रहे हैं कि भाजपा में गए सभी विधायक हार जाएंगे, तो फिर चंडीगढ़ में दो रातें और एक दिन उनके साथ किस कारण से गुजारा था। उस समय वहां उनसे कहा कि मैं चूक गया आपने अच्छा किया है। वास्तव में विक्रमादित्य और सांसद प्रतिभा सिंह के मन में मुख्यमंत्री बनने का लालच आ गया था, जो छह नहीं बल्कि 12 विधायकों के समर्थन की बातें पर्दे के पीछे से करते थे।

उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य सिंह ने राम मंदिर समारोह बारे कहा कि मैं नहीं जाऊंगा, हाईकमान भी नहीं जा रहा है, लेकिन कुछ दिन बाद अपना राजनीतिक लाभ देकर सोशल मीडिया पर लिखा कि हम राम के वशंज हैं, हम आरएसएस और प्रधानमंत्री का निमंत्रण के लिए धन्यवाद करते हैं।

इस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, सदर मंडल अध्यक्ष मनीष कपूर, महामंत्री संजय ठाकुर, सोमेश उपाध्याय, मीडिया प्रभारी राकेश वालिया, प्रवक्ता सुरेंद्र ठाकुर, सुमन ठाकुर, रोहित भरमौरिया, राजा मल्होत्रा, गिरीश, हिमांशु व अन्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)


प्रेस वार्ता करते मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर व अन्य।

## अपने बयान से पलटी सांसद

गोविंद ठाकुर ने कहा कि सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा कि सांसद निधि बांटने से चुनाव नहीं जीता जाता है, कार्यकर्ता नाराज हैं। मैंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह से कहा था कि उन्हें कोई झंडी दो लेकिन उन्होंने नहीं दी, इसलिए मैं चुनाव नहीं लड़ूंगी। गोविंद ठाकुर ने कहा कि आज प्रतिभा सिंह कह रही हैं कि हाईकमान के आदेश पर चुनाव लड़ूंगी। हर बयान पर पलटने का इतिहास बना रही हैं।

## वीरभद्र की तुलना बहादुर शाह जफर से की

गोविंद ठाकुर ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह ने शिमला में प्रेस वार्ता कर रोते हुए पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की तुलना दिल्ली सल्तनत के आखिरी बादशाह बहादुर शाह जफर से की तथा कहा कि उनकी तरह मेरे पिता जी की प्रतिमा लगाने के लिए रिज पर दो गज जमीन नहीं मिली और मुख्यमंत्री के खिलाफ कई बड़ी बातें कही और आज अपनी बात से पलट गए।

**कहा- हर बार बयान से पलट जाते हैं विक्रमादित्य सिंह**

## आने वाला समय भाजपा का

गोविंद ठाकुर ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस ने ऐसे बाहरी व्यक्ति मनु सिंघवी को चुनाव मैदान में उतारा जिसने सुप्रीम कोर्ट में राम मंदिर के खिलाफ दलीलें दी। मनु सिंघवी ने देश के 144 करोड़ हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया। हिमाचल की संस्कृति के खिलाफ व्यक्ति को विधायकों ने वोट देने से मना कर दिया। आने वाला समय भाजपा का है, छह विधायक भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे और तीन के इस्तीफे स्वीकार होने पर वे भी भाजपा के टिकट पर लड़ेंगे।

## पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक तीन को

**चंबा।** राज्य पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन इकाई खंड चंबा की मासिक बैठक तीन अप्रैल को पेंशनर्स कार्यालय डे केयर सेंटर चंबा में होगी। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान व राज्य प्रवक्ता पीसी ओबरॉय करेंगे। संगठन का तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने जा रहा है। बैठक में आगामी चुनाव कराने की रणनीति तय की जाएगी। बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर भी चर्चा की जाएगी। संघ के महासचिव तजबीज सिंह पठानिया ने बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा समस्त कार्यकारिणी व अन्य सदस्यों से आग्रह भी किया कि बैठक में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

# चुनावों में न हो नशे का इस्तेमाल

### चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपेगी ज्ञान विज्ञान समिति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नशे के खिलाफ अभियान की तैयारी को लेकर हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय शिविर मंडी में संपन्न हुआ। शिविर के अंतिम दिन अभिभावकों और अध्यापकों के बच्चों के साथ व्यवहार पर चर्चा की गई। गुंजन संस्था से आए स्रोत व्यक्ति विजय कुमार ने परामर्श और बच्चों के प्रति समाज के व्यवहार को लेकर विस्तार में चर्चा की। बैठक के अंतिम सत्र में पंजाब, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, दिल्ली सहित जिंदल विश्वविद्यालय के प्रो. इंदरनील, भारत ज्ञान विज्ञान समिति के सचिव डॉ. ओम प्रकाश भुरेटा को भी ऑनलइन जोड़कर उनके सुझाव लिए गए। समिति के राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर ने बताया कि आने वाले दिनों में उत्तरी क्षेत्र के राज्यों के साथ संयुक्त अभियान पर भी योजना तैयार की जाएगी। पुंडीर ने बताया कि आम चुनावों के तहत समिति सभी राजनीतिक दलों को नशे एवं स्वास्थ्य के अधिकार के मुद्दों पर अप्रैल माह में ज्ञापन सौंपेगी। 23 अप्रैल विश्व पुस्तक दिवस के मौके पर चुनाव आयोग को ज्ञापन दिया जाएगा, जिसमें चुनावों में नशे के इस्तेमाल पर सख्ती से कदम उठाने की मांग की जाएगी। 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशे को रोकने के लिए ज्ञापन दिए जाएंगे।



तीन दिवसीय शिविर के समापन अवसर पर ज्ञान विज्ञान समिति के पदाधिकारी सामूहिक चित्र में।

# भाजपा को छोड़कर कांग्रेस का थामा दामन

### जोगिंद्रनगर में भाजपाइयों ने कांग्रेस की नीतियों में जताया विश्वास

**अनंत ज्ञान जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के दो दर्जन से अधिक बूथ, ब्लॉक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार की नीतियों, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कार्यप्रणाली एवं प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर पर विश्वास जताते हुए कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ने कहा कि आज प्रदेश सरकार की नीतियों व मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर जोगिंद्रनगर क्षेत्र के भाजपा के दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने कांग्रेस का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जमीनी परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहे है उन सभी से प्रभावित होकर इन सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने कांग्रेस का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि बहुत दिनों से भाजपा के लोग उनके संपर्क में थे और आज उन्होंने पूर्ण विश्वास से कांग्रेस का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि वे सभी को विश्वास दिलाना चाहते हैं कि उनके घर के दरवाजे सभी के लिए 24 घंटे खुले रहेंगे एवं सभी को एक बराबर मान सम्मान दिया जाएगा। कांग्रेस में शामिल होने वालों में दीपा कुमारी महिला मंडल प्रधान चौंतड़ा व बीजेपी सदस्य, रजनी देवी चौंतड़ा बीजेपी सदस्य, ओम चंद वार्ड मेंबर लांगणा बीजेपी सदस्य, आयुष ठाकुर लांगणा बीजेपी मेंबर, विनोद कुमार मेन भरोला बूथ अध्यक्ष बीजेपी, अनिल कुमार गुम्मा पूर्व सह सचिव भाजपा युवा मोर्चा, ज्योति प्रकाश पूर्व भाजपा बूथ अध्यक्ष नौहली, देवेंद्र सिंह भाजपा बूथ अध्यक्ष, देशराज बूथ अध्यक्ष कोलंग, रवि सिंह लडवान बूथ अध्यक्ष, सुखदेव मंढोता बूथ अध्यक्ष बीजेपी, भूमि सिंह पूर्व वार्ड मेंबर पूर्व बूथ अध्यक्ष भाजपा शामिल हैं।


कांग्रेस में शामिल हुए लोग प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर के साथ।

# लघु शिवरात्रि मेला आज से शोभायात्रा से होगा आगाज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

पहली से पांच अप्रैल तक आयोजित होने जा रहे राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर का शुभारंभ सोमवार को उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन करेंगे जबकि पांच अप्रैल को अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा समापन करेंगे। इसके अलावा चार अप्रैल को चौथी सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी मनीष गर्ग बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

मेला आयोजन को लेकर मीडिया कर्मियों के साथ आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि सोमवार को देवी-देवताओं की भव्य शोभायात्रा की अगुआई के उपरांत मेला मैदान में उपायुक्त अपूर्व देवगन मेले का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार समिति ने मेले में भाग लेने के लिए लगभग एक सौ देवी-देवताओं को निमंत्रण दिया है। इस वर्ष भी मेले को पूरी धार्मिक श्रद्धा व परंपरा के साथ मनाया जाएगा। पहली व पांच अप्रैल को देवी-देवताओं की भव्य जलेब निकाली जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार जोगिंदरनगर डॉ. मुकुल शर्मा, नायब तहसीलदार प्रिंस धीमान व विनय मौजूद रहे।

**एक सौ देवी-देवता करेंगे शिरकत, डीसी करेंगे शुभारंभ**



## ये कलाकार मेले में मचाएंगे धमाल

एसडीएम ने बताया कि मेले के दौरान आयोजित होने वाली चार सांस्कृतिक संध्याओं में नितिन शर्मा, कुमार साहिल, अनुज शर्मा, अरविंद राजपूत, गौरव कौंडल, किशन वर्मा, रमेश ठाकुर, हिमाचली जोड़ी ममता भारद्वाज व ईशांत भारद्वाज लोगों को नचाएंगे। इसके अलावा अन्य व स्थानीय कलाकार भी लोगों का मनोरंजन करेंगे। मेले के दौरान महिलाओं के लिए विभिन्न खेल व सांस्कृतिक स्पर्धाएं भी आयोजित की जा रही हैं जिनमें रंगोली, रस्साकशी, मटका फोड़, मटका दौड़, म्यूजिकल चेयर रेस, समूह गायन एवं लोकनृत्य प्रमुख हैं। मनीश चौधरी ने बताया कि मेले के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा कर्मियों की भी तैनाती रहेगी। इसके अतिरिक्त मेले को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित कर सेक्टर मजिस्ट्रेट भी तैनात रहेंगे।

## नारा लेखन प्रतियोगिता भी होगी

एसडीएम ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता के लिए नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता को दो वर्ग में करवाया जाएगा। पहले वर्ग में 18 से 20 वर्ष आयु वर्ग के मतदाता शामिल हो सकते हैं जबकि दूसरे वर्ग में 20 वर्ष से अधिक उम्र का कोई भी मतदाता भाग ले सकता है। दोनों वर्ग में पहले दो बेहतरीन नारा लिखने वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। पंजीकरण करवाने के लिए जल्द एक व्हाट्सऐप नंबर जारी किया जाएगा।

# डोम वाले मालामाल, बाहर वालों के बुरे हाल

**पुष्पराज, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि के बाद पड्डल मैदान में जारी मेले में बीते दो दिन से हुई बारिश के कारण व्यापारी एक बार फिर उलझन में पड़ गए है। दो दिन बारिश के कारण जहां व्यापारियों के स्टॉलों में पानी घुस गया है वहीं रास्ते में भी कीचड़ से बुरा हाल है।

कहीं पर तो पानी के ज्यादा ठहराव से लोग अपना रास्ता ही बदल दे रहे है, लेकिन जिन व्यापारियों की दुकाने डोम के अंदर है वे राहत में है और ग्राउंड में कीचड़ और फिसलन होने से लोग भी डोम का ही रूख कर रहे हैं। डोम के बाहर जिन व्यापारियों के स्टॉल लगे है वे परेशान है। मेला ग्राउंड में स्टॉल लगाए हुए व्यापारी मनीश ने बताया कि पहले काम ठीक चल पड़ा था, लेकिन बारिश के कारण फिर से मंदी को झेलना पड़ रहा है। वहीं व्यापारी अजय कुमार ने बताया कि बारिश के कारण भारी परेशानी हो रही है और काफी नुकसान भी हो चुका है। उन्होंने बताया कि दुकान के सामने कीचड़ होने से कोई भी ग्राहक खरीदारी के लिए नहीं आ रहा है। उन्होंने बताया कि पहले तो उम्मीद थी कि कमाई हो जाएगी, लेकिन बारिश के कारण अब लगता है जेब से ही पैसा भरना पड़ेगा। वहीं व्यापारी मुकेश कुमार ने बताया कि बारिश के कारण दो दिन से ग्राहकों की संख्या कम होती जा रही है और अब खर्च निकलने की कोई उम्मीद नहीं बची है। (अनंत ज्ञान)

**बारिश से पड्डल मेला ग्राउंड में हुआ कीचड़**


स्टॉल से जग और बाल्टी से पानी निकालता व्यापारी।

# टेक चंद डोगरा के घर पहुंची सांसद प्रतिभा, संवेदनाएं जताईं

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने रविवार को नाचन विधानसभा क्षेत्र का एकदिवसीय दौरा किया। प्रतिभा सिंह ने नाचन विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं सीपीएस टेक चंद डोगरा के देहांत पर उनके छात्तर स्थित घर पहुंच कर परिवार के साथ संवेदनाएं प्रकट की। बता दें कि दिवंगत कांग्रेस नेता टेक चंद डोगरा ने नाचन विधानसभा का चार बार नेतृत्व किया था। टेक चंद डोगरा प्रदेश सरकार में बतौर सीपीएस भी रहे हैं। शनिवार सुबह मेडिकल कॉलेज नेरचौक में उपचार के बाद घर पहुंचते ही उनका निधन हो गया था। टेक चंद डोगरा 77 वर्ष के थे। इस मौके पर सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा कि टेक चंद डोगरा हमारे परिवार के सदस्य की तरह थे। राजा वीरभद्र सिंह ने उन पर भरोसा करते हुए नाचन क्षेत्र की जनता ने चार बार विधायक चुनकर विधानसभा भेजा। टेक चंद डोगरा हमेशा सभी के दिलों में राज करते रहेंगे। इस मौके पर पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर, पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी, जिला परिषद चंपा ठाकुर व जागृति ठाकुर, एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, प्रदेश महासचिव चेतराम ठाकुर, जिला मंडी युवा कांग्रेस अध्यक्ष तरुण ठाकुर, सराज युवा कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल सहगल सहित अन्य मौजूद रहे।

# देव हुरंग नारायण व देव पशाकोट की अगुआई में निकलेगी जलेब

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर का शुभारंभ पहली अप्रैल को देवताओं की भव्य जलेब के साथ होगा। चौहार घाटी के आराध्य बड़ा देव श्री हुरंग नारायण व पहाड़ी बजीर देव श्री पशाकोट की अगुआई में देवी-देवताओं की भव्य जलेब निकलेगी।

मेला समिति ने इस बार लगभग एक सौ से अधिक देवी-देवताओं को मेले में भाग लेने का निमंत्रण दिया है। मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले के शुभारंभ के लिए मेला समिति ने सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर पहुंचने पर देव श्री हुरंग नारायण व देव श्री पशाकोट सहित अन्य सभी देवी-देवताओं का भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन द्वारा रामलीला मैदान में समस्त देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की जाएगी।

इसके बाद बड़ा देव श्री हुरंग नारायण व देव श्री पशाकोट की अगुआई में देवी-देवताओं की भव्य जलेब निकाली जाएगी तथा मेला ग्राउंड में उपायुक्त मंडी मेले का विधिवत शुभारंभ करेंगे।

**मेला समिति ने पूरी की मेले की तैयारियां**

## डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम देखकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम तीन चरणों में निकाला गया। पहले चरण में नर्सरी से दूसरी कक्षा का 22 मार्च को, दूसरे चरण में कक्षा चौथी, छठी व सातवीं का 23 मार्च को तथा तीसरे चरण में तीसरी, पांचवीं, आठवीं व नौवीं की बोर्ड कक्षाओं का 30 मार्च को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। उन्होंने बताया कि तीन वर्ष पूर्व ही कोरोना के समय में डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर की नींव रखी गई है और बहुत ही कम समय में यह स्कूल शिक्षा के क्षेत्र के साथ अन्य क्षेत्रों में नाम रोशन कर रहा है। यह सब स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों की अथक मेहनत का परिणाम है कि स्कूल हर साल नतीजों में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।






**ट्रेनिंग** जोढ़न में किसान उत्पादक सहकारी सभा ने महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

# बुरांश के फूलों का जूस और चटनी बनाना सीखा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा ने रविवार को ग्राम पंचायत जोढ़न में बुरांश के फूलों की चटनी और जूस तैयार करने बारे प्रशिक्षण दिया जिसमें लौंगनी और बिंगा पंचायत की महिलाओं ने भाग लिया। एफपीओ धर्मपुर के सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि गत दिनों मंडप में आयोजित मीटिंग में यह बात सामने आई थी कि अगले 15 दिन बुरांश के फूलों का सीजन है। मंडप बरोटी क्षेत्र में ये फूल भारी मात्रा में होते हैं जिसे एकत्रित करके इसका जूस और चटनी तैयार की जाएगी। इस प्रशिक्षण में 30 महिलाओं ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण खाद्य उत्पाद विशेषज्ञ डॉ. हरदयाल सिंह गुलेरिया ने दिया। उन्होंने महिलाओं को यहां पर पैदा होने वाले अन्य मौसमी फलों, फूलों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों की प्रोसेसिंग के माध्यम से आमदनी बढ़ाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि आजकल ही हमारे यहां कचनार की कलियां और फूल पेड़ों पर खिल रहे हैं। इसके अलावा त्रैम्बलु, भ्रूणी इत्यादि फल पेड़ों पर लगे हैं और वे ऐसे ही व्यर्थ हो जाते हैं जबकि पूर्व में लोग इनका सेवन करते थे और स्वस्थ रहते थे। अब सभी प्रकार की सब्जियां बाजार से क्रय की जाती हैं जो रसायनिक खादों से तैयार की जा रही हैं और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी होती हैं। अब एफपीओ धर्मपुर ने पहाड़ी रत्न ब्रांड नाम से आचार बिक्री करने का निर्णय लिया है। एफपीओ के सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आगामी वित्त वर्ष में सिद्धपुर के अलावा जोढन, बरोटी और संधोल में ऐसे लघु उद्योग स्थापित किए जाएंगे जिनमें स्थानीय स्तर पर पैदा होने वाले फलों पर आधारित प्रोसेसिंग कार्य किया जाएगा। इसके अलावा घरवासड़ा में हल्दी पाउडर और कोदरे का आटा तैयार किया जा रहा है। सकोह-सिद्धपुर में लड्डू बनाए जा रहे हैं और चसवाल में कोदरे की चाय तैयार हो रही है। इसके अलावा मशरूम, आंवला, हरड़, गलगल, आम इत्यादि स्थानीय फलों का भी आचार व कैंडी तैयार करने का काम किया जाएगा। प्रशिक्षण में एफपीओ सजाओ क्षेत्र के उपाध्यक्ष रूप चंद गुलरिया, सचिव हेम चंद, पृथी पाल, जगदीश चंद, श्याम सिंह, कमला ठाकुर, कंचना देवी, रीता देवी, शोमा देवी, शारदा देवी, जुगां देवी, मधु ठाकुर, बिमला, उर्मिला व रीना ने हिस्सा लिया।


प्रशिक्षण के दौरान महिलाएं सामूहिक चित्र में।

## मंडी- रिवालसर सड़क की करें मरम्मत

**मंडी।** मंडी-रिवालसर रोड चौड़ा करने का कार्य हर रोज आवाजाही करने वाले वाहन चालकों व राहगीरों के लिए आफत बन गया है। पिछले दिनों इन गड्ढों के कारण सड़क पर सरकारी बस का पट्टा टूट गया था, लेकिन हालत में सुधार नहीं किया गया। राम सिंह, विनोद, रीना देवी व रिंकू ने लोक निर्माण विभाग और सरकार से मांग की है कि निर्माण कार्य के दौरान ऐसी असुविधा तो होगी ही लेकिन कम से कम वाहनों की दैनिक आवाजाही के लिए तो ठीक किया जा सकता है। उन्होंने मांग की है कि यहां पर सड़क सुधारने के लिए उचित कदम उठाए जाएं।



## न्यूज ब्रीफ

### अफीम के 12 पौधे बरामद, मामला दर्ज

**गगरेट।** गगरेट पुलिस ने कलोह गांव में एक घर के बगीचे से अफीम के बारह पौधे बरामद किए हैं। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आगामी कारवाई शुरू कर दी है। गगरेट पुलिस को सूचना मिली थी कलोह गांव में एक घर में अवैध तरीके से अफीम की खेती की गई है। जिस पर पुलिस ने दबिश दी तो 12 पौधे अफीम के पाए गए। जिस पर पुलिस ने घर के मालिक अवतार सिंह के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगामी कारवाई शुरू कर दी है।

### गोयल ने युवाओं को बताया मतदान का महत्व

**बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां, पिपलू, तलाई, संहाल, बल्ह, लठियाणी, बुधान, धनेत, हटली, अरलू, प्रोइयां, चुरड़ी, धुंदला और राजकीय उच्च पाठशाला भियांबी, कोहडरा, कोट, दोबड़, डोहक, तनोह, धनेत, बल्ह सेरी, मतोह आदि में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उपमंडल अधिकारी बंगाणा सोनू गोयल ने बताया कि इसमें युवाओं को मतदान के महत्व को लेकर जागरूक किया गया।

### बडोआ के श्री राधा कृष्ण मंदिर में लगाया भंडारा

**बंगाणा।** खरयालता पंचायत के गांव बडोआ के श्री राधा कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद भजन कीर्तन दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुखदेव शर्मा ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र के समाजसेवी परिवार सदस्यों द्वारा खरयालता पंचायत के भक्तजनों द्वारा अयोध्या मथुरा काशी सहित अन्य धार्मिक स्थलों का भ्रमण करने के उपरांत वापिस आने पर भंडारा संचालित किया गया।

### ऊना के पंकज पीटर बनेंगे क्रिकेट कोच

**ऊना।** जिला के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी पंकज पीटर रविवार को पटियाला में क्रिकेट कोच का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए रवाना हो गए। खेल प्रेमियों और समाजसेवियों ने पंकज पीटर को डिप्लोमा के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कोच प्रशिक्षण के लिए आवेदन किया था जिसे मंजूरी मिलने के बाद वे प्रशिक्षण के लिए रवाना हुए। खेल प्रेमी संजीव पुरी संदीप बेदी, मोहित शर्मा विनय मंदली अजय राणा अरुण ठाकुर, गौरव और अनुराग दयाल, विनय, रमन सैनी अजय चौधरी और करण शर्मा ने उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी है। पंकज पीटर ने बताया उनका मुख्य उद्देश्य जो खिलाड़ी पैसे के अभाव के कारण क्रिकेट कोचिंग से वंचित रह जाते हैं उनको कोचिंग देना मेरा मुख्य उद्देश्य होगा।

### भागवत कथा श्रवण से धुल जाते हैं पाप : जोशी



**अम्ब।** नगर पंचायत अम्ब के वार्ड नंबर 8 में स्थित सिद्धि विनायक मंदिर मंदिर के नजदीक चल रही श्रीमद् भागवत के आज 6 वें दिन कथा व्यास कृष्ण कन्हैया जोशी ने भागवत कथा के दौरान कहा की भागवत कथा श्रवण से मनुष्य के सभी पाप धुल जाते हैं। श्रीमद् भागवत कथा अमृत है, इसके सुनने मात्र से ही मनुष्य के जन्म-जन्म के पाप कट जाते हैं। जीवन में अमृत रूपी इस महापुराण का हर किसी को श्रवण करना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सबसे बड़ा धार्मिक अनुष्ठान है। कथा सुनने का लाभ तभी है, जब हम इसमें कही बातों का अपने दैनिक जीवन में भी अनुसरण करें। कथा सुनने के लिए कोई आयु सीमा नही है, बचपन से ही कथा सुनने की आदत हमें अपने बच्चों में डालनी चाहिए। कथा के दौरान आज कंस बध हुआ, जिसमें भगवान ने कंस का बध करने के बाद बताया कि यह अहंकार का बध था। कंस मानता था की जो में हूं मेरे जैस कोई नही है। वही प्रवृत्ति आज कल सभी मनुष्यों में बढ़ती जा रही है जो उचित नहीं है। कंस बध के बाद श्री कृष्ण वा रुक्मणि विवाह का प्रसंग हुआ।

# बेटी आस्था ने पूरा किया मां सिम्मी का संकल्प

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्व. प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की अधूरी इच्छा को पूरा करते हुए उनकी बेटी डॉ. आस्था ने माता चिंतपूर्णी मंदिर में दर्शन और प्रार्थना के साथ माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर अपनी पदयात्रा का संकल्प पूर्ण किया।

बता दें, डॉ. आस्था अग्निहोत्री ने अपनी मां स्व. प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की आत्मिक शांति के लिए माता चिंतपूर्णी का आशीर्वाद प्राप्त करने के संकल्प के साथ शुक्रवार को हरोली से पदयात्रा आरंभ की थी। 70 किलोमीटर की यह पदयात्रा आज तीसरे दिन रविवार को माता चिंतपूर्णी मंदिर में दर्शन और प्रार्थना के साथ संपन्न हुई। इस मौके डॉ. आस्था ने अपने पिता मुकेश अग्निहोत्री के साथ मां स्वर्गीय प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की आत्मिक शांति के लिए माता चिंतपूर्णी के आशीर्वाद की प्रार्थना की। डॉ. आस्था ने कहा कि उनकी मां प्रो. सिम्मी की माता चिंतपूर्णी पर श्रद्धा थी। माता रानी के जगराते से उनकी सभी के लिए श्री चिंतपूर्णी जी का आशीर्वाद लेने की इच्छा थी, लेकिन उनकी वह इच्छा अधूरी रह गई। हमने माता रानी के दरबार जाकर माता से अपनी मां के लिए मोक्ष की प्रार्थना की है।

वहीं उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रो. सिम्मी के लिए बेटी आस्था ने जो संकल्प लिया वो पूरा किया।



माता चिंतपूर्णी मंदिर में हवन-यज्ञ के दौरान बेटी आस्था, मुकेश अग्निहोत्री व अन्य।

# पार्षद कुलदीप ने साथियों सहित डिप्टी सीएम से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, अम्ब**



डिप्टी सीएम अग्निहोत्री के साथ कुलदीप व अन्य।

पैदल धार्मिक यात्रा पर निकली आस्था अग्निहोत्री और डिप्टी सीएम अग्निहोत्री अम्ब पहुंचे। अम्ब में रविवार सुबह तीसरे दिन को यात्रा शुरू हुई।

अम्ब से चिंतपूर्णी की तीसरे दिन की धार्मिक यात्रा के दिन कलरुही पहुंचने पर जिला पार्षद कुलदीप कुमार और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने आस्था अग्निहोत्री और डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री का जिला पार्षद कुलदीप कुमार दीपा ने अतिथि सत्कार किया।

गगरेट विधानसभा क्षेत्र के बुद्धिजीवी लोगों ने मुकेश अग्निहोत्री से मुलाकात की ओर हिमाचल प्रदेश में होने वाले उपचुनाव को लेकर कुलदीप कुमार दीपा को गगरेट विधानसभा क्षेत्र से उमीदवार बनाने की मांग की।

# केंद्र व राज्य में बनेगी भाजपा सरकार : कृष्ण पाल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राज्य की सरकार बैंटिलीटर पर हैं। और पहली जून को मतदान के बाद चार जून को जब परिणाम निकलेंगे तो केंद्र के साथ राज्य में भी भाजपा की सरकार बनेगी। कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भाजपा विधायक के रूप में देवेंद्र कुमार कुटलैहड़ का नेतृत्व करेंगे। यह दावा जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा ने गौशाला थाना खास में मोमनियार जिला पार्षद वार्ड की बैठक में संबोधित करते हुए किया।



थानाकलां में भाजपा की बैठक में देवेंद्र भुट्टो तथा अन्य।

कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि इस बार कुटलैहड़ विस क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर एवं कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो को हजारों की बढ़त से जिताकर भेजेंगे। कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार ने संबोधन में पहले जनता से समर्थन मांगा। इस दौरान मनोहर लाल शर्मा, बलराम बबलू, सूरम सिंह आदि मौजूद रहे।

# ऊना कांग्रेस ने बनाई चुनावी रणनीति

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सदर ऊना की मीटिंग आयोजित की गई, इसमें पूर्व विधायक सतपाल रायजादा और ब्लॉक कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। मीटिंग का उद्देश्य अगर एमपी चुनाव में सतपाल रायजादा की टिकट पक्की हो जाती है तो कार्यकर्ताओं को आने वाले चुनाव के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है।

सतपाल रायजादा ने अपने भाषण में कांग्रेस की उपलब्धियां को बताया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने ओल्ड पेंशन लागू की और सुख आश्रय योजना के बारे में बताया। इस अवसर पर वीरेंद्र धर्माणी, वरुण पुरी, अविनाश कपिला, संदीप बेदी, रमन सैनी और अन्य उपस्थित थे।



ब्लॉक कांग्रेस की मीटिंग में उपस्थित सतपाल रायजादा और अन्य नेता।

### ऊना में कांग्रेस सेवादल एकजुट : दौलत राम

**ऊना।** कुटलैहड़ कांग्रेस सेवादल के वरिष्ठ नेता दौलत राम ने कहा कि जिले में कांग्रेस सेवादल एकजुट है। कुछ लोग राजनीतिक लाभ लेने के लिए भ्रामक प्रचार पर उतर आए हैं। उन्होंने कुटलैहड़ क्षेत्र से किसी सेवादल पदाधिकारी के इस्तीफे की अफवाह करार दिया है।



जिस व्यक्ति को कांग्रेस सेवादल पदाधिकारी बताया गया है वह कभी संगठन में शामिल नहीं था। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस तरह की भ्रामक प्रचार बंद न किया तो संगठन को किसी उचित कार्रवाई के लिए मजबूत होना पड़ेगा।

# युवा कांग्रेस की मजबूती के लिए बढ़ाया कुनबा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

चुनावों के बीच कुटलैहड यूथ कांग्रेस ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। यूथ कांग्रेस ने क्षेत्र के 58 युवा कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारी दी है।

कुटलैहड़ यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष मुनीष बैंस ने बताया कि प्रदेश युथ कांग्रेस के महासचिव विनित कंबोज, प्रदेश के सह प्रभारी योगेश हांडा, यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निगम भंडारी व उपाध्यक्ष रजनीश मेहता से चर्चा करने के बाद कार्यकारिणी घोषित की गई है।

अध्यक्ष मुनीष बैंस ने बताया कि नई जिम्मेदारी में सुमित पूरेबाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कुणाल काननूगो, अजय कुमार, संजू कुमार, करण सिंह, आशीष चौहान, इशान शर्मा, करनैल सिंह, मुकेश पठानिया, गौरव रिशू व हरप्रीत को उपाध्यक्ष चयनित किया गया है।

वहीं अवतार सिंह, मोहित शर्मा, नरेंद्र सिंह, गुरनाम, रोहित कुमार, वीरेंद्र सिंह, मोहित शर्मा, गोपाल चंद, रोबिन प्रभाकर, आशीष ठाकुर, अजय डरोच, अमन शर्मा, नितिन कश्यप, प्रिंस शर्मा, अजय लवाणा, सुनील कुमार, करण भारद्वाज, विजय कलसी, वीरेंद्र कुमार, सौरव शर्मा, दीपक कुमार व नितेश शर्मा को महासचिव नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा गुरनाम सिंह, अंकित सैणी, राहुल, करण शर्मा, राजवीर परमार, विवेक कुमार, अभिषेक, अजय शर्मा, अभिषेक शर्मा, अमनदीप, ऋषभ शर्मा, हर्ष भडियार, मुनीष कुमार, स्वर्ण शर्मा, सत्या सदन व रिजूल कलसी को महासचिव चुना गया है।

वहीं भुपिंद्र सिंह, अरुण, प्रवीण कुमार, विशाल, अजय कुमार, यश भारद्वाज, संसार, रिशु राजपूत व अजय को सहसचिव की जिम्मेदारी दी।

अध्यक्ष मुनीष बैंस ने कहा कि यूथ कांग्रेस की पूरी टीम पार्टी के साथ खड़ी है। युथ कांग्रेस ने न केवल लोकसभा के प्रत्याशी की जीत पक्की करने के लिए काम करेंगे।

# जनता से गद्दारी करने वाले को मिलेगा सबक : गौतम



जानकारी देते देसराज गौतम, उनके साथ कांग्रेस के अन्य नेता।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रदेश कांग्रेस के सचिव देसराज गौतम ने दावा किया कि कुटलैहड़ से कांग्रेस पार्टी की जीत का शुरू हुआ सिलसिला अब थमने वाला नहीं है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बदौलत लंबे अरसे बाद कांग्रेस पार्टी की जीत हुई है। अब 1 जून को होने वाले उपचुनाव में भी कांग्रेस पार्टी की जीत पक्की है।

देसराज गौतम ने कहा कि पार्टी बदलने वाले को जनता उपचुनाव में सबक सिखाएगी। आने वाले उपचुनाव में इन बागी विधायकों को जनता पूरी तरह से नकार देगी। इस दौरान बीडीसी सदस्य शोभित गौतम, मदनपुर प्रधान गुरवचन सिंह, सुखदेव सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### जमा एक व दो के लिए 230 ने दिया एंट्रेंस टेस्ट

**घुमारवीं।** मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं में आयोजित दूसरे चरण के एंट्रेंस एग्जाम में 500 बच्चों ने भाग लिया। रविवार को आयोजित एंट्रेंस टेस्ट में हिमाचल के हर जिले से बच्चे एंट्रेंस टेस्ट देने पहुंचे थे। पाठशाला के प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने बताया कि दूसरे चरण की परीक्षा में पहली से आठवीं कक्षा तक 150, 9वीं और दसवीं कक्षा के लिए 120 बच्चों ने एंट्रेंस टेस्ट दिया, वहीं जमा एक व जमा दो की कक्षाओं के लिए 230 बच्चों ने एंट्रेंस टेस्ट दिया। एंट्रेंस टेस्ट का रिजल्ट एक अप्रैल को स्कूल की वेबसाइट पर डाला जाएगा। परीक्षा में मैरिट के आधार पर ही प्रवेश मिलेगा। चंदेल ने बताया कि जो बच्चा किसी कारणवश परीक्षा में भाग नहीं ले सका, उनके लिए एक अवसर और दिया जा रहा है। तीन अप्रैल को भी एंट्रेंस टेस्ट रखा गया है। उन्होंने सभी बच्चों को बधाई दी जिन्होंने एंट्रेंस टेस्ट में भाग लिया और उम्मीद जताई कि ज्यादा से ज्यादा बच्चे इस परीक्षा को उतीर्ण करेंगे। जो बच्चे इस परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे वह छह अप्रैल तक अपना एडमिशन स्कूल में करवा लें।

### 205 जरूरतमंद बच्चों को स्कूल किट दी

**घुमारवीं।** नेहा मानव सेवा सोसायटी घुमारवीं की ओर से रविवार को नेहा स्कूल किट वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सोसायटी की ओर से क्षेत्र के करीब 205 जरूरतमंद बच्चों को स्कूल किट प्रदान की गई। इस दौरान बच्चे खासे उत्साहित दिखे। स्कूल किट में समिति की ओर से बच्चों को स्कूली बैग, पेंसिल बॉक्स, नोटपैड, पानी की बोतल, कुछ किताबें तथा अन्य सामग्री दी गई। इतना ही नहीं समिति की तरफ से यह भी तय किया गया है कि समय-समय पर बच्चों को पढ़ाई से संबंधित चीजे आगे भी उपलब्ध कराई जाती रहेगी। जिससे गरीब बच्चे पढ़ कर समाज के मुख्य धारा से जुड़ सके। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलोआ के प्रधानाचार्य कुलदीप डोगरा की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में रजत बायोटेक के फाउंडर विनोद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

### संध्याओं के लिए तलाशनी होगी नई जगह

**घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट की ओर से नलवाड़ मेले के आयोजन में स्कूलों के खेल मैदान को इस्तेमाल करने की इजाजत देने से इनकार करने के बाद घुमारवीं में पांच अप्रैल से आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय ग्रीष्म उत्सव की सांस्कृतिक संध्या भी अब स्कूल के खेल मैदान में आयोजित नहीं हो पाएगी, जिसको लेकर मेला प्रशासन के सामने इन संध्याओं को करवाने के लिए नई जगह तलाश करनी पड़ेगी। घुमारवीं ग्रीष्म उत्सव की शुरुआत वर्ष 1985 में की गई थी। 2022 में भी ऐसी ही मुश्किल मेला प्रशासन के सामने खड़ी हुई थी, जब कोर्ट की ओर से स्कूल के मैदान में इन संध्याओं के आयोजन पर रोक लगा दी गई थी। हालांकि उस समय मेला समिति तथा तत्कालीन नगर परिषद अध्यक्ष राकेश चोपड़ा की ओर से स्कूल ग्राउंड के पीछे खेतों में किसी तरह इन सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन करवा दिया गया था, अब प्रशासन के सामने फिर वही समस्या खड़ी हुई है। एक दो उपयुक्त स्थान देखे गए हैं, जहां पर संध्याओं का आयोजन किया जा सकता है।

# अनुराग को लगातार पांचवीं बार बनाया जाएगा विजयी : देशराज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भाजपा किसान मोर्चा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। इस कड़ी में भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं मंडल इकाई की बैठक अध्यक्ष देशराज शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि किसान मोर्चा आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए बूथ स्तर पर अभियान चलाएगा तथा हर बूथ पर किसान प्रहरी तैनात करेगा। लोकसभा चुनाव में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को लगातार पांचवीं बार विजयी बनाने में किसान मोर्चा कोई कसर नहीं छोड़ेगा। बैठक में राजेंद्र गर्ग ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि मोदी सरकार का 10 वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा है।



### मीडिया की सुर्खियों में बने रहते जयराम

**बिलासपुर।** कांग्रेस पार्टी के राज्य महासचिव एवं पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने आश्चर्य व्यक्त किया कि इतने दिन बीत जाने पर भी भाजपा के किसी भी बड़े नेता ने और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ने पालमपुर से 24 मार्च को शांता कुमार की ओर से दिए गए वक्तव्य पर कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री हर छोटी-बड़ी घटना पर सजगता दिखाते हुए मीडिया की सुर्खियों में बने रहते हैं। शांता कुमार दो बार मुख्यमंत्री व एक बार केंद्र में मंत्री तथा पूर्वकाल में जनसंघ के माध्यम से भाजपा के आधार स्तंभों में गिने जाते हैं।

# वंश ने राष्ट्रीय कुश्ती में जीता रजत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उत्तर प्रदेश के नोएडा में आयोजित हो रही अंडर-15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में ठाकुर कुश्ती अकादमी चांदपुर के पहलवान वंश ठाकुर ने रजत पदक जीता है।

ठाकुर कुश्ती अकादमी के संचालक ने बताया कि एक ही राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता से दो पदक प्रदेश के लिए जीते हैं, जिसमें वंश ने 41 किलो ग्राम में रजत पदक और रिशिका ने 39 किलो ग्राम में कांस्य पदक जीते हैं। आगामी आने वाले दिनों में ये दोनों ठाकुर अकादमी के पहलवान राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा बनेंगे। वंश ठाकुर ने कुश्ती अकादमी के सभी प्रशिक्षकों ड्रीम फाउंडेशन, पहलवानों के अभिभावकों और समस्त प्रदेश की जनता तथा कुश्ती प्रेमियों का धन्यवाद किया।



अंडर-15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में ठाकुर कुश्ती अकादमी चांदपुर के पहलवान वंश।

# नयना देवी में हजारों श्रद्धालु नतमस्तक



प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में रविवार के दिन भारी संख्या में श्रद्धालु लाइनों में माता के दर्शन करने जाते।

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में रविवार के दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता जी के दर्शन किए और माता जी के दरबार में हाजिरी लगाई।

सुबह से ही पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी हो गया था। दोपहर की आरती के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ पांच नंबर सेक्टर तक पहुंच गई। मंदिर में तैनात सुरक्षा कर्मियों ने जहां भीड़ पर नियंत्रण बनाए रखा, वहीं पर मंदिर के बाहर होमगार्ड के जवानों ने भी श्रद्धालुओं को लाइनों में ही माता जी के दर्शनों के लिए भेजा। मंदिर के मुख्य और निकासी गेट के पास पंजाब के श्रद्धालुओं ने चाय-पानी की व्यवस्था भी की गई थी, जिसकी श्रद्धालुओं ने खूब सराहना की।

### डाइट जुखाला में मेधावी स्टूडेंट्स को किया सम्मानित

**श्री नयना देवी जी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट जुखाला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। समारोह में प्रधानाचार्य एवं परियोजना अधिकारी और अतिरिक्त कार्यभार प्राथमिक शिक्षा उपनिदेशक दीपचंद गौतम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया। समारोह में प्रशिक्षुओं ने सरस्वती वंदना, पहाड़ी नाटी, गिद्दा , एकल गान, समूह गान, पंजाबी भांगड़ा सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# ग्रीष्मोत्सव में बाहरी दुकानदारों से अब मेला कमेटी वसूलेगी किराया

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

पांच से नौ अप्रैल तक घुमारवीं में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव में इस बार स्थानीय दुकानदार अपनी दुकानों के आगे बाहरी दुकानदारों को बिठा कर उनसे मनमानी कर पैसे वसूल नहीं कर पाएंगे। यह जानकारी मेला अध्यक्ष व एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी ने दी। पांच दिवसीय राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव के आयोजन के दौरान कुछ दुकानदार अपनी दुकानों के आगे बाहरी दुकानदारों को बिठाकर मनमाना किराया वसूल करते हैं, लेकिन इस बार दुकानदार ऐसा नहीं कर पाएंगे। इस बार बस स्टैंड से लेकर मेला ग्राउंड तक दुकानों के बाहर जितनी भी दुकानें लगेंगी उसका राजस्व मेला कमेटी की ओर से किराया वसूल किया जाएगा।

मेले के लिए प्लाट आवंटन का कार्य रविवार से शुरू कर दिया गया है और इच्छुक व्यापारी अपने प्लॉट बुक करवा सकते हैं। इसके लिए कमेटी की ओर से खुली बोली का आयोजन किया जाएगा। प्लॉट के आवंटन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। मेला कमेटी द्वारा इस बार प्रयास किया जा रहे हैं कि ज्यादा से ज्यादा राजस्व इकट्ठा किया जा सके, ताकि मेल को और बेहतर बनाया जा सके। (अनंत ज्ञान)

## खेलकूद

### प्रदेश हैंडबाल संघ की बैठक, प्रतियोगिताओं के कैलेंडर को दिया अंतिम रूप

# मंडी को सौंपी हैंडबाल प्रतियोगिता की मेजबानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश हैंडबाल संघ की वार्षिक आम बैठक आज बिलासपुर के पालिका क्लब में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश हैंडबाल संघ के अध्यक्ष भरत साहनी ने की।

बैठक में सत्र 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट संघ के महासचिव नंदकिशोर शर्मा ने प्रस्तुत की, जिसमें प्रदेश की विभिन्न टीमों ने 2023-24 सत्र में राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया। इनमें प्रदेश की जूनियर महिला टीम ने 52वीं राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। बैठक में सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के कैलेंडर को भी अंतिम रूप दिया गया। वरिष्ठ राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष हैंडबाल प्रतियोगिता की मेजबानी मंडी जिला हैंडबाल संघ को सौंपी गई तथा जूनियर पुरुष एवं महिला हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर जिले में किया जाना निश्चित हुआ। इसके अतिरिक्त उपस्थित सदस्यों ने हैंडबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित की जाने वाली सभी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश की टीमों को पूर्ववत भेजने का निर्णय लिया। प्रदेश स्तर का जूनियर एवं सीनियर वर्ग के ऑफ सीजन प्रशिक्षण शिविर भविष्य में जिला संघों के सहयोग से आयोजित किए जाएंगे, जिससे राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को और बेहतर तरीके से तैयार किया जा सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश संघ की ओर से आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीतने वाली प्रदेश की जूनियर महिला टीम को भी सम्मानित किया जाएगा। संघ के महासचिव नंद किशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में प्रदेश हैंडबाल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष, उपाध्यक्ष अशोक, अजय विजय कुमार, अमित, ऑफिस सेक्रेटरी सुनील गौतम उपस्थित रहे।



पालिका क्लब में हिमाचल प्रदेश हैंडबाल संघ की वार्षिक बैठक में मौजूद लोग।

### पति से तंग आकर विवाहिता पहुंची थाने

**झंडूता।** झंडूता थाना के अंतर्गत विवाहिता ने अपने ही पति पर मारपीट, दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। विवाहिता ने अपने परिजनों के साथ थाने में आकर शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विवाहिता ने अपनी शिकायत में कहा कि उसकी शादी करीब दो साल पहले हुई थी। परिजनों की इच्छा के खिलाफ उन्होंने शादी की। शादी के कुछ माह तक उनके संबंध बेहतर रहे, लेकिन इसके बाद उसके पति ने रोज नशा करना शुरू कर दिया। इसके अलावा हर दिन झगड़ा व मारपीट करने लगा। पति की प्रताड़ना से परेशान होकर उन्होंने खुदकुशी करने का भी मन बनाया। इसके अलावा शिकायतकर्ता ने शिकायत में कहा कि उसका दो से तीन माह का बच्चा गर्भ में था, लेकिन उसके पति ने उसके साथ मारपीट की, जिससे पेट में तीव्र पीड़ा हुई और गर्भ गिर गया। उधर, डीएसपी हैडक्वार्टर मदन धीमान ने बताया कि पुलिस ने विवाहिता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

# बैडमिंटन में संतोषी आईटीआई विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर में चल रही 17वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में महिला वर्ग के मुकाबले संपन्न हो गए। कबड्डी में राजकीय आईटीआई बिलासपुर विजेता रही।

राजकीय महिला आईटीआई बिलासपुर उपविजेता बनी। खो-खो में राजकीय आईटीआई बरठीं ने रोमांचक मुकाबले में राजकीय महिला आईटीआई बिलासपुर को हराकर खिताब जीता। बैडमिंटन में संतोषी आईटीआई घुमारवीं विजेता रही व आईटीआई महिला बिलासपुर ने दूसरा स्थान हासिल किया। समूहगान में आईटीआई बिलासपुर ने प्रथम और संतोषी आईटीआई ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। एकल गायन में राजकीय महिला आईटीआई बिलासपुर प्रथम, संतोषी आईटीआई दूसरे स्थान पर रही। नाटक में महिला आईटीआई बिलासपुर प्रथम और आईटीआई बरठीं ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। लोकनृत्य में संतोषी आईटीआई पहले और आईटीआई स्वारघाट दूसरे स्थान पर रही। आईटीआई बिलासपुर के प्रधानाचार्य सुनील पटियाल ने बताया कि प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को होगा।



जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी खेलतीं आईटीआई प्रशिक्षु।

हमारे पास एक विकल्प है या तो हम अपने भविष्य को आकार दे सकते हैं या घटनाओं को हमारे लिए आकार दे सकते हैं। -बराक ओबामा



संपादकीय

## अव्यवस्थाओं की वजह से साख खो रहा टांडा अस्पताल

कांगड़ा जिले में स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल टांडा ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक कई उतार-चढ़ाव देखे हैं और इस दौरान बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं भी लोगों को मुहैया करवाईं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से इस अस्पताल की दशा कुछ ठीक नहीं चल रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर यह अस्पताल फिसड्डी साबित हो रहा है। इस अस्पताल पर आधे हिमाचल के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने का जिम्मा है। लोग यहां दूर-दूर से इलाज करवाने आते हैं, लेकिन उन्हें तब बहुत ज्यादा अफसोस होता है, जब यहां समय पर इलाज न होने की वजह से अपनों को खोना पड़ता है। तीमारदार तब अपने फैसले पर खुद को ही कोसते रहते हैं कि काश उन्होंने यहां आने का फैसला लिया ही नहीं होता। इसे विडंबना ही कहेंगे कि जिस अस्पताल ने कभी उत्तर भारत का श्रेष्ठ स्वास्थ्य संस्थान होने का तमगा हासिल किया, आज उसे अव्यवस्थाओं की वजह से हीन भावना का सामना करना पड़ रहा है। इस सबके लिए आखिर दोषी कौन है? सरकार या विभाग। आज अस्पताल में हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग यहां आने से भी कतराने लगे हैं। कई क्रिटिकल केस खराब होने की वजह से अस्पताल की छवि दिन-प्रतिदिन खराब हो रही है। यहां ओपीडी तक पहुंचना भी आसान नहीं होता। अगर कोई बड़ी हिम्मत कर सुबह नौ बजे से पहले अस्पताल में पहुंच भी जाता है तो उसे कम से कम आधा-पौना या कई बार तो एक घंटा लाइन में खड़ा होकर पर्ची कटवाने का इंतजार करना पड़ता है। जब तक पर्ची कटती है तब तक ओपीडी में भी मरीजों का काफी रश हो जाता है। फिर वहां दोबारा लाइन में लगना पड़ता है। काफी लंबे इंतजार के बाद अगर लंच से पहले डॉक्टर ने चेकअप कर लिया तो ठीक वरना लंच के बाद चेकअप करवाने का इंतजार करना पड़ता है। इसके बाद मरीजों को सरकारी दवा दुकान पर दवा लेने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। मात्र एक दवा काउंटर के सहारे टांडा में मरीजों को दवाइयां दी जा रही हैं। ऐसे में यहां रोजाना लंबी लाइनों से मरीज परेशान हो जाते हैं। कई बार डॉक्टर टेस्ट लिख देते हैं। तब मरीजों को सैंपल देने के बाद टेस्ट रिपोर्ट लेने के लिए फिर घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई टेस्ट तो एक दिन में होते ही नहीं हैं और कई टेस्टों के लिए लंबी डेट दो-दो महीनों की डाली जाती है। इस तरह की अव्यवस्था में यहां मरीज अपना इलाज करवाने को मजबूर हैं। गरीबों के पास इतना सामर्थ्य नहीं होता कि वे प्राइवेट अस्पतालों का रुख करें। ऐसे में मरीज अपने आपको यहां फंसा हुआ मान लेते हैं। ओपीडी में शाम चार बजे के बाद विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं मिलते हैं। हफ्ते में दो बार ओपीडी में मिलने वाले डॉक्टरों से इलाज करवाया जाता है। अस्पताल में हर रोज करीब छह जिलों से मरीज इलाज के लिए टांडा अस्पताल आते हैं। दिन में तीन हजार से अधिक की ओपीडी होती है, जो कि बहुत ज्यादा है। मरीज यहां इलाज के लिए तो आते हैं, लेकिन इलाज समय पर न मिलने से वे अपने दिन बर्बाद करते जाते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्ग और महिलाओं को झेलनी पड़ती है। वहीं, अस्पताल प्रबंधन स्टाफ कम होने का रोना रोकर अपना पल्ला झाड़ लेता है। अगर यहां फैली हुई अव्यवस्थाओं पर कंट्रोल कर लिया जाए तो आधी समस्या तो वैसे ही हल हो सकती है। कई बार यहां स्टाफ के कर्मी खुद बैक डोर से अपने रिश्तेदारों को चेकअप करवाते पकड़े जाते हैं, जिससे तीमारदार काफी हल्ला भी करते हैं। अगर इन चीजों पर लगाम लग जाए तो और थोड़ा स्टाफ भी बढ़ा दिया जाए तो अस्पताल अपनी पुरानी साख हासिल कर सकता है। अस्पताल प्रबंधन, स्वास्थ्य विभाग और सरकार को चाहिए कि वे इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप करें। कहीं ऐसा न हो कि अस्पताल की प्रतिष्ठा ही खराब हो जाए। अगर एक बार साख पर आंच आ गई तो उसे दोबारा बनाना आसान नहीं होगा, क्योंकि उसके लिए वर्षों लग जाएंगे।

# ऐतिहासिक मंडी शहर की प्यास बुझातीं प्राचीन बावड़ियां



लेखक : पारुल अरोड़ा
पैलेस कॉलोनी, मंडी

उपनिषदों के अनुसार भगवान दत्तात्रेय ने अपने 24 गुरुओं में जल को भी अपना गुरु माना है। जल सबकी प्यास बुझाता है। मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जंतु और पशु-पक्षी किसी में कोइ भेद नहीं करता। सभी को जीवित रखता है और सबसे निचले स्थान पर रहता है। हमारे शस्त्रों में उल्लेख मिलता है कि जल औषधी का कार्य करता है। अत: भरपूर जल का उपयोग करना चाहिए। हिमाचल प्रदेश में इस वर्ष आई आपदा में जहां मनुष्यों द्वारा स्थापित जल व्यवस्था चरमरा गई थी, वहीं मांडवय ऋषि की तपोस्थली मंडी नगर के औषधीय जल का वितरण करने वाली प्रचीन बावड़ियां आज भी नगरवासियों की प्यास शांत करती रही हैं। यहां रहने वाले लोग स्वयं को भाग्यशाली समझते हैं कि वे इन प्राचीन बावड़ियों के नगर में रहते हैं।

चंडीगढ़ से मंडी नगर की दूरी लगभग 164 किलोमीटर है और पठानकोट से लगभग 219 किलोमीटर। दोनों ओर से कुल्लू-मनाली जाते समय ऐतिहासिक मंडी नगर से ही होकर जाना पड़ता है। मंडी नगर की प्रत्येक बस्ती में बावड़ियां हैं। इन प्राचीन बावड़ियों की संख्या लगभग सौ के आसपास है। स्थानीय भाषा में इन प्राचीन जल स्त्रोतों को खुड़ी, नौण, छुड्डु, बाई, बओड़ी आदि नाम से पुकारते हैं। पैलेस कॉलोनी में विजय पैलेस से ऊपर राम मंदिर के पास भी ऐक प्राचीन बावड़ी है। बुजुर्ग बताते हैं कि पहले जब घर-घर तक नल से जल पहुंचाने की व्यवस्था नहीं थी तो आसपास के लोगों ने इसी बावड़ी के जल का उपयोग अपने भवनों के निर्माण कार्यों में भी भरपूर किया। संभव है कि मंडी के राजाओं द्वारा निर्मित विजय पैलेस तथा अन्य प्राचीन मंदिरों और भवनों के निर्माण में भी इन्हीं प्राचीन बावड़ियों का जल उपयोग किया गया होगा। नेता जी सुभष चंद्र बोस मंडलीय अस्पताल मंडी के पीछे भी एक प्राचीन बावड़ी थी। यहां अस्पताल में आए हुए रोगी और आसपास के लोग अपनी प्यास बुझाया करते थे। किंतु यह प्राचीन बावड़ी भी निर्माण कार्यों की भेंट चढ़ गई। मंडी लोमशसर (रिवालसर) मार्ग पर जेल रोड बस्ती से थोड़ा ऊपर दो आंब के पास सड़क के दाईं ओर एक प्राचीन बावड़ी है। इसका नाम छुड्डु रा नाला है।

सरकाघाट, रिवालसर, कोटली, धर्मपुर से मंडी आने जाने वाले यात्री, आसपास के गांव वाले और स्थानीय भी इस बावड़ी का जल अपनी दिनचर्या के कामों के लिए प्रयोग करते हैं। मंडी के स्कूल बाजार की प्राचीन बावड़ी यू-ब्लॉक के सामने सड़क की दाईं ओर है। नगर के बीचों-बीच यह एकमात्र ऐसी बावड़ी है, जिस तक पहुंचने के लिए सड़क से नीचे उतरना या ऊपर की ओर चढ़ना नहीं पड़ता है। बिलकुल सड़क किनारे ही स्थित है यह बावड़ी। टारना, जेल रोड, पैलेस कॉलोनी, महाजन बाजार, और रविनगर के निवासी यहां से जल भरते हैं। बावड़ी के सामने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान और राजकीय विजय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय है। इन संस्थानों के विद्यार्थियों से लेकर शिक्षक तक ऐसा कोई नहीं होगा, जिसने इस बावड़ी का जल न पिया हो।

महामृत्युंजय मंदिर के साथ कुछ कदम आगे सड़क से नीचे सीढ़ियां उतरते ही ऐतिहासिक जैंचु का नौण के दर्शन हो जाते हैं। मंडी के राजाओं द्वारा इसे सुंदर रूप प्रदान किया गया था, जिसमें एक विशाल जल कुंड भी है। इस बावड़ी में भव्य भारतीय वास्तुशिल्प के तत्व और कला की झलक दिखती है। ऊपर और नीचे दोनों बावड़ियां किसी मंदिर की तरह बनाई गई हैं। जैंचु के नौण की ऊपर वाली बावड़ी में मंदिर जैसी परिक्रमा पथ भी बनाया गया है। नीचे की बावड़ी के शिखर पर ब्रह्मा, विष्णु और महेश को समर्पित तीन मुख स्थापित किए गए हैं। त्रिदेवों को समर्पित तीन मुख हिमाचल प्रदेश के अनेक प्राचीन मंदिरों के शिखरों पर भी देखे जा सकते हैं। रियासत काल में मंडी और सुकेत के राजाओं के बीच अपनी-अपनी सीमाओं को लेकर लड़ाईयां होती रहती थीं। लोग बताते हैं कि मंडी रियासत के लोगों से सुकेत रियासत के राजाओं द्वारा जैंचु के नौण से जल भरने का कर भी वसूला गया था। दोनों राज्यों की सीमाएं दोनों तरफ से घटती-बढ़ती रहती थीं। जैंचु का नौण, बावड़ी सेरी बाजार, घंटा घर, आसपास के व्यापारियों से लेकर शुरुआती मंगवाइ तक के व्यापारी दिन भर की जल आपूर्ती के लिए इसी बावड़ी पर निर्भर करते हैं। प्रशासन ने राहगीरों की सुविधा के लिए नल से जल की सुविधा नगर में स्थापित की है, पर प्राकृतिक जल के स्वाद की बात ही कुछ और है। इस बावड़ी में वर्ष भर जल अच्छी मात्रा में रहता है। थनेड़ा बस्ती और आसपास के लोग भी यहीं से ही जल भरते हैं। वर्तमान में इस बावड़ी की स्थिति ठीक नहीं है। इसके धंसने का भी खतरा बना हुआ है।

इसी बावड़ी से थोड़ी आगे पुराने कॉलेज मार्ग पर विश्वकर्मा मंदिर के साथ बरसेलो की ओर जाने वाली छोटी सी गली के शुरुआत में ही बाईं ओर सुकेती के तट पर भी एक प्राचीन बावड़ी है। यहां की प्राचीन बावड़ी का आसपास का क्षेत्र लंबे समय तक प्रदूषित रहा था। इसका जल पशुओं के पीने के लायक भी नहीं बचा था। कुछ वर्षों पहले ही इस बावड़ी को स्थानीय लोगों द्वारा स्वच्छ किया गया है। इस बावड़ी के दोनों ओर बैठने का पर्याप्त स्थान भी बनाया गया है। धार्मिक कार्यों से जुड़े अनुष्ठान अब यहां करने संभव हो गए हैं। मंगवाइ में गुरुद्वारे के साथ भी एक पुरानी बावड़ी थी, जो अब सूख चुकी है। इस बावड़ी से मंगवाइ के लोगों को शुद्ध जल मिल जाता था, परंतु अब मंगवाइ के निवासियों को नगर की अन्य बावड़ियों पर आश्रित होना पड़ रहा है। भगवान बस्ती में मंडी नगर की एक ऐसी बावड़ी है, जिसका नाम बच्चे- बच्चे को पता है। आपदा के समय जब विपाशा ने अपना रौद्र रूप धारण किया था तो राष्ट्रीय समाचारों में पंचवक्त्र महादेव मंदिर की अखंडता का वर्णन देशभर में हो रहा था। जहां विपाशा के मार्ग में आने वाले भवन और बड़े-बड़े पुल बह गए थे, वहीं यह अति प्राचीन पंचवक्त्र महादेव मंदिर, विपाशा के परहारों को सहने के बाद भी सुरक्षीत खड़ा था। इस मंदिर तथा मंडी नगर के अन्य प्राचीन मंदिर का निर्माण सनातन विज्ञान पर आधरित है। इसी मंदिर के सामने सुकेती की दूसरी ओर प्राचीन पंचमुखी बावड़ी शिवा बाईं अर्थात भगवान शिव की बावड़ी है। इस बावड़ी में भी मंदिर की तरह परिक्रमा पथ है। इस बावड़ी में जल निकासी के लिए पांच मुख हैं। ऐसा दृश्य मंडी क्या आसपास के क्षेत्रों में भी किसी बावड़ी में देखने को नहीं मिलता है। बारह महीने शिवा बाईं अपने प्रचंड वेग के साथ बहती रहती है। नगर के कोने कोने से यहां लोग जल भरने आते हैं। इस बावड़ी में नीचे नहाने एवं कपड़े धोने की व्यवस्था बनाई गई है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

## 'लिव इन रिलेशनशिप' पाश्चात्य संस्कृति की नकल



लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

भारतीय संस्कृति में विवाह एक ऐसा बंधन होता है, जिसमें दो दिल एक-दूसरे की भावनाओं को न सिर्फ समझते हैं, बल्कि पूरे मान-सम्मान और विश्वास के साथ उम्रभर इस पक्की डोर से बंधे भी रखते हैं। परिवार की मान मर्यादा इस रिश्ते को और भी मजबूत बनाती है, परंतु जैसे-जैसे समय बदलता जा रहा है, इस रिश्ते का प्रारूप भी बदल रहा है। स्वच्छंदता की आड़ लेकर युवा अपनी जिंदगी के फैसले अब खुद ही लेने लगे हैं।

उन्मुक्तता का रूप लेकर आए 'लिव इन रिलेशनशिप' में बिना किसी लोक लाज के, बेनाम रिश्ते, बंधन के अपने-अपने परिवारों से दूर रहने में नई पीढ़ी बड़प्पन समझ रही है। बड़ी-बड़ी फिल्मी हस्तियों के आचरण, स्टेटस सिंबल को अपनाते हुए नए जमाने के बच्चे अपनी भारतीय संस्कृति और पारंपरिक संस्कार भूलते जा रहे हैं। शायद यही वजह है कि प्यार, रिश्ते, शादी, बंधन जैसे शब्द अपने मायने खोने लगे हैं। इससे न सिर्फ मानसिक तनाव अपितु बड़े-बड़े अपराध भी हो रहे हैं। आखिर ऐसे संबंध, ऐसे रिश्ते का क्या लाभ, जिसकी कोई मंजिल ही न हो। जो रिश्ते परिवार द्वारा आपसी सहमति से निश्चित किए जाते हैं अगर उनमें तनाव, परेशानी आ भी जाती है तो समस्त परिवार आपके साथ होता है और सही फैसला लेने में आपकी मदद करता है।

वहीं, 'लिव इन रिलेशनशिप' में यह फैसला सिर्फ आपका होता है। इससे उत्पन्न हुई परेशानियों से आपको खुद ही निपटना पड़ता है। आप बिलकुल अकेले पड़ जाते हैं और यह रिश्ते अक्सर टूट जाते हैं, जिनका खामियाजा आपको अकेले ही भुगतना पड़ता है। यह मात्र एक छल है, जिसे हम आजादी का नाम देकर खुद को खुद से ही छलते जाते हैं और अपनी जिंदगी को नरक बना देते हैं। दिन प्रतिदिन ऐसे मामले बढ़ रहे हैं, जो हमारी आत्मा को अंदर तक झकझोर कर रख देते हैं। इस रिश्ते का कोई अपना अस्तित्व नहीं। बेहतर होगा कि आने वाली पीढ़ी इस बंधन से दूर रहकर सही राह चुनने का निर्णय ले। अपने हित में सही गलत को पहचानें। भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देकर ऐसे समाज का निर्माण करे, जिसमें रिश्तों की अहमियत, स्वार्थ रहित प्रेम और संवेदनाओं की अनुभूति हो, ताकि समाज और परिवार को सही दिशा मिले।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## तुम हो मेरे मन का सुकून



शिव सन्याल
जवाली, कांगड़ा

**तुम** हो मेरे मन का सुकून ,जीवन तुम से हर्षाया।
हुआ पुलकित मन अपार जब से हूं दर तेरे आया।
लिए मधुर होंठ सस्मित नैन गालों पर कांति छाई,
तस्वीर इतनी सुंदर भगवन तो कैसी होगी काया।
तुम हो मेरे मन का सुकून, भजन में तेरे ही गाता,
जब से आया हूं शरण, जीवन का सुख है पाया।
तुम हो मेरे मन का सुकून, मेरा काम है निपटाता,
लगी तुमसे है प्रभु प्रीत, जब से तेरा नाम ध्याया।
धर्म, कर्म का सार मैं अज्ञानी कुछ भी नहीं जानूं,
तुम हो मेरे मन का सुकून अवगुणी को अपनाया।
देता सदा ही साथ, संकट कभी पास नहीं आता,
अचरज विस्मित हूं भगवन देख के तेरी माया।
तुम हो मेरे मन के सुकून, नित देखूं रूप निराला,
कभी होता न भयभीत, संग रहती जो तेरी छाया।
तुम हो मेरे मन का सुकून, जीवन तुम से हर्षाया।
हुआ पुलकित मन अपार जब से हूं दर तेरे आया।

# स्वच्छता का संदेश देती शीतला माता



रमेश सर्राफ धमोरा
(लेखक, हिंदुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

हमारे देश में विविध पर्व-त्योहारों को मनाने के पीछे वैज्ञानिक सोच व तत्व-दर्शन निहित है। होली के एक सप्ताह बाद मनाये जाने वाले शीतलाष्टमी त्योहार पर शीतला माता का पूजन कर व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि माता के पूजन से चेचक, खसरा जैसे संक्रामक रोगों से मुक्ति मिलती है। चूंकि ऋतु परिवर्तन के दौरान इस समय संक्रामक रोगों के प्रकोप की काफी आशंका रहती है, इसलिए इन रोगों से बचाव के लिए श्रद्धालु शीतलाष्टमी के दिन माता का विधिपूर्वक पूजन करते हैं, ताकि शरीर स्वस्थ बना रहे।

शीतला माता स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं और इसी संदर्भ में शीतला माता की पूजा से हमें स्वच्छता की प्रेरणा मिलती है। इनका सैदव से ही बहुत अधिक माहात्म्य रहा है। शीतला मंदिरों में प्राय: माता शीतला को गर्दभ पर ही आसीन दिखाया गया है। शीतला माता के संग ज्वरासुर-ज्वर का दैत्य, ओलै चंडी बीबी-हैजे की देवी, चौंसठ रोग, घेंटुकर्ण-त्वचा-रोग के देवता एवं रक्तवती-रक्त संक्रमण की देवी होते हैं। इनके कलश में दाल के दानों के रूप में विषाणु या शीतल स्वास्थ्यवर्धक एवं रोगाणुनाशक जल होता है।

शीतला माता देवी है, जो गधे पर सवार होती हैं और नीम के पत्तों की माला का श्रृंगार करती हैं। शीतलाष्टमी को घर में बासी पुआ, पूड़ी, दाल-भात और मिठाई का भोग लगाया जाता हैं। माता को भोग लगाने के बाद घर के सदस्य खुद इसका सेवन करते हैं। सामान्य तौर पर शीतला माता का पूजन चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी को किया जाता है। भगवती शीतला की पूजा का विधान भी विशिष्ट है। शीतलाष्टमी के एक दिन पूर्व उन्हें भोग लगाने के लिए बासी खाना यानी बसौड़ा तैयार किया जाता है। अष्टमी के दिन बासी पदार्थ ही देवी को नैवेद्य के रूप में अर्पित करते हैं और भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में इसे वितरित करते हैं।

उत्तर भारत में शीतलाष्टमी का त्योहार बसौड़ा नाम से भी प्रचलित है। मान्यता है कि इस दिन के बाद से बासी खाना नहीं खाना चाहिए। यह ऋतु का अंतिम दिन होता है, जब बासी खाना खा सकते हैं। इस व्रत में रसोई की दीवार पर हाथ की पांच अंगुली घी से लगाई जाती हैं। इस पर रोली और चावल लगाकर देवी माता के गीत गाए जाते हैं। इसके साथ, शीतला स्तोत्र तथा कहानी सुनी जाती है। रात में जोत जलाई जाती है। एक थाली में बासी भोजन रखकर परिवार के सारे सदस्यों का हाथ लगवाकर शीतला माता के मंदिर में चढ़ाते हैं। इनकी उपासना से स्वच्छता और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रेरणा मिलती है।

शीतला माता की महत्ता के विषय में स्कंद पुराण में विस्तृत वर्णन मिलता है। इसमें उल्लेख है कि शीतला देवी का वाहन गर्दभ है। मां हाथों में कलश, सूप, मार्जन (झाड़ू) और नीम के पत्ते धारण किये हैं। इनका प्रतीकात्मक महत्व है। आशय यह है कि चेचक का रोगी व्यग्रता में वस्त्र उतार देता है। सूप से रोगी को हवा की जाती है। झाड़ू से चेचक के फोड़े फट जाते हैं। नीम की पत्तियां फोड़ों को सड़ने नहीं देतीं। रोगी को ठंडा जल अच्छा लगता है, अत: कलश का महत्व है। गर्दभ की लीद के लेपन से चेचक के दाग मिट जाते हैं। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अमेरिका ने बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखने का लिया फैसला



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

बच्चों में बढ़ती स्मार्ट मोबाइल फोन चलाने की लत छुड़ाने को लेकर अमेरिका ने बड़ा सराहनीय कदम उठाया है। अमेरिका के एक राज्य फ्लोरिडा ने 14 साल से कम उम्र के बच्चों पर स्मार्ट मोबाइल फोन चलाने पर कड़ा प्रतिबंध लगा दिया है। फ्लोरिडा गवर्नर ने इसे कानून बना दिया, जो जनवरी 2025 में लागू होने वाला है। नन्हे बच्चों के स्मार्ट मोबाइल फोन एक्सेस पर अब प्रतिबंध लग जाएगा। बच्चे अब स्मार्ट मोबाइल फोन का बिलकुल इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। बच्चों के अविभावकों को लिखित में मंजूरी लेनी होगी, तभी उनके बच्चे इंस्टाग्राम, स्नेपचैट कर पाएंगे।

कानून की अवहेलना करने वाली कंपनियों को भी भारी जुर्माना किए जाने का प्रावधान भी कानून में शामिल है। अमेरिका की इस सराहनीय पहल पर संयुक्त अरब ईमारात में इसका असर देखने को मिल रहा है। यूएई में स्मार्ट मोबाइल फोन बच्चों के हाथों से छुड़ाने को लेकर चर्चा शुरू हो चुकी है। संयुक्त अरब ईमारात की रियासतें सुरक्षा लिहाज से बहुत सजग हैं। यही वजह है कि विदेशों के लोग यूएई में रहना सुरक्षा लिहाज से बेहतर समझते हैं। अमेरिका के राज्य फ्लोरिडा की इस सराहनीय पहल से अन्य देश भी सीख लेंगे, ऐसी उम्मीद की जा सकती है। अमेरिका विश्व भर में पहला देश माना जाएगा, जिसने बच्चों के भविष्य की चिंता समय रहते करते हुए ऐसा कदम उठाया है। उम्मीद की जा सकती की विश्व के अन्य देश भी इसकी सीख लेकर अपने नन्हों बच्चों के हाथों से स्मार्ट मोबाइल फोन छीनने की पहल जरूर करेंगे। कोरोना काल के दौरान अमेरिका में हुए एक सर्वे की रिपोर्ट अनुसार बच्चों द्वारा स्मार्ट मोबाइल फोन पर ऑनलाइन पढ़ाई किए जाने से उनके मन-मस्तिक और शरीर पर कई विपरीत प्रभाव पड़े हैं। बच्चों में अब चिड़चिड़ापन, गुस्सैल स्वभाव, पढ़ाई में मन न लगना, मानसिक तनाव और स्कूल जाने में दिलचस्पी न लेना आदि अनेकों दुष्प्रभाव देखने को मिले हैं। बच्चों का रोजाना बिगड़ा शेड्यूल अध्यापकों, अविभावकों के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती बनकर रह गया था।

इसी रिपोर्ट से सबक लेकर अमेरिका ने 14 साल से कम उम्र के बच्चों को स्मार्ट मोबाइल फोन से दूर रखने का फैसला लिया है। इंसान काम की बजाय स्मार्ट मोबाइल फोन पर सदैव चिपके रहने से बुढ़ापे की ओर अग्रसर हो रहा है। यह भी सत्य है कि जन संचार क्रांति ने पूरे विश्व को एक माला में पिरोकर जरूर रख दिया है। कल तक कबूतर संदेश वाहक की भूमिका निभाते थे। आजकल डिजिटल युग में कुछ ही मिनटों में कहीं भी किसी से संपर्क साधा जा सकता है। आधुनिक युग में इंसान को जन संचार की जितनी सहूलियतें मिल रहीं, ठीक उतने ही नुकसान भी झेलने के लिए तैयार रहना होगा। डिजिटल टच स्क्रीन मोबाइल की वजह से इंसान के शरीर पर दुष्प्रभाव अधिक पड़ रहा है। चौबीस घंटे स्मार्ट मोबाइल फोन पर चिपके रहने से संपर्क जरूर लोगों से बढ़ते हैं, मगर इस लत की वजह से त्वचा और आंखों को भारी नुकसान पहुंच रहा, लेकिन बहुत कम लोग ऐसा विश्वास कर रहे हैं। आजकल एकांत में स्मार्ट मोबाइल फोन पर व्यस्त रहने की सभी की आदत बन चुकी है।

बच्चों से लेकर वजुर्ग तक स्मार्ट मोबाइल फोन के दीवाने हैं। देर रात तक मोबाइल फोन चलाने वाले अपना सही खान-पान भी नहीं कर पा रहे हैं। अंधेरे में फोन चलाने की वजह से त्वचा संवेदनशील बन जाती है। नतीजन इंसान समय से पहले ही बूढ़ा दिखना शुरू हो जाता है। पहले धूप में रहने की वजह से लोगों के चेहरे पर झुर्रियां बनती थीं, मगर अब स्मार्ट मोबाइल फोन ही मुख्य कारण माना जा रहा है। आंखों के नीचे कालापन आने की वजह से ऐसा प्रतीत होता है मानों इंसान किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हो। स्मार्ट मोबाइल का लगातार इस्तेमाल करने से वह गर्म होकर और भी अधिक घातक बन जाता है। गर्मी के कारण त्वचा के उस क्षेत्र में रसायन मिलेनिन का उत्पादन बढ़ता और इंसान वास्तविक उम्र से कहीं अधिक बूढ़ा नजर आने लगता है। आंखों में खिंचाव महसूस होना, आंखों में पानी आना, दर्द होना, धुंधला दिखना, आंखों का लाल होना, सिरदर्द, घबराहट और चिड़चिड़ापन की समस्या इसके शुरुआती लक्षण हो सकते हैं।

स्मार्ट मोबाइल फोन का लगातार इस्तेमाल किए जाने से युवा पीढ़ी कई गंभीर बीमारियों का शिकार बन रही है। फ्लोरिडा राज्य की ओर से बनाए गए कानून को लेकर भारत में भी लोग अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ का मानना है कि बच्चों को 14 साल से पहले स्मार्ट मोबाइल फोन पर कुछ भी जानने की जरूरत नहीं होनी चाहिए, वहीं कुछेक मानते हैं कि यह अविभावकों पर निर्भर करता है कि वे बच्चों के हाथों में मोबाइल क्या सोचकर थमा रहे हैं। कुल मिलाकर अविभावक बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सही ढंग से करें तो बच्चे मोबाइल फोन का कभी गलत इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मन के वशीभूत होकर पद की गरिमा भूला शिक्षक



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

शिक्षक किसी भी समाज का आईना होने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माता भी होते हैं। उन्हीं के हाथों में छात्र -छात्राओं के समाजीकरण, उच्च मूल्यों और आदर्शों को अपनाने, बुराइयों के खिलाफ लड़ने व सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास जैसे उच्च मूल्यों के कौशल निखारने की बागडोर होती है। बचाव और विध्वंस इन्हीं के हाथों में होता है। लेकिन, कुछ शिक्षक अपने मंसूबों के वशीभूत होकर हवस, शारीरिक संपर्क की लालसा युक्त विचार को इजाद कर गुरु-शिष्य के पवित्र रिश्तों को तार-तार करते हुए सामाजिक अवमूल्यन में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं।

केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के 44 वर्षीय प्रोफेसर, जो कि देश के सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी संस्थान से ज्ञान अर्जन कर इस विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं को ज्ञान बांटने का कार्य कर रहा था, उसने अपने इस महत्वपूर्ण पद की आड़ में एक 26 वर्षीय शोध छात्रा को त्योहार वाले दिन अपनी शिक्षक की मर्यादा को तोड़कर उसके साथ निजी होटल में शारीरिक संबंध स्थापित किया। यह घटना छोटी-मोटी घटना नहीं है। यह इतने बड़े शिक्षण संस्थान के माहौल की ओर ध्यान नहीं दिए जाने का एक गंभीर परिणाम है, जो एक लंबे अरसे के बाद प्रकट हुआ। न जाने इस तरह के कितने ही कृत्य शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत छात्राओं के साथ हर रोज घटते हैं, लेकिन किसी कारणवश प्रकट नहीं हो पाते हैं। शोध छात्राओं, तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर रही छात्राओं व चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टरी, नर्सिंग इत्यादि की पढ़ाई कर रहीं ऐसी अनेक छात्राएं अधिकार प्राप्त ऊंचे पद पर विराजमान शिक्षकों के मुंह का नवाला बनती हैं। इन्हें पहले पढ़ाई के नाम के जाल में उलझाया जाता है, फिर असाइनमेंट के नंबर बढ़ाने, प्रायोगिक परीक्षा में फेल करने, वार्षिक परीक्षाओं में असफलता का डर दिखाने इत्यादि का भय दिखाकर अपने चंगुल में फंसाकर कुछ शिक्षक अपने गंदे इरादों को अंजाम देने के लिए मजबूर करते हैं। कुछ छात्राएं समझौता कर लेती हैं, कुछ बदनाम होने के डर से मुंह बंद रखती हैं व कुछ आत्महत्या जैसे कृत्य को अंजाम देकर अपनी इहलीला खत्म कर देती हैं। हम आज के संदर्भ में पद, शिक्षा, ओहदा, वरिष्ठता, महत्वपूर्ण व्यक्तित्व को देखकर या अनुमान लगाकर यह नहीं कह सकते कि सामने वाला आदमी एक अच्छा इंसान है। आज हर क्षेत्र में मानव की चमड़ी के भीतर एक भेड़िया छुपा हुआ है, जिसे पहचानने में महिला वर्ग के लिए इस तरह की घटना को अंजाम देने से पूर्व ऐसे पुरुषों द्वारा छोटे छोटे संकेत, बातचीत के लहजे, पेशकश, तोहफा, प्रशंसा करना, खाना खिलाने की पेशकश, चाय पिलाने के बहाने, फोन पर एसएमएस के लहजे के संकेत इत्यादि साधारण वार्तालाप से कुछ खास तरह के संकेत छोड़ते हैं, जिन्हें समय रहते पहचान कर सावधान रहने या किनारा करने की मातृशक्ति को आज विशेष जरूरत है, ताकि वह अपने आप को खुद ही सुरक्षित रख सके। इस बात का तात्पर्य शक या संदेह पैदा करने से नहीं है, बल्कि सचेत रहकर इस तरह के दुष्चक्र से बाहर निकलने के रास्तों से है, जो कहीं न कहीं हमें बचाव की तरफ ले जाएंगे।

यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पूर्व भी प्रदेश के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर में कार्यरत एक चिकित्सक ने भी नर्स के साथ अश्लील हरकत की थी। एक-दो दिन पूर्व सिरमौर जिले के संगड़ाह के सरकारी स्कूल हेड मास्टर एवं चौकीदार ने स्कूल में कार्यरत एक मूक-बधिर मल्टी टास्क महिला वर्कर के साथ गलत कृत्य को अंजाम दिया। इसी सप्ताह मंडी जिला के सराज क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा, जो अपने रिश्तेदार के घर से विद्यालय की ओर अकेली जा रही थी, तो उसे उसी के एक शिक्षक ने गाड़ी में लिफ्ट देने के बहाने अपने साथ बिठा लिया व रास्ते में उसके शरीर को गलत तरीके एवं गलत नियत से छुआ। यह कैसी विडंबना है कि आज के शिक्षक भेड़िए का रूप धारण कर समाज में स्थापित अपने सालों की प्रतिष्ठा को खुद ही ध्वस्त कर रहे हैं। आज किस तरह की कामुकता उनके मन में पनप रही है, जो उन्हें प्रकाश से अंधकार की ओर धकेलने का कार्य कर रही है। हाल ही में मंडी शहर के निजी कोचिंग सेंटर में पढ़ाने वाले शिक्षक द्वारा तीन नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म और छेड़खानी का मामला भी शिक्षकों के कामुकता को बयां करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**एआई** यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समय के साथ बहुत बदलाव लाने वाली है। यह टेक्नोलॉजी समाज में कई चुनौतियां सामने लाएगी। आज टेक्नोलॉजी ने जिंदगी को आरामदायक और आसान तो बना दिया है, लेकिन बेरोजगारी भी बढ़ा दी है। आज दुनियाभर के देशों के लिए बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या बनती जा रही है। बेरोजगारी का एक मुख्य कारण आधुनिक टेक्नोनॉजी मशीनें भी हैं। तकनीकी आविष्कारों का नकारात्मक असर हमारे देश में रोजगार पर पड़ा है। पहले जिस काम को दस मजदूर घंटों में करते थे, अब नई तकनीक से एक मशीन से एक ही व्यक्ति उस काम को कुछ ही मिनटों में कर रहा। इन मशीनों को तैयार करने के लिए भी मशीनों का ही सहारा लिया जाता है। भारत में इन मशीनों का निर्माण भी न के बराबर है। इस कारण भी नई तकनीक भारत में रोजगार के लिए अभिशाप मानी जा सकती है। ऐसा नहीं कि आधुनिक टेक्नोलॉजी एआई के नकरात्मक परिणाम हैं, इसके सकरात्मक पहलू भी हैं, लेकिन हमें भी भी सोशल मीडिया के युग में सतर्क और जागरूक रहना होगा। - **अंकुर नाग,**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### पांगी में बर्फबारी ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें



पांगी घाटी के मुख्यालय किलाड़ में हुई बर्फबारी का दृश्य।

**चंबा।** पांगी घाटी के लोगों की मुसीबतें एक बार फिर बढ़ गई हैं। पांगी घाटी के मुख्यालय किलाड़ में तकरीबन दो इंच तक ताजा हिमपात हुआ है। वहीं ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पांच इंच के करीब हिमपात हुआ है। इस बर्फबारी के बाद समूची घाटी शीतलहर की चपेट में आ गई है। बर्फबारी होने से सड़कों पर फिसलन होने के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शनिवार रात भर चंबा में हुई बारिश के बाद भरमौर-पठानकोट हाई-वे समेत आधा दर्जन मार्गों पर वाहनों की रफ्तार थम गई। वाहनों की रफ्तार थमने से देखते ही देखते छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मार्गों के बंद होने से अपने गंतव्यों की ओर निकले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

### गरोला की कृतिका का नवोदय में चयन



**भरमौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गरोला की छात्रा कृतिका ठाकुर का नवोदय विद्यालय सरोल में छठी कक्षा में चयन हुआ है। कृतिका के पिता महेंद्र सिंह इंजीनियर एवं माता दीपिका ठाकुर शिक्षिका हैं। कृतिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, दादा-दादी और नाना-नानी को दिया है। कृतिका ने पांचवीं तक की पढ़ाई राजकीय प्राथमिक पाठशाला ब्योटी में ग्रहण की है।

### उटीप का कार्तिक जेएनवी में करेगा पढ़ाई



**चंबा।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला उटीप के विद्यार्थी कार्तिक का चयन पीएम स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल के लिए हुआ है। लगातार तीन वर्ष से इस पाठशाला के विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयनित हो रहे हैं। इसके लिए पाठशाला के स्टाफ के साथ-साथ क्लस्टर के अध्यापक भी बधाई के पात्र हैं।

### सरोग स्कूल के होनहार नवाजे

**चुवाड़ी।** राजकीय उच्च विद्यालय सरोग का वार्षिक परीक्षा परिणाम व पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कुसमलता प्रधान ग्राम पंचायत रजै मुख्यातिथि ने वर्ष भर उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने अपनी तरफ से 5100 रुपए भेंट किए। इसके अलाबा एसएमसी अध्यक्ष रचना देवी, पूर्व छात्र नवीन कुमार, अविभावक उपस्थित रहे। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रथम श्रेणी के बच्चों व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के मुख्याध्यापक महेंद्र पाल ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और सभी अविभावकों से अपील की कि वे अपने आस पास के बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिल करने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि जो भी अविभावक नया दाखिला करवाएंगे उसे विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। मुख्याध्यापक ने स्थानीय पंचायत का विद्यालय के विकास में सहयोग के लिए धन्यवाद किया। क्षेत्र के लोगों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों का दाखिला राजकीय उच्च विद्यालय में करवाएं।

# खड़ामुख-होली मार्ग पर 10 घंटे थमी रही रफ्तार

## कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण वाहनों की आवाजाही बंद, यात्री हुए परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

खड़ामुख-होली मार्ग रविवार सुबह ही जगह-जगह भूस्खलन के चलते एक बार फिर से सभी प्रकार की वाहनों की आवाजाही के लिए 10 घंटे बंद रहा।

जगह-जगह हुई लैंडस्लाइड के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। सड़क बंद होने के कारण कई लंबे रूट की बसें भी समय पर नहीं जा पाई। तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद विभाग व जेएसडब्ल्यू विद्युत परियोजना की मशीनरी ने इस सड़क को यातायात के लिए बहाल किया। सड़क बंद होने के कारण आने जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार शनिवार रात को हुई भारी बारिश के कारण यहां पर कई जगह भारी लैंडस्लाइड हुआ। जिसके कारण यहां पर खड़ामुख-होली सड़क सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गई। गौरतलब है कि खड़ामुख-होली मार्ग पर पिछले कई दिनों से लगातार लैंडस्लाइड होने के चलते अक्सर यह सड़क बंद हो रही है। जिसके कारण पिछले कई दिनों से यह सड़क आम लोगों और वाहन चालकों के लिए आफत बनी हुई है। यहां पर लगातार जमीन धंसने के कारण आए दिन सड़क बंद हो रही है।



खड़ामुख-होली मार्ग पर हुआ भूस्खलन, इससे मार्ग कई घंटे बंद रहा।

- विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद बहाल किया मार्ग

मीत शर्मा अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग भरमौर का कहना है कि बारिश के कारण खड़ामुख-होली मार्ग पर कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ है। जिसकी सूचना मिलते ही विभाग द्वारा मार्ग को बहाल करने की कवायद आरंभ कर मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया है।

# पांगी के धरवास स्कूल में स्थापित किया सोलर सिस्टम



धरवास स्कूल में सोलर सिस्टम स्थापित करने के दौरान मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, पांगी**

आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर की संस्था आर्ट आफ लिविंग द्वारा सतत हिमालय विकास को लेकर संकल्प हिमालय उन्नति मिशन के तहत जिला चंबा के पांगी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धरवास में सोलर स्मार्ट क्लासरूम कार्यक्रम के अंतर्गत दो किलोवाट का सोलर सिस्टम स्थापित किया गया। इसे एक स्मार्ट स्क्रीन से जोड़ा जाएगा, जिससे विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्रदान की जाएगी। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में 21 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को इस कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। स्कूल के प्रधानाचार्य जय सिंह ठाकुर ने स्कूल की तरफ से हिमालय उन्नति मिशन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आर्ट आफ लिविंग की ओर से विद्यालय की बेहतरी के लिए जो प्रयास किया गया है, उससे आने वाले समय में बच्चों को काफी लाभ मिलेगा। हिमालय उन्नति मिशन की ओर से सूरज प्रकाश समुदाय समन्वयक, युवाचार्य राजकुमार एवं वीर सिंह राणा ने कहा कि संस्था की ओर से लगातार सामाजिक कार्यों को लेकर मिशन चलाया जा रहा है।

# विधायक डीएस ठाकुर ने लिया भुरु नाग देवता का आशीर्वाद



भुरु नाग देवता मंदिर में पूजा-अर्चना करते विधायक डीएस ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

भुरु नाग देवता मंदिर में बीते शुक्रवार से श्रीराम कथा व श्रीराम महायज्ञ का आयोजन करवाया जा रहा है। इसी आयोजन के चौथे दिन रविवार को स्थानीय विधायक डीएस ठाकुर ने विशेष रूप से शिरकत कर भुरु नाग देवता का आशीर्वाद प्राप्त कर पूजा-अर्चना की। विधायक डीएस ठाकुर ने बताया कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि आज भुरु नाग देवता मंदिर में अरणी मंथन द्वारा अग्नि स्थापन अथवा वैदिक मंत्रोच्चारण से अग्नि देव प्रज्जवल के साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से छह अप्रैल तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बन कर पुण्य प्राप्ति की अपील की। बताते चलें कि रविवार के इस आयोजन में सुबह श्रीराम महायज्ञ व शाम को राम कथा के अलावा भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ।

# संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में बही प्रवचनों की बयार

## महात्मा डॉ. राजेंद्र की अगुआई में किया गया सत्संग का आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा डॉ. राजेंद्र की अगुआई में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया। मंच पर विराजमान महात्मा डॉ. राजेंद्र ने प्रवचनों से साध संगत को भाव विभोर करते हुए कहा कि निराकार पारब्रह्म जहां सृष्टि के कण-कण में व्याप्त है, वहीं यह संपूर्ण दृश्यमान जगत से न्यारा भी है। संपूर्ण दृश्यमान सृष्टि माया है जो परिवर्तनशील है।

इस पंच भौतिक सृष्टि के परिवर्तित होने पर भी जो अस्तित्व सदैव स्थायी, स्थिर और एक रस है, वही निराकार पारब्रह्म है। परमात्मा निराकार होते हुए भी अनुभूतिगम्य है,जानने योग्य है। वास्तव में निराकार परमात्मा को जानना ही मानव जीवन का मूल उद्देश्य है और यह उद्देश्य जन्म और मृत्यु के बीच के समय में ही पूरा हो सकता है। जिसके लिए संतों महात्माओं का संग साधन बनता है। निराकार ब्रह्म सगुण सत्ता है जो एक शरीर के माध्यम से कार्य करती है। सद्गुरु शरीर नहीं बल्कि वह-सत्य-ज्ञान है जो शरीर के माध्यम से प्रवाहित होता है। सद्गुरु संपूर्ण मानवता के लिए अवतरित होता है। इस मौके पर निरंकारी ब्रांच प्रेस सचिव विनोद कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। वहीं साहों,जडेरा, राख, जांगी, मैहला, मंगला आदि क्षेत्रों से आए संतों महात्माओं ने सदगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की शिक्षाओं को अपने विचारों व भजनों द्वारा व्यक्त किया।



संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में सत्संग सुनती संगत।

# चंपावती मंदिर में दिव्य बीज मंत्रों का पाठ

**चंबा।** चंबा के ऐतिहासिक चंपावती मंदिर में रविवार को पावन दिव्य बीज मंत्रों का सामूहिक पाठ किया गया। संयोजक जसवंत ठाकुर ने बताया कि परम पूजनीय महाराज कुमार स्वामी कहते हैं कि दिव्य पाठ से तन, मन और धन की समस्याएं दूर होती हैं। दिव्य पाठ करने वाला व्यक्ति हर समय आनंद में रहता है। उसे किसी भी प्रकार के नशे की आवश्यकता नहीं होती। पाठ करने से सभी प्रकार के विष दूर हो जाते हैं। पृथ्वी पर बिखरने वाली सभी नकारत्मक शक्तियां इस पाठ के करने से दूर भाग जाती हैं और मनुष्य को वृद्धि, कीर्ति प्राप्त होती है। दिव्य बीज मंत्रों का पाठ हमारी सारी समस्याओं का समाधान एक साथ करता है। परमात्मा का नाम मनुष्यों में सकरात्म सोच पैदा करता है और दिव्य बीज मंत्रों का पाठ हमारे जीवन में उजाला लाता है। इस अलौकिक पाठ से व्यक्ति को धर्म, अर्थ आदि की प्राप्ति होती है और परमात्मा की अपार कृपा भी मिलती है।

# आयल और भालोड़ी पंचायत के लोग लोकसभा चुनाव का करेंगे बहिष्कार

**आजम डार, तीसा**

- सड़क सुविधा न मिलने पर ग्रामीणों ने लिया फैसला
- कहा- प्रशासन और सरकार नहीं करती है सुनवाई

चुराह विधानसभा क्षेत्र की आयल और भड़ेला पंचायत के लोग पिछले कई वर्षों से सड़क सुविधा से वंचित हैं। आजादी के 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी इन लोगों को आज भी सड़क सुविधा उपलब्ध नहीं है जिसको लेकर इन लोगों में भारी रोष है। इस बार इन लोगों ने लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करने का फैसला लिया है। स्थानीय लोगों में रमजान, रामनाथ हनीफ, कर्म सिंह, रिंकू, चैन लाल, दूनी चंद त्रिलोक सिंह, हरी सिंह, मुसादी राम का कहना है की हम लोग कई वर्षों से सड़क सुविधा की मांग कर रहे हैं परंतु कोई भी सरकार प्रशासन इनकी आवाज नहीं सुन रहा है। यही कारण है की लोग आज भी मरीजों को पीठ पर उठाकर सड़क तक पहुंचाते हैं। स्कूली छात्रों और अन्य ग्रामीणों को पैदल चलकर ही अपना सफर तय करना पड़ता है। वहीं चुराह प्रशासन को जब इस बात की भनक लगी तो उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि जल्द आपकी समस्या का समाधान किया जाएगा और मतदान करने के बारे में जागरूक किया। चुराह एसडीएम शशि पाल शर्मा का कहना है कि लोकतंत्र में मत का इस्तेमाल सभी को करना चाहिए नेता समस्याओं पर कार्य करते हैं लेकिन वोट का बहिष्कार करना सही बात नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# कलवारी गोस्पेल चर्च डलहौजी छावनी में मनाया ईस्टर पर्व



डलहौजी में ईस्टर पर्व के दौरान मौजूद लोग।

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

ईस्टर संडे को ईसाई धर्म के लोग खुशी के पर्व के रूप में मनाते हैं। ईस्टर पर्व मनाने को लेकर ऐसी मान्यता है कि गुड फ्राइडे के दिन सूली पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन प्रभु यीशु पुनः जीवित हो गए थे। इसी खुशी में ईसाई धर्म के लोग ईस्टर का पर्व मनाते हैं। इसलिए ईस्टर प्रभु यीशु के जन्मदिन के रूप में भी मनाता जाता है। डलहौजी छावनी के कलवारी गोस्पेल में इस पर्व को लेकर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया जहां ईसाई समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोगों ने प्रार्थना में प्रभु यीशु का धन्यवाद और आराधना करते हुए मानव जाति के उद्धार के लिए धन्यवाद किया। चर्च के पादरी राजन ने बताया कि ईस्टर ईसाई समुदाय का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। छावनी चर्च में इस आयोजन को लेकर आए हुए श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया था। (अनंत ज्ञान)

# ईस्टर पर्व पर निकाली प्रभात फेरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

गुड फ्राइडे के पश्चात तीसरे दिन कब्र को फतेह कर जी उठने के प्रतीत के रूप में ईसाई समुदाय द्वारा ईस्टर पर्व के रूप में मनाया जाता है। जिसके चलते जिला चंबा में स्थित ऐतिहासिक गिरजाघर में रविवार को ईस्टर पर्व पर विशेष प्रार्थना सभा का पादरी शमशेर मसीह की अगुआई में आयोजन किया गया।

ईस्टर पर्व प्रार्थना सभा की अगुआई करते हुए पादरी शमशेर मसीह ने पवित्र बाइबल में विद्यमान प्रवचनों को सांझा करते हुए बताया कि जब गुड फ्राइडे के दिन यीशु मसीह के प्राण त्यागने के बाद अंधकार छाने सहित चारों और मायूसी का वातावरण छा गया। वहीं उन्हें कब्र में दफन करने के बाद उनके चेलो ने उनकी कहीं हुई बातों को स्मरण करने से लेकर विलाप में रात काट दी, लेकिन जब तीसरे दिन यीशु मसीह का मां मरियम सुबह सवेरे उनकी कब्र पर प्रार्थना करने पहुंची तो उसने देखा कि कब्र का पत्थर हटा है व यीशु मसीह का शव अंदर नहीं है। जिसे देख वह चिंचित व भयभीत हो गई। तभी आकाश से फिरश्तों ने वहां आकर कहा कि तू जिसे मुर्दो में ढूंढ रही है वह जिंदों में है व अपने प्रिय लोगों से मिलकर अपने प्रवचन अनुसार जीवित होने की मिसाल दे रहा है। फिर तू उसे यहां क्यों ढूंढ रही है। बाइबल बताती है कि यीशु मसीह ने अपने पकड़े जाने से पूर्व अपने चेलों के साथ अंतिम रात्रि भोज में बता दिया था कि उनमें से एक उन्हें चंद सिक्कों के लालच में पकड़वाएगा और जब वह पकड़े जाएंगे तो तीन बार मुर्गा बांग देगा। जो इस बात का साक्षी बनेगा। जिसके पश्चात उन्हें सूली पर मृत्यु दंड दिया जाएगा। मगर वह तीसरे दिन कब्र व मौत पर फतेह हासिल फिरदोस में खुदा के दाहिने हाथ बैठेंगे। वहीं मुख्य प्रार्थना सभा के अतिरिक्त सुबह प्रभात फेरी निकाल यीशु मसीह के जीवित होने का संदेश ईसाई समुदाय के लोगों ने भजनों के माध्यम से जन-जन को दिया। जबकि दोपहर ईस्टर पर्व पर प्रीति भोज का आयोजन भी किया गया।



प्रभात फेरी निकालते पादरी शमशेर मसीह व समुदाय के लोग।

### सूडोकु 0019 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0018 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

1 अप्रैल, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि :** सप्तमी (09:12) : **नक्षत्र :** मूल (11:12), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** वरियान (08:28) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:00-12:50), राहुकाल (07:44 -09: 17)।

### विशेष दिन

- 1 अप्रैल 2024 को शीतला सप्तमी।
- 2 अप्रैल 2024 को शीतला अष्टमी और विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस।

**मेष :** आज परिवार के सदस्यों से पूर्ण सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति के अच्छे संयोग बने हैं। वाणी पर संयम बनाए रखें ताकि शुभ फल प्राप्त होता रहे।

**वृषभ:** पुरानी समस्याओं का अंत होगा। नौकरी में अधिकारियों से सहयोग एवं कार्य करने के लिए उत्साह बना रहेगा। आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

**मिथुन:** खर्च और कर्ज आज आपकी चिंता का कारण बन सकता है इसलिए सोच-समझकर कार्य करें, अनावश्यक खर्च से बचें। कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं।

**कर्क :** आज दिन मंगलमय बीतेगा। विशेष लाभ के योग बन रहे हैं। कार्यों की पूर्णता होगी। जोखिमपूर्ण निवेश में भी लाभ होगा। मान-सम्मान मिलेगा।

**सिंह :** आज दिनभर कार्य की व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान और यश में वृद्धि होगी। पूजा-पाठ से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या :** आध्यात्मिक सुख एवं सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। भाग्य आज आपका साथ देने के लिए तत्पर है। नए अवसर प्राप्त होंगे। चित्त प्रसन्न रहेगा।

**तुला :** आज दूर की यात्रा न करें। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। अजनबी लोगों पर भरोसा न करें। माता-पिता के साथ मतभेद हो सकता है अथवा उनका स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रिय व्यक्तियों का साथ मिलेगा। शेयर में निवेश कर सकते हैं, लाभ होगा। शौक के साधन तथा मनोरंजन के पीछे पैसे खर्च करेंगे।

**धनु :** आज उन्नतिदायक दिन होगा। अचानक कोई शुभ समाचार या रुका हुआ धन प्राप्त होगा। शत्रु पराजित होंगे। घर में भाई-बहनों के साथ मेल-मिलाप रहेगा।

**मकर:** मनोरंजन कार्य में समय अधिक व्यतीत होगा। बुद्धि-विवेक से सफलता आज आपके कदम चूमेगी। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ बाहर जा सकते हैं।

**कुंभ :** आज वाद-विवाद में न पड़ें अन्यथा विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना अति आवश्यक है।

**मीन :** आत्मविश्वास एवं पराक्रम वृद्धि के कारण सफलता प्राप्त होगी। मेहनत के अनुपात में लाभ प्राप्त होगा। गृहस्थ जीवन में आनंद रहेगा। धन प्राप्ति और पदोन्नति का योग है

**सख्ती** | सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए निगम का फैसला

# ओवरलोडिंग की तो सस्पेंड होगा परिचालक

**आरके रांगड़ा, चंबा**

ओवरलोडिंग के कारण सड़क दुर्घटनाओं के ग्राफ पर नियंत्रण पाने के तहत सरकार व हिमाचल पथ परिवहन निगम सक्रिय हो गए हैं। सरकार व निगम अधिकारियों द्वारा हाल ही में संयुक्त रूप से फैसला लेते हुए सर्वप्रथम निगम की बसों में ओवरलोडिंग समस्या को खत्म करने का निर्णय लिया है। जिसके चलते यात्रियों को ही नहीं बल्कि अब बस परिचालक पर निगम अधिकारियों की ओवरलोडिंग नियमों की अवेहलना करने की गाज जुर्माना राशि भरने के रूप में गिर सकती है।

यही नहीं अगर एक रूट पर एक ही परिचालक बस ओवरलोडिंग नियम को लगातार तीन बार तोड़ता पकड़ा जाता है तो ऐसे परिचालक को निगम सस्पेंड भी कर सकता है। गौर हो कि जिला चंबा सहित अन्य कई जिलों में आए दिन बस दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इन दुर्घटनाओं के मुख्य कारण जाने सरकार व निगम अधिकारियों द्वारा बैठक कर कारणों पर मंथन किया गया। जिसमें बसों में तकनीकी खराबी की समस्या सामने आने सहित सबसे अधिक वजह ओवरलोडिंग से दुर्घटनाओं के मामले प्रकाश में आए। जिन में निगम व निजी दोनों बसों के वर्ग शामिल हैं। सरकार व निगम ने ओवरलोडिंग समस्या से निपटने का समाधान निकालते हुए निगम बसों में ओवरलोडिंग बंद करवाने का निर्णय लिया।

निगम औचक निरीक्षण अधिकारियों को टिकट जांच सहित बसों की ओवरलोडिंग भी चेक कर बस संबंधी परिचालक पर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें औचक निरीक्षक अधिकारी द्वारा बस की छत पर सफर करने वाले यात्री को अब चेतावनी दे छोड़ने की बजाय बस परिचालक व यात्री दोनों को तत्काल जुर्माना किया जा सकता है।

वहीं बस के भीतर बस क्षमता से अधिक यात्री बैठने पर परिचालक पर यात्रियों के हिसाब से निगम अधिकारी जुर्माना वसूल करेंगे। सरकार व निगम ने परिचालकों को यात्रियों के न मानने व बवाल मचाने पर ओवरलोडिंग प्वाइंट पर बस खड़ी कर तत्काल निगम कंट्रोल रूम को सूचना देने व मोबाइल में घटनाक्रम रिकॉर्ड कर इस दिशा में छूट का प्रावधान भी रखा है। सरकार व निगम के ओवरलोडिंग नियंत्रण के प्रति नए मापदंड लागू करने से फिलहाल परिचालकों में हड़कंप मच गया है। (अनंत ज्ञान)



### हल होगी समस्या

उधर पथ परिवहन निगम की बसों में ओवर लोडिंग के प्रति नए मापदंड लागू होने की पुष्टि करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक पथ परिवहन निगम चंबा शूगल सिंह ने कहा कि इस नियम के लागू होने से बसों में ओवरलोडिंग की समस्या काफी हद तक हल हो जाएगी। परिचालकों व बस निरीक्षक अधिकारियों को इस दिशा में सूचना एवं दिशा निर्देश देने का कार्य प्रगति पर है।

# प्रतिभागियों ने लघु कथाएं प्रस्तुत कीं

**चंबा।** महिला साहित्यकार संस्था जिला चंबा इकाई द्वारा राज्य स्तरीय लघु कथा वाचन श्रृंखला का आभासी माध्यम से आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त शिक्षिका गुरमीत कौर उपस्थिति रही। इसके साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रीता सिंह प्रांत अध्यक्ष महिला साहित्यकार संस्था द्वारा की गई। कार्यक्रम में चार जिलों से चयनित लघु महिला कथाकारों ने भाग लिया। प्रतिभाग करने वालों में सोनाली कुल्लू, अर्चना शर्मा नाहन, दीपिका महाजन कांगड़ा व सुधा हंस बिलासपुर जिला से शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन और तकनीकी संयोजन जिला चंबा इकाई द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर जिला चंबा महिला साहित्यकार संस्था अध्यक्ष डॉ.कविता बिजलवान द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। सभी प्रतिभागियों द्वारा उत्कृष्ट व बेहतरीन लघु कथाएं प्रस्तुत कीं।

# देवता लक्ष्मी नारायण के सम्मान में रूपी रैला में आज मनाया जाएगा मूल पर्व



आराध्य देवता लक्ष्मी नारायण।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सैंज घाटी के रूपी रैला में सोमवार को देवता लक्ष्मी नारायण के सम्मान में मूल पर्व का भव्य आयोजन होगा। गौर है कि चैत्र मास के मूल नक्षत्र के दिन हर वर्ष सैंज घाटी के रैला स्थित बागी में मूल पर्व का आयोजन होता है, जिसमें देवता लक्ष्मी नारायण जी अपने मूल स्थान सर्चनीग्रा से अपने रथ में विराजमान होकर लाव लश्कर के साथ लक्ष्मी नारायण मेला मैदान पहुंचते हैं।

इसके बाद यहां से प्रस्थान करके बागी में प्रवेश करते हैं। जहां पर प्राचीन काल से आ रहे परंपरा किया अनुसार देव कार्यों का निर्वहन होता है।

## राजा बहादुर सिंह ने देव लक्ष्मी नारायण को दान की थी सैकड़ों बीघा भूमि

**सैंज** घाटी की ग्राम पंचायत रैला में देवता लक्ष्मी नारायण के जन्म तिथि के रूप में मनाए जाने वाला देवकारज ( मूल पर्व) 1532 ई. में तत्कालीन कुल्लू के राजा बहादुर सिंह द्वारा देवता लक्ष्मी नारायण को समर्पित किया गया है। यह आज मूल पर्व अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरे से भी प्राचीन है।

कुल्लू दशहरे की बात करें तो भले ही यह आज विश्व प्रसिद्ध हो चुका हो लेकिन मूल पर्व से 121वर्ष बाद से शुरू हुआ है। आज भी राजा बहादुर सिंह का जिक्र यहां की देव भारथा में मिलता है। 1532 ई. में ही राजा बहादुर सिंह ने राणा और ठाकुरों से वजीरी रूपी को जीत कर कुल्लू राज्य का भाग बना लिया था।


### क्या है मूल पर्व का इतिहास

जनश्रुति के अनुसार 1532ई. में राजाओं के राज में हकूमत राजा की होती थी जब भगवान देवता लक्ष्मी नारायण जी की मूर्ति (मोहरा) चैत्र मास के मूल नक्षत्र को वागी नामक स्थान में मिला तो उस मूर्ति (मोहरे)मिलने की जानकारी तब तत्कालीन राजा बहादुर सिंह को प्राप्त हुई तो राजा के द्वारा मूर्ति व उस बागी की सेरी पर हक जताया गया। राजा का फरमान सुनते ही हारियांन ने राजा को मूर्ति न देने का फैसला लिया गया।

हरियानो द्वारा यह मूर्ति देवता लक्ष्मी नारायण जी की बताई गई। हरियाणा और राजा के मध्य एक समझौता हुआ जिस पर राजा बहादुर सिंह ने भगवान लक्ष्मी नारायण के समक्ष एक शर्त रखी कि मेरा असल बकरा होगा और नारायण जी का आटे का बकरा होगा। इन दोनों बकरों में जो बकरा इस बागी की सेरी में घास को खाएगा ये मूर्ति ओर वागी की सेरी उसकी होगी। फैसला समस्त प्रजा द्वारा स्वीकार किया गया।

जब असल बकरे और आटे के बकरे को वागी की सेरी में छोड़ा गया तो भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की लीलाओं से राजा का असल बकरा उसी वागी नामक स्थान पर मर जाता है और नारायण जी का आटे के बकरे ने जूब (हरी घास) को चर कर खा लिया उसी क्षण राजा बहादुर सिंह ने श्री लक्ष्मी नारायण से माफी मांगी और वो मूर्ति सहित समस्त वागी की सेरी समेत सैकड़ों बीघा भूमि को भगवान लक्ष्मी नारायण नारायण जी को समर्पित कर दिया।

इस दिन जो भी श्रद्धालु लक्ष्मी नारायण के पास फरियाद लेकर आता है तो अवश्य ही उसकी फरियाद पूरी हो जाती है और कष्ट दूर हो जाते हैं।



आयोजित मूल पर्व के दौरान घाटी के लोग।( फाइल फोटो)

## न्यूज ब्रीफ

### दुआड़ा स्कूल के होनहार किए सम्मानित



**पतलीकूहल।** संगम युवक मंडल गांव शामन दुआड़ा की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुआड़ा स्कूल में सम्मानित समारोह का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय दुआड़ा में वार्षिक परिणाम घोषित होने पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान और गत वर्ष सर्वश्रेष्ठ रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिसमें पांचवी कक्षा में प्रथम नितेश व आंचल, द्वितीय अंशुमान, तृतीय अनन्या को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अन्य बच्चे भी अव्वल रहे। वहीं पूरे विद्यालय में छात्रा आंचल सर्वश्रेष्ठ रही, इन सभी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में संगम युवक मंडल के प्रधान श्याम चंद, सचिव सुरेन्द्र कुमार तथा कर्म चंद, प्रवीण कुमार, मोहिंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### शैंशर विद्यालय पीएम श्री के लिए चयनित

**सैंज।** जिला कुल्लू में शैक्षणिक सत्र 2023-2024 की स्कूल प्रबंधन समिति की अंतिम बैठक एसएमसी प्रधान राज कुमार नेगी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। विद्यालय के नॉन बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शैंशर का चयन केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजना पीएम श्री तथा राज्य के उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में हुआ है। पीएम श्री योजना के अंतर्गत आगामी पांच वर्षों में विद्यालय को लगभग 2 करोड़ का बजट प्राप्त होगा जिससे अतिरिक्त कक्षा कक्षों, शौचालयों, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, खेल मैदान, चारदीवारी आदि के निर्माण सहित सभी कक्षा- कक्षों का आधुनिकीकरण होगा तथा स्मार्ट क्लास रूम स्थापित होंगे। विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू होगी जो 10 अप्रैल तक बिना विलंब शुल्क के साथ चलेगी। 5 अप्रैल से विद्यालय की नियमित कक्षाएं शुरू होगी।

### आदर्श विद्यालय को मिलेगा दो करोड़ का बजट : अमर

**आनी ।** पीएम श्री उत्कृष्ट आदर्श विद्यालय आनी में सत्र 2023- 24 का अंतिम शिक्षा संवाद प्रधानाचार्य अमर चंद चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति कार्यकारिणी सहित पाठशाला के अभिभावक , शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। कुन्दन शर्मा ने जानकारी दी कि आदर्श विद्यालय आनी का चयन हिमाचल प्रदेश की 180 पाठशालाओं के साथ आनी खंड की एकमात्र पाठशाला के रूप के केंद्र सरकार की योजना पीएम श्री पाठशाला तथा राज्य सरकार की योजना उत्कृष्ट पाठशाला के लिए हुआ है । पीएम श्री योजना के अंतर्गत आगामी पांच वर्षों में पाठशाला को लगभग 2 करोड़ का बजट प्राप्त होगा। वहीं प्रधानाचार्य ने कक्षा नौवीं तथा दस जमा एक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया।

### सरस्वती विद्या मंदिर रियाड़ा में मनाया वार्षिकोत्सव



**पतलीकूहल ।** सरस्वती विद्या मंदिर रियाड़ा का वार्षिकोत्स्व एवं पुरुस्कार वितरण समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर एवं विद्यालय के पूर्व छात्र प्रेम प्रकाश ने शिरकत की। मुख्य वक्ता के रूप में हिमाचल शिक्षा समिति जिला महामंत्री एवं हिंदी प्रवक्ता जोगिंद्र ठाकुर तथा कार्यक्रम अध्यक्ष ज्ञान चंद ठाकुर उपस्थित रहे। विद्यालय प्रधानाचार्य आत्मा राम ठाकुर ने इस दौरान वार्षिक रिपोर्ट पेश की व वार्षिक परीक्षा परिणाम को भी घोषित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से स्थानीय पंचायत उपप्रधान पन्ना लाल, संकुल प्रमुख जितेंद्र वर्मा, देवी राम ठाकुर, आलम चंद ठाकुर, मोहन ठाकुर, किरन ठाकुर, ममता ठाकुर प्रबंध समिति के समस्त सदस्य, पूर्व छात्र, अभिभावक वर्ग तथा अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सरसई गांव में बनेगा भव्य इस्कॉन कृष्ण मंदिर

**पतलीकूहल ।** इस्कॉन सेंटर कटराईं ने गौर पूर्णिमा महा महोत्सव गांव सरसेई में



मनाया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि अभय राम प्रभु एचएएस ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री कृष्ण, बलराम और सुभद्रा माता के श्रृंगार से हुआ। मुख्य अतिथि अभय ने गौर कृष्ण कथा का वाचन किया। उन्होंने बताया की सेरसेई गांव में जल्द कृष्ण मंदिर बनेगा। इस्कॉन जिला कुल्लू के कोऑर्डिनेटर कुलपति जनार्धन प्रभु ने जिले में हो रहें इस्कॉन की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में अंकुल चैतन्य प्रभु, डॉक्टर घनशयाम, डॉक्टर प्रियंका, निशांत कुमार के अलावा लाहुल स्पीति, कुल्लू, मण्डी और सेरसेई गांव से लगभग तीन सौ भक्त मौजूद रहे।

### विभिन्न दर्रों की बहाली प्रभावित, वाया शिंकुला जंस्कार से मनाली के लिए वाहनों की आवाजाही जल्द

# अटल टनल में वाहनों की आवाजाही शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली/केलांग**

कुल्लू व लाहौल-स्पीति में रविवार को बर्फबारी के बाद मौसम थमते ही बीआरओ ने सड़क से बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया है। जिसके चलते अटल टनल रोहतांग मार्ग को फोर बाई फोर वाहनों के लिए खोल दिया गया है। दो दिन के भीतर अटल टनल के दोनों छोर में डेढ़ फीट से अधिक बर्फबारी हुई है।

जानकारी के अनुसार बीआरओ सुबह ही सड़क बहाली में जुट गया और दोपहर बाद सड़क फोर बाई फोर वाहनों के लिए बहाल कर दी। जबकि पर्यटकों को अटल टनल का दीदार करने के लिए अभी कुछ दिन इंतजार करना होगा।

उधर, धुंधी इलाके में ब्लैक आइस जमने के कारण फिलहाल पर्यटकों को सोलंगनाला से आगे जाने की अनुमति नहीं है। पर्यटक वाहनों को सोलंगनाला तक ही जाने दिया जा रहा है। रविवार को पर्यटकों ने सोलंगनाला में बर्फ के फाहों का भी आनंद लिया। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने बताया कि मार्च महीने में पहाड़ों में अच्छी बर्फ पड़ी है जिससे पर्यटन कारोबार के भी बेहतर रहने की उम्मीद है।

**सोलंगनाला में उमड़े पर्यटक**



लाहौल घाटी में बर्फ को हटाकर यातायात के लिए बहाल किया सड़क मार्ग।

> बीआरओ द्वारा सड़क बहाल करने के बाद अटल टनल फोर बाई फोर वाहनों के लिए बहाल हो गई है। मौसम साफ रहा तो सोमवार से सभी पर्यटकों को सोलंगनाला से आगे जाने की अनुमति दी जाएगी।
> -केडी शर्मा, डीएसपी मनाली।

**बिछी बर्फ की चादर**



### मार्च महीने में जाते-जाते भी खूब बरसे मेघ

इस बार फरवरी व मार्च महीना पर्यटन की दृष्टि से खुशनुमा रहा है। मार्च महीने में जाते जाते भी मेघा खूब बरस रहे हैं। दो दिन से समस्त लाहुल स्पीति में भारी बर्फबारी का क्रम जारी है। रोहतांग सहित बारालाचा, शिंकुला व कुंजम दर्रे में भी डेढ़ से दो फीट ताजा बर्फबारी हुई है। लाहौल के ग्रामीण क्षेत्रों दारचा, योचे, रारिक, छीक्का, जिस्पा, नेंनगाहर, मयाड़ के खंजर सहित गोंदला, खंगसर, सिस्सू व कोकसर में डेढ़ फीट हिमपात हुआ है। मनाली में भी रात भर बारिश का क्रम चलता रहा जबकि ऊंचाई वाले पर्यटन स्थलों मढ़ी, गुलाबा, कोठी, धुंधी, अंजनी महादेव व फातरु में हिमपात हुआ। दो दिन से जारी हिमपात व बारिश ज चलते मौसम फिर से ठंडा हो गया है। शिंकुला सहित बारालाचा दर्रे की सड़क बहाली प्रभावित हुई है। बीआरओ योजक परियोजना के निदेशक विकास गुलिया ने बताया कि शिंकुला दर्रे की बहाली प्रभावित हुई है लेकिन कार्य जारी है। तीन चार दिन के भीतर मनाली पदुम निम्मू लेह मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुचारु हो जाएगी।

## खोरीरोपा पार्किंग को जोड़ने वाले पुल की उद्घाटन पट्टिका गायब

**सुरेन्द्र तिबोगपा, कुल्लू**

नगर परिषद कुल्लू के सरवरी स्थित बस स्टैंड के नजदीक स्थित हनुमानी बाग वार्ड नं 9 खोरीरोपा पार्किंग को जोड़ने वाले पुल की उद्घाटन पट्टिका गायब हो चुकी है।

पिछले साल 16 अक्तूबर, 2023 में जब खोरीरोपा पार्किंग का उद्घाटन किया गया था तो उस समय तक इस पुल की उद्घाटन पट्टिका सही सलामत थी और अब अचानक से गायब हो गई है जिसके बारे में अभी तक आसपास के लोगों को भी कुछ नही पता ओर यहां से गुजरने वाले लोगों को भी इस संदर्भ में कोई जानकारी नही है।

बहरहाल इस पट्टिका के गायब होने के पीछे कारण चाहे जो भी हो मगर किसी स्थापित ओर इस्तेमाल हो रहे पुल के उद्घाटन पट्टिका को अपने स्थान पर न देख किसी का भी शंकित होना स्वाभाविक है और संबंधित विभाग को भी इस बारे में जांच करनी होगी ताकि पट्टिका को अपने निर्धारित स्थान पर पुनः स्थापित किया जा सके।(अनंत ज्ञान)



बिना उद्घाटन पट्टिका के पुल ।

## करोड़ों कर्ज लेने के बावजूद सरकार के विकास कार्य ठप : बिंदल

**नाहन ।** हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने एक बार फिर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है की प्रदेश की जनता बेसब्री से उन सब गारंटी को पूरा करने का इंतजार कर रही है जिसके दम पर 2022 में यह सरकार सता में आई थी। सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में आज डॉ राजीव बिंदल पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि पहली कैबिनेट में एक लाख नौकरियां को देने का वादा किया था मगर नौकरियां देने की बात तो दूर नौकरियां देने वाले संस्थान ही इस सरकार ने बंद कर दिए। बिंदल ने आरोप लगाया कि डेढ़ साल के कार्यकाल में मौजूदा सरकार नौकरियां नही दे पाई है।

## परीक्षा में अव्वल रहे बच्चे किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, मनाली**



बच्चे को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

अनिला महाजन विद्यालय मनाली में सत्र 2023-24 का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्र परिषद के संयोजक विपिन ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर बच्चों के साथ में सरस्वती मां की वंदना की। वार्षिक परिणाम को घोषित कर कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले सभी छात्रों को स्कूल के प्रधानाचार्य व विपिन ठाकुर ने सम्मानित किया।

कक्षा 9 बी में सुकंया शर्मा 643/700 अंक लेकर 92.0 फीसद साथ प्रथम, कक्षा 9 ए में शिवानी 662/700 अंक लेकर 94.97 फीसद के साथ प्रथम व कक्षा 10 जमा एक में अमृता घले 425/500 अंक लेकर 85 फीसद के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# डॉ. मार्कंडेय की कांग्रेस में एंट्री भी मुश्किल!

**कमलेश वर्मा, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं और ऐसे में इस राजनीतिक उठापठक के बीच सियासी पारा चढ़ गया है। भाजपा ने जहां लाहौल - स्पीति विस क्षेत्र में रवि ठाकुर को चुनावी मैदान में उतारा है वहीं, भाजपा के इस निर्णय स्व. नाराज हुए पूर्व विधायक डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने बगावत करते हुए आजाद या फिर कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है।

ऐसे में जहां यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि मार्कंडेय को कांग्रेस से भी टिकट मिल सकता है और यह भी कहा जा रहा है कि मार्कंडेय शिमला में अपना टिकट पक्का करने के लिए कांग्रेस नेताओं के संपर्क में हैं लेकिन जिला लाहौल-स्पीति कांग्रेस कमेटी मार्कंडेय के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलों को लेकर विरोध में मोर्चा खोल दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित अन्य कुछ पदाधिकारियों ने इस बारे में राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष से उप चुनाव में टिकट की दावेदारी को लेकर चर्चा की है। साथ ही रामलाल मार्कंडेय को टिकट न देने के लिए भी बात की है।

जिला लाहौल-स्पीति कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता अनिल सहगल ने कहा कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञाल्सन ठाकुर ने जिला लाहौल-स्पीति कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के आह्वान पर एक बार पुनः राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष प्रतिभा सिंह से चर्चा कर आग्रह किया है कि आगामी उपचुनाव में पार्टी की टिकट किसी भी कीमत में पूर्व भाजपा के विधायक एवं मंत्री राम लाल मार्कंडेय को पार्टी में शामिल न होने दिया जाए, न ही उन्हें टिकट दिया जाए जैसा कि मार्कंडेय जिक्र कर चुके हैं। लिहाजा, भाजपा से बगावत कर हर हाल में चुनाव लड़ने का ऐलान करने वाले रामलाल मार्कंडेय ने भाजपा से जहां खुद ही दरवाजे बंद कर दिए हैं वहीं कांग्रेस में भी उनकी एंट्री करना मुश्किल दिख रहा है। (अनंत ज्ञान)

### बाहरी व्यक्ति को टिकट न दे पार्टी

ज्ञाल्सन ठाकुर ने कहा कि केलांग में 21 मार्च को हुए जरनल बैठक में भी सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा था कि किसी भी बाहरी व्यक्ति को टिकट न देकर पार्टी के किसी समर्पित कार्यकर्ताओं को ही यदि उपचुनाव का टिकट मिलता है तो सभी इच्छुक उम्मीदवार एकजुटता के साथ जिला लाहौल स्पीति से कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक देंगे।

### मार्कंडेय को पार्टी में शामिल करने की बात पर कार्यकर्ता नाराज : प्यारे लाल

कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्यारेलाल शर्मा का भी कहना है कि पूर्व भाजपा के मंत्री कांग्रेस पार्टी में शामिल न करने का विरोध केलांग ओर उदयपुर ब्लॉक के अध्यक्ष कार्यकर्ताओं के साथ कर चुके हैं ओर स्पीति ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता भी मार्कंडेय को पार्टी में शामिल करने की बात को लेकर काफी नाराज हैं।

## अपनी सरकार से निराश विक्रमादित्य कर रहे बेतुकी बयानबाजी : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

मंडी संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद के पुत्र व वर्तमान सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कंगना रनौत से आपदा के समय उनकी उपस्थिति पर सवाल उठाया है।



विक्रमादित्य के इस बयान पर पर बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि अपनी ही सरकार से निराश मंत्री विक्रमादित्य अब अपनी भड़ास निकालने के लिए बहाने ढूंढ रहे हैं। आपदा के दौर में दूसरों की भूमिका पर सवाल उठाने वाले अपनी भूमिका भी स्पष्ट करें। आपदा से प्रभावितों को अभी तक पूर्ण रूप से क्षतिपूर्ति नहीं हो पाई है।

सुरेंद्र शौरी ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से एक सशक्त उम्मीदवार को मैदान में उतारा है, जो जनता की आवाज बुलंद करने में पूरी तरह सक्षम है।




**संस्कृति** | जिभी घाटी में शोभला सराज पर्यटन उत्सव का सफल आयोजन

# उत्सव में दिखी लोक संस्कृति की झलक व व्यंजनों की महक

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

जिला कुल्लू के जिभी में शोभला सराज पर्यटन उत्सव का सफल आयोजन हुआ। इस क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए दो दिवसीय शोभला सिराज पर्यटन उत्सव का आयोजन किया गया।

जलोड़ी पास और जिभी में आयोजित इस दो दिवसीय शोभला सिराज पर्यटन उत्सव के दौरान राष्ट्रीय स्तर की स्की स्पर्धा जलोड़ी में आयोजित की गई, जिसमें जम्मू-कश्मीर, भारतीय सेना, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के 27 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।






प्रस्तुति देती महिलाएं व कार्यक्रम के दौरान डीसी कुल्लू को सम्मानित करते गणमान्य।

उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश द्वारा जलोड़ी पास में प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर स्पर्धा का शुभारंभ किया।

इसके साथ ही जीभी में महिला मंडलों और स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक व अन्य रंगारंग कार्यक्रमों तथा फूड फेस्टिवल का भी आयोजन किया गया जिसमें देसी विदेशी पर्यटकों को यहां की लोक संस्कृति एवं स्थानीय व्यंजनों से रूबरू होने का मौका मिला।

जिभी वैली टूरिज्म डिवेलपमेंट एसोसिएशन के मुख्य सचिव ललित कुमार ने बताया कि इस उत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

इस पर्यटन उत्सव शोभला सिराज के आयोजन को लेकर जिभी घाटी के लोगों में पर्यटन के प्रति गजब की दीवानगी और भारी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान खेलकूद प्रतिस्पर्धाएं भी करवाई गई।

## न्यूज ब्रीफ

### युवाओं को किया मतदान के लिए जागरूक




**अर्की।** स्वीप टीम अर्की ने आईटीआई अर्की में चल रही चार दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर युवा खिलाड़ियों को मतदान के प्रति जागरूक किया। नोडल ऑफिसर स्वीप टीम अर्की यशपाल शर्मा ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं का मतदान में भाग लेना अति आवश्यक है। मतदान केवल अधिकार नहीं है बल्कि युवाओं का कर्तव्य भी है। सहायक नोडल अधिकारी डॉ हेमराज सूर्य ने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं का मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है और जो अपनी आयु 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं, वे वोटर हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने आप को पंजीकृत करवा सकते हैं।

### आंधी और बारिश से लाखों का नुकसान

**नाहन।** औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब के जोहड़ों स्थित रुचिरा प्रिंटिंग और पैकेजिंग फैक्टरी को आंधी और बारिश ने लाखों का नुकसान हुआ। आधी रात को आई तेज अंधड़ ने जहां फैक्टरी की छत को उड़ा दिया तो वहीं भारी बारिश ने करीब चार लाख से अधिक के तैयार पेपर को क्षति पहुंचाई। आंधी के चलते धूल-मिट्टी से भी पैकेजिंग मैटेरियल को काफी नुकसान पहुंचा। गनीमत तो यह रही कि घटना के दौरान फैक्टी में फैक्ट्री गार्ड के अलावा कोई नहीं था।

### मंझौली, ढांग निहली में बताई मतदान की महत्ता




**बीबीएन।** नालागढ़ की स्वीप टीम ने ग्राम पंचायत मंझौली व ढांग निहली के लोगों के लिए मतदान जागरुकता अभियान की शुरुआत की। स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ.नरेश कुमार व उनकी टीम के सदस्य रवि नंदन शर्मा ने आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के बारे में लोगों को अवगत करवाया और कहा कि जैसे घर की समस्या को घर का मुखिया हल करता है, वहीं गांव व जिले की समस्या को हमारे द्वारा चुने गए प्रतिनिधि सरकार द्वारा हल करवाते हैं। आप सभी भी अपने गांव, शहर और रिश्तेदारों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की प्रधान, बीएलओ, पंचायत सेक्रेटरी, गांव के लोग उपस्थित रहे वहीं ढांग निहली के प्रधान भोली देवी, उपप्रधान रामलोक, पंचायत सचिव सुरजीत, वार्ड सदस्य और ग्रामवासी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### प्रदेश स्तर पर राज्य हज कमेटी का हो गठन

**नाहन।** मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी सिरमौर की बैठक जिला सोलन के अध्यक्ष हाजी जान मोहम्मद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान हिमाचल प्रदेश



सरकार द्वारा मुस्लिम समुदाय के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा की गई। जिला सिरमौर मुस्लिम वेलफेयर कमेटी ने सोलन जिला मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष हाजी जान मोहम्मद को इस मौके पर स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। जिला मुख्यालय नाहन में आयोजित इस बैठक में प्रदेश सरकार से मांग की गई कि शीघ्र ही प्रदेश स्तर पर राज्य हज कमेटी का गठन किया जाए। इसके अलावा वक्फ बोर्ड, 15 सूत्रीय कमेटी तथा अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड के गठन की भी हिमाचल प्रदेश सरकार से मांग की गई। मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों एवं पदाधिकारी ने रोष जताते हुए कहा कि राज्य स्तर पर अल्पसंख्यक समुदाय के हितकारी योजनाएं केवल मात्र कागजों तक सिमट कर रह गई है।

### चोरी के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार




**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब के पुरुवाले थाने में चोरी का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवेक कुमार (21 वर्ष) पुत्र धनी राम, निवासी बिजनौर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ पांवटा अदिति सिंह ने बताया कि आरोपी से चोरी के 12.5 लाख रुपए बरामद किए गए है।

### शराब सहित प्रवासी काबू, मामला दर्ज

**नादौन।** नादौन शहर के साथ लगते बेला गांव में एक प्रवासी व्यक्ति से पुलिस ने अवैध शराब पकड़ी है, जिसकी क्षेत्र में खासी चर्चा है। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश का प्रसाद बेला गांव में पैदल जा रहा था और पुलिस को देखकर वह भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे दबोच कर उसके थैले की तलाशी ली तो उसमें 12 बोतल ऊना नंबर वन बरामद हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।




### मूक-बधिर से रेप के आरोपी रिमांड पर

**श्रीरेणुका जी।** मूक-बधिर मल्टी टास्क वर्कर से यौन उत्पीडन के आरोपी राजकीय माध्यमिक पाठशाला सताहन के कार्यवाहक मुख्याध्यापक गंगा राम शर्मा व चौकीदार दौलत राम को कोर्ट ने 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका रद्द होने के बाद शुक्रवार को इन्हें पुलिस स्टेशन संगड़ाह बुलाया गया और पूछताछ के बाद देर रात को गिरफ्तार कर लिया गया। मूक-बधिर मल्टी टास्क वर्कर को चौकीदार द्वारा कुछ पैसे देने की बात भी परिजनों ने बताई, हालांकि पुलिस ने अब तक इसकी पुष्टि नहीं की।

# रेहड़ी-फड़ी वालों को सताने लगी रोजी-रोटी की चिंता

## मांग : हाईवे से विस्थापित करने से पहले रेहड़ी-फड़ी वालो को मिले स्थायी ठिकाना

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नेशनल हाईवे के तहत सोलन-परवाणु फोरलेन में लगी रेहड़ियों को हटाने को लेकर प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश के बाद सैंकड़ों रेहड़ी-फड़ी चालकों को रोजी-रोटी की चिंता सताने लगी है। इसका संज्ञान लेते हुए मां शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समीति सपरून बाईपास सोलन ने नगर निगम सोलन की आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है, जिसकी एक कॉपी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भी भेजी गई है।

ज्ञापन में हाईवे से विस्थापित करने से पहले रेहड़ी-फड़ी चालकों को मिले स्थाई ठिकाना दिए जाने की मांग की गई है।

इसके तहत विस्थापित किए जाने से पूर्व में स्ट्रीट वेंडर कमेटी की तरफ से नोटिफाईड वेडिंग जोन से व्यवसायिक वाहनों का अतिक्रमण हटवा कर रेहड़ी-फड़ी धारकों को स्थापित करने का आग्रह किया गया है।



रेहड़ी- फड़ी विकास समीति का कहना है कि रेहड़ी चालक सपरून बाईपास से हटने के लिए तैयार है परन्तु उन्हें भारत सरकार की स्ट्रीट वेन्डर एक्ट (जीविका संरक्षण और पथ विक्रेता विनियमन अधिनियम) 2014 के तहत एवं हिमाचल प्रदेश (जीविका संरक्षण और पथ विक्रेता विनियमन अधिनियम) स्कीम 2016 के तहत नगर निगम सोलन की तरफ से घोषित 10 वैडिंग जोन में विस्थापित किया जाए।

बशर्त है कि नगर निगम सहित जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन वैडिंग जोन से व्यवसायिक वाहनों का अतिक्रमण हटवाएं ताकि रेहड़ी-फड़ी लाईसेंस धारक व गैर लाईसेंस धारकों को कारोबार की आसानी हो सके।

### वेंडर मार्केट में मिले 54 बूथ

नगर निगम सोलन ने कुछ समय पहले सपरून में बनी वेंडर मार्केट में 54 बूथों का आवंटन किया है। जबकि रेहड़ी चालकों की संख्या सैंकड़ों में है। ऐसे में रेहड़ी-फड़ी विकास समीति बचे इच्छुक व लाईसेन्स धारकों को वैन्डिंग जोन संख्या 4 व 5 नजदीक बस स्टॉपेज सपरून और वेली साईड सपरून में स्थापित करने की मांग कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### रेहड़ी वालों को स्थायी ठिकाना मिलना चाहिए

**मां शूलिनी** रेहड़ी- फड़ी विकास समीति के प्रधान महिताप सिंह का कहना है कि रेहड़ी चालकों को स्थायी ठिकाना मिलना चाहिए। निगम और प्रशासन इस बावत सुनिचत करें कि भविष्य में इस स्थान को लेकर किसी तरह का टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो। इसलिए वैन्डिंग जोन में अन्य गतिविधियों पर रोक लगाई जाए।

### कोर्ट ने 13 अप्रैल तक मांगी स्टेटस रिपोर्ट्स

**एनएचएआई** की याचिका पर प्रदेश हाई कोर्ट ने डीसी सोलन, एसपी सोलन और नगर निगम को अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित विभाग का सहयोग करने को कहा है। साथ ही 13 अप्रैल 2024 कार्यवाही की स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने का आदेश दिए हैं।

# घरेलू गैस सिलेंडर में लगी आग

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला मुख्यालय नाहन के चिड़ावाली क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक घर में खाना बनाते समय सिलेंडर ने आग पकड़ ली। सिलेंडर से आग की लपटे इतनी भयंकर उठ रही थी कि आस-पास के लोगों की सांसें तक थम गई।

मकान मालिक ने जान हथेली पर रखकर सिलेंडर को किसी तरह गली तक पहुंचाया। लोगों ने जान हथेली पर रखकर आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद लोगों की जान में जान आई।

जानकारी अनुसार चिड़ावाली निवासी सत्या तोमर के घर पर एक धार्मिक आयोजन था। देर शाम को खाना बनाया जा रहा था। इसी दौरान सिलेंडर ने आग पकड़ ली।



नाहन के चिड़ावाली में घर में खाना बनाते समय सिलेंडर में लगी आग।

सिलेंडर में आग लगी देखकर मकान मालिक ने उसे घसीट कर गली तक पहुंचाया। गली में सिलेंडर में लगी आग ने तांडव मचा लिया। सिलेंडर से भयंकर तरीके से आग की लपटें उठने लगी। पूरा सिलेंडर दहकते हुए आग के गोले में बदल गया और उसके चारों ओर आग ही आग नजर आने लगी। इससे आस-पास के लोगों में भगदड़ मच गई।

इसी बीच कुछ लोगों ने जान हथेली पर रखकर सिलेंडर पर पानी और रेत फेंकना शुरू कर दिया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सिलेंडर की आग पर काबू पाया गया।

बता दें कि जिस संकरी गली में सिलेंडर रखा गया था उसके दोनों ओर मकान बने हुए थे। यदि सिलेंडर फटता तो बड़ा हादसा पेश आ सकता था। गनीमत यह रही कि सिलेंडर से बेशक लपटें भयंकर तरीके से उठती रही लेकिन वह फटा नहीं।

## यमुना पुल के पास अवैध खनन करते 5 ट्रैक्टर जब्त

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

वन विभाग ने नवादा, मत्रालियो तथा यमुना पुल के पास अवैध खनन करते 5 ट्रैक्टर जब्त किए और उनसे 95,080 रुपए जुर्माना वसूला है।



जानकारी के मुताबिक 31 मार्च को वन परिक्षेत्र अधिकारी पांवटा साहिब मोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में नवादा, मत्रालियो तथा यमुनापुल के पास अवैध खनन करते पांच ट्रैक्टर पकड़े गए हैं,

दरअसल, अवैध खनन के खिलाफ वन परिक्षेत्र लगातार कारवाई करता आया है। इसी संदर्भ में वन विभाग की टीम ने अवैध खनन के खिलाफ अपना अभियान छेड़ा है। वहीं, वन विभाग को नवादा, मत्रालियो तथा यमुनापुल टीम को अवैध खनन कर रहे कुछ ट्रैक्टर मिले, जिन्हें खनन संबंधी दस्तावेजों के बारे में पूछा गया तो वह खनन संबंधी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए।

अवैध खनन के खिलाफ इस बड़ी कार्यवाही में टीम में वीओ सुमंत, अनवर, हरि सिंह, इन्दर सिंह, प्रवीण, अनिल, वीरेंदर वन रक्षक शामिल थे। मामले में पुष्टि डीएफओ ऐश्वर्य राज ने की है।

## नालागढ़ का गुनाहा स्कूल एक शिक्षक के सहारे

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ उप मंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुनाहा एक शिक्षक के सहारे चल रहा है। शिक्षकों की कमी केचलते छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। पिछले वर्ष इस विद्यालय को उच्च विद्यालय से अपग्रेड करके वरिष्ठ माध्यमिक का दर्जा दिया था।

यहां पर कला संकाय की कक्षाएंसंचालित हो रही हैं। यहां पर 10वीं में 22 व जमा एक में 20 विद्यार्थी हैं। चुनाव आचार संहिता खत्म होने तक यहां पर कोई प्राध्यापक आने वाला नहीं है। ऐसे में अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य के लेकर चिंतित हैं और दूसरे स्कूलों में प्रवेश दिलाने का मन बना रहे हैं।

इस विद्यालय में पांच प्राध्यापक और एक प्रधानाचार्य का पद स्वीकृत है। अपग्रेड होने पर स्कूल में सभी पद भर गए थे। पिछले महीने तक यहां पर हिंदी, अंग्रेजी, राजनीतिक शास्त्र और इतिहास के चार अध्यापक और एक प्रधानाचार्य सहित पांच शिक्षक थे जबकि शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक का पद खाली था। पिछले माह जैसे ही सरकार ने तबादलों पर से प्रतिबंध हटाया तो प्रधानाचार्य सहित सभी ने तबादले करवा लिए, परंतु उनके बदले यहां पर एक भी अध्यापक नहीं आया।

### आचार संहिता के बाद नए प्रवक्ता होंगे तैनात

उपनिदेशक जगदीश नेगी ने बताया कि सरकार के आदेश पर यह स्थानांतरण हुए हैं, लेकिन उन्होंने एक प्रवक्ता को वार्षिक परीक्षाएं पूरा करने तक वहीं रोका गया है। अब अचार संहिता लग गई है। उसके बाद ही यहां पर नए प्रवक्ता आ पाएंगे।




## सोलन से बाइकें चुराकर नेपाल बेचने वाले गिरोह के दो सदस्य काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

थाना पुलिस सोलन ने एक अंतरराष्ट्रीय बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि उन्होंने सोलन, धर्मपुर तथा परवाणू क्षेत्र से एक दर्जन से ज्यादा बाइकें चुरा कर नेपाल बेचा।

सोलन के एसपी गौरव सिंह ने बताया कि फरवरी में सोलन निवासी नीरज नेगी ने सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 जनवरी को उसने अपनी बाईक शामती बाईपास पर खड़ी की थी, परंतु अगले दिन बाइक वहां नहीं मिली।

इस शिकायत पर थाना सदर सोलन में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। जांच के दौरान पुलिस टीम ने इलाके के कई सीसीटीवी फुटेज जांचे और लोगों से बात की। इसके साथ ही जिले के अन्य पुलिस थानों में इस प्रकार की घटनाओं का भी अध्ययन किया गया। फलस्वरूप 29 मार्च को पुलिस टीम ने नेपाली मूल के दो आरोपी गोपाल बहादुर तथा राजीव मगर उर्फ सूरज को सिरमौर के कालाअंब क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।



दोनों आरोपियों ने बताया कि अब तक उनके द्वारा नेपाल जाकर 15 बाइक को बेचा गया है।

# बदलते मौसम से बुखार की चपेट में आ रहे लोग

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

मौसम के बदल रहे मिजाज से लोग वायरल फीवर जैसी बीमारियों की जकड़ में आ रहे है। प्रतिदिन इस बीमारी का शिकार होने पर लोग सरकारी व निजी अस्पतालों में उपचार करवाने के लिए आ रहे है, जिसमें सर्दी, खांसी, जुकाम, गला आदि रोगों संबंधी है।

उपमंडल के सबसे बड़े सरकारी नालागढ़ अस्पताल में भी प्रतिदिन मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है और वायरल फीवर से ग्रस्त रोगी उपचार ले रहे है। नालागढ़ अस्पताल में इंडोर व आऊटडोर 380 मरीज वायरल फीवर के प्रकाश में आ चुके है, जिन्हें अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा उपचार दिया गया है। जानकारी के अनुसार मौसम परिवर्तन के चलते वायरल फीवर आदि बीमारियों में भी इजाफा होने लगा है।



### बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द खांसी, छींक आना लक्षण

नालागढ़ अस्पताल के ईएनटी विशेषज्ञ डा. नितिन कुमार वर्मा के मुताबिक खांसी व छींक आने के साथ इसके कण वातावरण में फैल जाते है, जिससे यह कण सांस के माध्यम से लोगों के शरीर में जाते है। उन्होंने कहा कि वायरल फीवर होने पर तेज बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द, खांसी, छींक आना आदि लक्षण है और इस रोग के दौरान आमतौर पर व्यक्ति अपने आप को ठीक महसूस नहीं करता है। चिकित्सालय में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है और वायरल के अधिकतर रोगी स्वास्थ्य लाभ पा चुके हैं।

## बीबीएन में लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्ण निपटाने पर हुई बैठक

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में 51-नालागढ़ व 52-दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के नोडल अधिकारियों, सेक्टर अधिकारियों व सैक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ उद्योग संघ झाड़माजरी के सभागार में एक बैठक आयोजित की गई।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र में प्रत्येक जन की भागीदारी अनिवार्य है। इसके लिए यह आवश्यक है कि सभी पात्र मतदाता मतदान करें। उन्होंने कहा कि भारत के निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार 51-नालागढ़ व 52-दून विधानसभा क्षेत्रों में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) गतिविधियों के माध्यम से सभी पात्र मतदाताओं को इस दिशा में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का मत लोकतंत्र को मज़बूत करने में सहायक बनता है।

उन्होंने कहा कि 51-नालागढ़ तथा 52-दून विधानसभा क्षेत्रों में ऐसे स्थानों पर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने पर बल दिया जाएगा।

**प्रदर्शन** भाजपा विपक्षी दलों की चुनी हुई सरकारों को कर रही अस्थिर

# केंद्र के खिलाफ सड़कों पर उतरी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में आज कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस रोष प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ता ने शहर में रोष रैली निकाली और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

मीडिया से बात करते हुए विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि केंद्र सरकार की तानाशाही नीतियों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर यह प्रदर्शन किया जा रहा है। केंद्र की सरकार लगातार तानाशाही रवैया अपनाए हुए है और लगातार आम आदमी की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों की चुनी हुई सरकारो को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है जिसकी खिलाफ कांग्रेस पार्टी सड़कों पर है।



नाहन में केंद्र सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते कांग्रेसी नेता।

उन्होंने कहा कि देश के सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के अकाउंट सीज कर दिए गए हैं जो सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने कहा कि चुनावी बांड में साफ दर्शाया गया है सारा काला धन चुनावी बांड के माध्यम से भाजपा को चंदे के रूप में दिया गया। जिन कंपनियों का टर्नओवर 1 करोड़ उन्होंने भी 100 करोड़ का चंदा भारतीय जनता पार्टी को दिया है जो सीधे तौर पर बड़ा भ्रष्टाचार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि जब भी किसी राजनीतिक दल से जुड़े लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ कोई मामला उठाया गया तब विपक्षी दल के नेताओं को केंद्रीय जांच एजेंसियों के माध्यम से उन्हें डराया धमकाया गया और उन्हें बेवजह परेशान किया गया।

## निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार नहीं करना गैरकानूनी : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन**



हिमाचल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे मंजूर न करने को गैरकानूनी बताया। भाजपा अध्यक्ष नाहन में पार्टी चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अपने पद से इस्तीफा देना किसी भी व्यक्ति का संवैधानिक अधिकार है। ऐसे में विधानसभा अध्यक्ष की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे मंजूर किए जाने चाहिए जो उन्होंने खुद विधानसभा अध्यक्ष को सौंपे है।

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश के चार संसदीय क्षेत्र में बड़े कार्यालय के अलावा सभी 68 विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कार्यालय खोले जा रहे हैं ताकि सही तरीके से चुनावी गतिविधियों का संचालन किया जा सके।

उन्होंने दावा किया कि इस बार लोकसभा की चारों सीटों पर एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी जीत दर्ज करेगी। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के दौरान जो गारंटीयां प्रदेश की जनता को दी थी उन सब गारंटीयों की हवा निकल गई है।

शिमला संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता जोर-जोर के साथ मैदान में उतर जाए। केंद्र सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों को आम आदमी के बीच ले जाएं ताकि आगामी चुनाव में पार्टी को इसका लाभ मिल सके।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# तहबाजारियों का सामान जब्त

## एमसी ने लोअर बाजार में सात और आईजीएमसी में दो तहबाजारियों पर की कार्रवाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राजधानी शिमला के लोअर बाजार में तहबाजारियों पर निगम का डंडा चला है। इस दौरान नगर निगम की टीम ने नौ तहबाजारियों सामान किया जब्त किया है। लोअर बाजार में सात व आईजीएमसी में दो तहबाजारियों सामान किया जब्त किया है।

हर रविवार को निगम का डंडा तहबाजारियों पर चलता है। लोअर बाजार में बाहरी राज्य से व्यापारी अपना समान बेचने को आते हैं। निगम ने फैसला लिया है कि हर रविवार को निगम की टीम पुलिस के साथ लोअर बाजार का निरीक्षण करेगी। पड़ोसी राज्यों से भी व्यापारी अपनी दुकानें लगाते हैं। शिमला व्यापार मंडल ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा था और इनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। निगम प्रशासन की ओर से हर रविवार को इसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाती है। संडे मार्केट में सामान काफी सस्ता मिलता है। ऐसे में रविवार को खरीददारी के लिए भीड़ रहती है। इसके कारण लोगों को यहां पर चलने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शहर में अतिक्रमणकारियों ने इतने पैर पसार लिए हैं कि सड़कें तंग हो गई हैं। लोगों का बाजार से गुजरना किसी मुसीबत से कम नहीं है। रही सही कसर दुकानदारों ने दुकान के आगे लगाए ओवर हैंगिंग ने पूरा कर दी है। खासकर लोअर बाजार, राम बाजार, रिवोली टनल के पास अतिक्रमण चरम पर है।


लोअर बाजार से तहबाजारियों का सामान जब्त करता निगम प्रशासन।

### नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र सिंह अत्री का कहना है कि मना करने के बाद भी तहबाजारी और कुछ दुकानदार नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। अगर किसी तहबाजारी का सामान बार-बार निगम की ओर से उठाया जा रहा है, तो उसे समझना चाहिए कि वह नियमों के विरुद्ध जाकर अपना सामान सजा रहा है। इस तरह की मनमानी को बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहबाजारी हाई कोर्ट के नियमों को दरकिनार कर अपनी मर्जी चला रहे है, जिस वजह से इनका सामान उठाना पड़ा।

## कांग्रेस मंत्री को हुआ कंगना फोबिया : बिहारी

**शिमला।** प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं को कंगना फोबिया हो गया है और यही एक कारण है जिससे कांग्रेस नेता कंगना पर लगातार टिप्पणियां कर रहे हैं।

सत्ता के नशे में कांग्रेस के मंत्री इतने तल्लीन हो गए हैं कि वह गलत और ठीक के बीच अंतर नहीं कर पा रहे हैं। महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस पार्टी की पुरानी आदत है और अगर इतिहास खंगाल लें तो ऐसे कई उदाहरण आपके सामने आ जाएंगे। भाजपा की मंडी से लोकसभा टिकट पाने वाली अभिनेत्री पर सुप्रिया श्रीनेत ने विवादित टिप्पणी और पोस्टरबाजी की थी अब चाहे वो मना करे पर जो होना था वो तो जनता के सामने प्रत्यक्ष है। सच कभी छुपता नहीं है सामने आ ही जाता है।

## 70 प्रतिशत लोगों की ओरल हेल्थ खराब

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



हिमाचल प्रदेश में करीब 60 से 70 प्रतिशत लोगों की ओरल हेल्थ खराब है। हर व्यक्ति के लिए ओरल हाइजीन का खास ख्याल रखना जरूरी है, क्योंकि खराब ओरल हेल्थ का असर पूरे शरीर पर हो सकता है और इसकी वजह से आप कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं, बता दें कि इसकी वजह से डिमेंशिया के भी शिकार हो सकते हैं।

ऐसे में ओरल हाइजीन का ख्याल रखना जरूरी है, यह आपको ओवरऑल हेल्थ के लिए भी जरूरी है। लोग अपने दांतों और मुंह का ख्याल नहीं रखते हैं। यदि दांतों को साफ रखना है, तो दिन में दो बार ब्रश करना अनिवार्य है। इसमें सुबह खाना खाने के बाद और रात को सोने से पहले ब्रश के माध्यम से दांतों को साफ करना बहुत आवश्यक है। रात में सोने से पहले यदि दांतों को साफ नहीं किया जाता है, तो इससे पूरी रात दांतों में खाना फंसा रहता है और कई प्रकार की बीमारियां पैदा हो सकती हैं।

लोग अकसर अपनी ओरल हेल्थ को लेकर काफी असहज रहते हैं और इसकी ओर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं। इसके अलावा लोगों में ओरल हेल्थ को लेकर काफी ज्यादा भ्रांतियां भी हैं, जैसे दांत साफ करवाने से दांत कमजोर हो जाते हैं या दांत निकलवाने से आंखें कमजोर हो जाती हैं। लोग अपने दांतों की सफाई को लेकर भी ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं, जिसके बारे में लोगों का जागरूक होना बहुत जरूरी है।

### दांत निकालने से आंखें हुईं कमजोर

लोगों में दांत के इलाज को लेकर कई प्रकार की भ्रांतियां हैं। इसमें कई बार लोग कहते हैं कि दांत निकालने से आंखे कमजोर होती हैं, जो सरासर गलत है। इसके अलावा कुछ लोग यह भी कहते हैं कि दांतों को साफ करने से दांत कमजोर हो जाते हैं, यह भी सरासर गलत है।

ओरल हेल्थ या डेंटल हेल्थ किसी भी व्यक्ति के जीवन का एक अभिन्न अंग है, शरीर में किसी भी तरह के खान-पान का केवल एक मात्र रास्ता है, जो हमारा मुंह है। इसलिए अपने दांतों सहित मुंह की सेहत का ख्याल रखना बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है।

**-डॉ. आशु गुप्ता**
**आईजीएमसी डेंटल कॉलेज प्रिंसिपल।**

## न्यूज ब्रीफ

### दीवान चंद भाजपा छोड़ कांग्रेस में हुए शामिल



**रोहड़ू।** नावर क्षेत्र की पुजारली पंचायत नंबर-चार से संबंध रखने वाले प्रदेश पथ परिवहन निगम से सेवानिवृत्त निरीक्षक दीवान चंद नैंटा पूरे परिवार सहित भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। दीवान चंद नैंटा ने कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित की कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। शिक्षा मंत्री ने दीवान चंद को कांग्रेस का पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने दीवान चंद का कांग्रेस पार्टी पर विश्वास व्यक्त करने के लिए आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। इस उपलक्ष्य पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ कार्यकर्ता आमी चंद खंडोलटा, शिल्ली पंचायत के पूर्व प्रधान लोकिंद्र चौहान और शिल्ली-पराली जोन के प्रभारी लोकपाल शरखोली मौजूद रहे।

### गेयटी में चित्रकला प्रदर्शनी का समापन




**शिमला।** शिमला के गेयटी थियेटर में वूमेन आर्टिस्ट ऑफ अमृतसर की ओर से लगाई गई चित्रकला प्रदर्शनी का समापन हो गया। इस प्रदर्शनी में लोगों ने जमकर पेंटिंग की खरीददारी की। यहां एबस्ट्रैक्ट, बुद्धा, रजवाड़ा थीम, बर्ड, ट्राइबल आर्ट टेक्सचर, रिलीफ में मुराल व रीजन आर्ट आदि पर चित्रकला की गई थी। यह सभी पेंटिंग एक हजार रुपए से लेकर 20 हजार रुपए में बेचने के लिए लगाई गई थी। तीन दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी में 25 पेंटिंग की बिक्री हुई। चित्रकारों ने उनकी बनाई पेंटिंग में बेहद खूबसूरती से चीजों को उकेरा था, जो कि लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी।

### मजदूरों का घोषणा पत्र किया जाएगा जारी

**शिमला।** सीटू राज्य कमेटी प्रदेश की बैठक प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा की अध्यक्षता में शिमला में हुई। हिमाचल में मजदूरों के न्यूनतम वेतन को लेकर इसमे बात की गई। विजेंद्र मेहरा ने कहा कि भाजपा व नरेंद्र मोदी की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदेश में मजदूरों का घोषणापत्र जारी किया जाएगा व हजारों पर्चे बांटे जाएंगे। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा व महासचिव प्रेम गौतम ने कहा कि मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए घोषित करने, मजदूर विरोधी चार लेबर कोडों को रद्द करने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने, स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों को लागू करने, शहरी क्षेत्रों में विस्तार के साथ ही मनरेगा में 600 रुपए प्रति दिन की मजदूरी पर 200 दिन कार्य दिवस प्रदान करने, मनरेगा, निर्माण तथा बीआरओ मजदूरों का श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकरण व आर्थिक लाभ बहाल करने, आउटसोर्स कर्मियों के लिए नीति बनाने, नौकरी से निकाले गए कोविड कर्मियों को बहाल करने, भारी महंगाई पर रोक लगाने, योजना कर्मियों को नियमित करने, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण को रोकने, किसानों की कर्जा मुक्ति आदि मांगों को लेकर सीटू राज्य कमेटी मजदूरों व जनता में जाएगी तथा उनसे मजदूर व जनता विरोधी मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने की अपील करेगी।

### पहाड़ी गानों पर किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**रिकांगपिओ।** राजकीय हाई स्कूल व प्राइमरी स्कूल नामझा ने संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। चुनी लाल इंस्पेक्टर आईटीबीपी ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल के प्रधानाचार्य जलंबर ने वार्षिक रिपोर्ट में वर्षभर की उपलब्धियों तथा स्कूल की कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला। स्टूडेंट्स ने खूबसूरत किन्नौरी, पहाड़ी व फिल्मी गानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पारितोषिक वितरण समारोह में स्कूल में हर गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया।

# आचार संहिता में 34,412 लाइसेंसी हथियार जमा

अरविंद शर्मा, शिमला

हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा सीटों सहित छह विधानसभा सीटों पर एक जून को उपचुनाव होने हैं। निर्वाचन विभाग ने 16 मार्च को चुनाव का ऐलान किया था, ऐसे में प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

इसको देखते हुए चुनाव आयोग ने लाइसेंस धारकों को संबंधित थानों में हथियार जमा करने के आदेश जारी किए हैं। इसके तहत प्रदेश भर में अब 34,412 हथियार जमा हो चुके हैं। आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हुए 164 दिन हुए हैं और इस अवधि में सबसे अधिक हथियार शिमला में 7325 हथियार जमा हुए हैं। चंबा में 4345 हथियार, बद्दी में 504, बिलासपुर में 2885, हमीरपुर में 928, कांगड़ा में 3827, किन्नौर में 1043, कुल्लू में 3091, लाहौल-स्पीति में 202, मंडी में 2924, नूरपुर में 1223, सिरमौर में 3021, सोलन में 1268 और ऊना जिले में 1826 हथियार जमा हो चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### शिकायतों का जल्द समाधान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि निर्वाचन विभाग की और से जारी चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए सभी दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित की जा रही है। प्रदेश में अभी तक लाइसेंसधारी शस्त्र धारकों ने 34,412 शस्त्र जमा करवाए हैं। इसी तरह से आदर्श आचार संहिता के मध्यनजर प्राप्त हुई शिकायतों का भी समयबद्ध समाधान किया जा रहा है। 16 से 30 मार्च तक प्राप्त कुल शिकायतों में से 83 फीसदी शिकायतों का 100 मिनट की अवधि में समाधान किया गया है, जिसमें शिकायत समाधान दर औसतन 26 मिनट 44 सेकंड रही है।

### 1. 20 करोड़ की अवैध शराब व मादक पदार्थ जब्त

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आचार संहिता लगने के बाद जैसे चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई है वैसे ही नशे का प्रचलन बढ़ गया है। पुलिस आए दिन नशे के समान के साथ लोगों को पकड़ रही है। पुलिस ने जहां भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। वहीं भारी संख्या में शराब पकड़ी है। आचार संहिता लगने के बाद अब तक 60 लाख से अधिक के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। वहीं, 26 लाख से अधिक की शराब भी पकड़ी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के मतदान के लिए भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुरूप एवं प्रदेश की सुरक्षा की स्थिति को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा सभी सुरक्षा प्रबंधों को पूर्ण किया जा रहा है। प्रदेश में 16 मार्च से आचार संहिता लागू होने के पश्चात 30 मार्च तक दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई करते हुए पुलिस विभाग ने 1.20 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध शराब व मादक पदार्थों को जब्त किया है, जिसमें एनडीपीएस के अधीन 80 अभियोग दर्ज किए गए हैं तथा 14.11 लाख रुपए मूल्य की 7.05 किलोग्राम चरस, 46.18 लाख की 659.75 ग्राम हेरोइन जब्त की गई है।

**एक्साइज एक्ट के तहत 248 अभियोग दर्ज**

इसके अतिरिक्त एक्साइज एक्ट के अंतर्गत 248 अभियोग दर्ज किए गए हैं, जिसमें 11.76 लाख रुपए मूल्य की 3921.712 लीटर देसी शराब, 14.65 लाख की 2093.65 लीटर अंग्रेजी शराब, 95 हजार की 475 लीटर बीयर व 89 हजार की 598 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। इसके अतिरिक्त 82,082 लीटर कच्ची शराब को नष्ट किया गया है।

# प्रदेश के कई हिस्सों में ओलावृष्टि ने किसानों व बागवानों की बढ़ाई चिंता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



प्रदेश के कई हिस्सों में हुई बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों और बागवानों को चिंता में डाल दिया है।

रविवार दोपहर के समय शिमला सहित आसपास के क्षेत्रों में बारिश के साथ ही कई स्थानों पर ओलावृष्टि हुई, जिससे स्टोन फ्रूट के पौधे सहित सेब की फसल को भी नुकसान पहुंचाया है। वहीं राज्य के नीचले क्षेत्रों में गेंहू और जौ की फसल पर भी ओलावृष्टि का असर देखने को मिला है। वहीं ऊंचाई वाले कुछ एक क्षेत्रों में अप्रैल की शुरूआत में भी बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग की ओर से बारिश और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में आगामी दो दिन मौसम साफ रहेगा, जबकि तीन से छह अप्रैल तक फिर मौसम खराब रहेगा।

**तीन से फिर मौसम खराब**

### चार एनएच, 172 सड़कें यातायात के लिए ठप

दो दिनों से लाहौल-स्पीति में हुई बर्फबारी के चलते जनजीवन फिर से अस्त व्यस्त हो गया है। लाहौल स्पिति में बर्फबारी के चलते 118 सड़कें यातायात के लिए ठप हो गई, जबकि अन्य जिलों में भी बारिश के चलते सड़कें अवरुद्ध हुई हैं। इसके अलावा भारी बारिश तूफान से 662 बिजली के ट्रांसफार्मर प्रदेश में ठप हुए हैं।

# इलेक्शन फेस करने की स्थिति में नहीं कांग्रेस सरकार : रणधीर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

कांग्रेस सरकार इलेक्शन फेस करने की स्थिति में नहीं है। अभी कांग्रेस के कुछ और भी विधायक भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान यह बात भारतीय जनता पार्टी के विधायक एवं भाजपा मीडिया विभाग के प्रभारी रणधीर शर्मा ने कही पछले एक डेढ़ महीने के घटनाक्रम से जो प्रदेश में कांग्रेस समर्थक विधायकों की संख्या 43 से घटकर 34 पर आ गई है, उससे प्रदेश कांग्रेस पार्टी के नेताओं में निराशा और हताश है और मुख्यमंत्री सहित वह सभी नेता



निराशा हताशा के कारण इतनी बौखलाहट में हैं कि वह आए दिन निम्न स्तरीय बयान बाजी कर रहे हैं, जिन विधायकों ने कांग्रेस पार्टी को छोड़ा है उन विधायकों पर बिना प्रमाण के बिना तथ्यों के आरोप लगा रहे हैं कि वह विधायक बिक गए हैं, उन विधायकों को काले नाग की संज्ञा दी जाती है कभी उन विधायकों को भेड़ कहा जाता है और कभी उनको मेंढक की संज्ञा दी जाती है।

# कांग्रेस कर्मचारी हितैषी सरकार, हित सुरक्षित

## आशीष बुटेल व पठानिया ने कहा- राजस्थान में भाजपा सरकार बनते ही पुरानी पेंशन स्कीम को किया बंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल तथा डिप्टी चीफ व्हिप केवल सिंह पठानिया ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ही कर्मचारियों हितैषी सरकार है।

पहली ही कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार ने अपनी चुनावी गारंटी को पूरा करते हुए 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल किया और इसे पुराने स्वरूप में लागू किया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में ऐसा करना वाले प्रदेश देश का पहला राज्य है। जबकि, राजस्थान में चुनाव के बाद वहां भाजपा सरकार बनते ही पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय लागू की गई पुरानी पेंशन स्कीम को बंद कर दिया है।



दोनों ने कहा कि केवल कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही सरकारी कर्मचारियों के हित सुरक्षित हैं। पुरानी पेंशन प्रदान करने पर केंद्र सरकार ने प्रदेश पर कई प्रकार की पांबदियां लगाईं। केंद्र से मिलने वाली वित्तीय सहायता को कम किया, लेकिन इसके बावजूद वर्तमान राज्य सरकार का संकल्प है कि कर्मचारियों को ओपीएस हर हाल में दी जाएगी। यही नहीं, केंद्र सरकार एनपीएस के 10 हजार करोड़ रुपए पर कुंडली मारे बैठी है। बुटेल और पठानिया ने कहा कि प्रदेश में जब भाजपा सरकार थी, तो कर्मचारियों को ओपीएस मांगने पर लाठियां मिलीं, उन पर पानी की बौछारें छोड़ी गई।

# 1. 20 लाख रुपए की दी मदद

दशमी रावत, रोहड़ू

रोहड़ू उपमंडल के टिक्कर तहसील के शरौंथा पंचायत के ब्रेष्टू गांव में अग्निकांड की घटना के बाद संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू ने सात पीड़ित परिवारों की आर्थिक सहयोग के लिए हाथ बढ़ाते हुए एक लाख 20 हजार रुपए की आर्थिक मदद परिवार के सदस्यों तक पहुंचाई है।

शरौंथा के साथ लगते ब्रेष्टू गांव में 28 मार्च यानी वीरवार देर शाम को अग्निकांड की घटना से मकान जलकर नष्ट हो गए और सात परिवार बेघर हो गए। पुलिस के अनुसार बेघर हुए परिवारों में दयानंद शर्मा, यशवंत शर्मा, सुरेश शर्मा, मनमोहन शर्मा, राम गोपाल शर्मा, पुष्पा देवी व अंजू शामिल हैं। अग्निकांड की इस घटना में 35 से 40 कमरों का मकान जलकर राख हो गया है और सात पीड़ित परिवारों के 35 के करीब सदस्य बेघर हो गए हैं। जानकारी के अनुसार मकान के अंदर रखा सामान, सोने चांदी के पुश्तैनी आभूषण, राजस्व से संबंधित कागजात एवं अन्य कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और 700 कांसे की थालियां व 400 कांसे की कौलियां जलकर राख हो गई हैं। (अनंत ज्ञान)



संजीवनी सहारा समिति ब्रेष्टू में अग्निकांड की घटना के बाद लोगों की मदद करते हुए।

### आर्थिक सहयोग के लिए आगे आना चाहिए

समिति के अध्यक्ष गोपाल चौहान ने प्रदेश की अन्य सभी संस्थाओं से आग्रह किया कि इस तरह की घटनाओं से प्रभावित हुए परिवारों का आर्थिक सहयोग करने के लिए आगे आना चाहिए। संजीवनी सहारा समिति पिछले 11 साल से उपमंडल रोहड़ू में गरीब, असहाय, जरूरतमंद व बीमार लोगों की आर्थिक मदद करती आई है।

# विदेश जाने वाले शिक्षकों के चयन में अपनाई पिक एंड चूज नीति

जय ठाकुर, शिमला

हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ ने विदेश जाने वाले शिक्षको के चयन में पिक एंड चूज नीति अपनाने का आरोप लगाया है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने शिमला में प्रेस वार्ता के दौरान आरोप लगाया कि शिक्षकों को विदेश भेजने को लेकर कहीं न कहीं अनियमित्ताएं भर्ती गई है और अलग-अलग कैटेगिरी से भेजे जाने वाले शिक्षकों की सूची में भी विभाग के आलाधिकारियों की ओर से बड़ा उलटफेर किया गया है। विरेंद्र चौहान ने कहा कि शिक्षकों को विदेश भेजने को लेकर पहले स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा चयनित शिक्षकों को 10 अलग-अलग पत्राचार के माध्यम से शिक्षकों को चयन कर एसपीडी कार्यालय को नामो की सूची भेजी थी। बाद में दो मार्च को निदेशक उच्च ने पहले स्क्रीनिंग कमेटी के द्वारा चयनित शिक्षकों को बदलकर नए नाम या कुछ नाम काट दिए, जब एक बार स्क्रीन कमेटी ने चयन कर किसी शिक्षक को योग्य घोषित कर नाम स्पॉन्सर कर दिया है, तो बाद में उसे सूची से हटाना कितना उचित और सही है। संघ ने प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है और निर्देशक उच्च की कार्य प्रणाली को कटघरे में खड़ा कर इसकी शिकायत शिक्षा मंत्री एवं सचिव शिक्षा राकेश कंवर से भी की थी। (अनंत ज्ञान)

# क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल 14 को

**रिकांगपिओ।** क्रिकेट एसोसिएशन किन्नौर की ओर से अंडर-19 का ट्रायल खेल मैदान रिकांगपिओ में 14 अप्रैल रविवार को सुबह 10 बजे रखा गया है। सचिव तारा चंद ने कहा कि सभी खिलाड़ी जिन की आयु 19 वर्ष से कम हो या जिनका जन्म एक सितंबर, 2005 को या उस के बाद हुआ हो वह सभी खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। खिलाडियों का चयन अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिले से किया जाएगा। सभी चयनित खिलाडियों को 12 दिन का कोचिंग कैंप लगवाया जाएगा, जो कि अनिवार्य है। उन्होंने सभी अंडर-19 के क्रिकेट खिलाड़ियों से अपील की कि वह ज्यादा से जादा संख्या में भाग लें।

**बोझ** व्यावसायिक वाहन मालिकों पर पड़ेगा अतिरिक्त वित्तीय बोझ, पहली अप्रैल मध्यरात्रि से शुल्क होगा वसूल

# कालका-शिमला नेशनल हाईवे पर अब सफर महंगा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश के व्यावसायिक वाहन मालिकों पर अब एक और अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ गया है कालका-शिमला नेशनल हाईवे-पांच पर व्यावसायिक वाहनों में सफर करना अब महंगा हो गया है। पहली अप्रैल मध्यरात्रि से सनवारा टोल प्लाजा पर बढ़ी हुई दरों से शुल्क वसूला जाएगा।

कमर्शियल वाहनों के शुल्क में पांच से 10 रुपए तक की वृद्धि की गई है। इसको लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। हालांकि, इस बार कार, जीप, वैन और लाइट मोटर वाहनों का शुल्क नहीं बढ़ाया गया है। गौर रहे कि कालका-शिमला नेशनल हाईवे-पांच पर परवाणू-सोलन फोरलेन में सनवारा टोल प्लाजा एनएचएआई की ओर से स्थापित किया गया है। हर वर्ष अप्रैल में टोल प्लाजा का शुल्क बढ़ाया जाता है और पास भी महंगा हो गया है। 20 किलोमीटर क्षेत्र में पंजीकृत वाहनों को अब 340 रुपए देने होंगे। वर्तमान में टोल कलेक्शन का कार्य रिद्धि-सिद्धि एसोसिएट की ओर से किया जा रहा है। आगामी दिनों में भी यही कंपनी टोल शुल्क वसूलने का कार्य करेगी। कंपनी को एनएचएआई ने सिस्टम को अपडेट करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। फास्टैग लगे वाहनों को सामान्य दर से भुगतान करना होगा, जबकि बिना फास्टैग वाहनों को दोहरा शुल्क अदा करना होगा।




### ये रहेंगे नए रेट

| वाहन | एकतरफा शुल्क | दोनों तरफ शुल्क |
|---|---|---|
| कार, जीप, वैन और एलएमवी | 70 | 105 |
| लाइट कमर्शियल वाहन और अन्य | 115 | 170 |
| बस और ट्रक (टू एक्सल) | 240 | 360 |
| थ्री एक्सल कमर्शियल वाहन | 260 | 390 |
| एचसीएम, ईएमसी, एमएवी | 375 | 565 |
| ओवर साइज वाहन | 455 | 685 |

**फास्टैग लगे वाहनों को सामान्य और बिना फास्टैग वाहनों को दोहरा शुल्क करना होगा अदा**

सनवारा टोल प्लाजा के शुल्क में वृद्धि हो गई है। बढ़े हुए दाम एक अप्रैल मध्यरात्रि से लागू होंगे। अधिसूचना जारी कर दी गई है। कंपनी को आदेश दिए गए हैं।

**-आनंद दहिया, प्रोजेक्ट डारेक्टर, एनएचएआई, शिमला**

# धार-मलखून बस नहीं चलने पर रोष

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

रोहड़ू उपमंडल के धारा भलाड़ा मलखून रूट पर पिछले एक माह से हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस नहीं जा रही है, जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस रूट से दो पंचायत भलाड़ा व बशला के लोग प्रभावित हो रहे हैं। लोगों को कई किलोमीटर तक पैदल रास्ता तय करने के बाद धारा बस के लिए पहुंचना पड़ रहा है, जिससे सबसे अधिक परेशानी मरीजों व छात्रों को हो रही है।

भलाड़ा पंचायत में एक माह से बस नहीं चलने पर लोगों ने विरोध किया है। इस अवसर पर पंचायत भलाड़ा की प्रधान प्रभा चौहान ने लोक निर्माण विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए बताया कि एक बार नहीं कई बार वे विभाग से बरसात के बाद हुए नुकसान की मरम्मत करने का आग्रह कर चुकी हैं, लेकिन अब उनकी पंचायत के लोग लोक निर्माण विभाग के दफ्तर के सामने धरना-प्रदर्शन करने को लेकर मजबूर हो जाएंगे। भाजपा रोहड़ू मंडल के सह प्रवक्ता विक्रम चौहान ने बताया कि बस की सुविधा नहीं होने से सबसे अधिक परेशानी छात्रों, बुजुर्गों व मरीजों को झेलनी पड़ रही है। इस बारे में एचआरटीसी प्रबंधन को भी कई बार अवगत करवाया जा चुका है। बावजूद एक माह से अधिक समय हो गया है कि एचआरटीसी की बस इस रूट पर नहीं जा पाई है। सीपीएस व विधायक मोहनलाल ब्राक्टा यह कहते हुए नहीं थक रहे कि रोहड़ू में हिमपात के बाद व्यवस्था पटरी पर आ गई है, जो सरासर झूठ है। यदि समय रहते बस रूट को बहाल नहीं किया गया, तो लोग सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। वहीं, अधरंग बीमारी से जूझ रही जानकी दास ने बताया कि उन्हें रोहड़ू अपने इलाज के लिए एक माह के दौरान कई बार जाना पड़ता है। चार से पांच किलोमीटर चलकर धारा बस अड्डा पहुंच रही हैं, जिससे उनको बहुत परेशानी हो रही है। वहीं, अधिशाषी अभियंता उपमंडल रोहड़ू परेश चौहान ने बताया कि दो-चार दिन में सड़क बस के लिए बहाल कर दी जाएगी।

### सड़क पर डंगा न लगने से आ रही समस्या

उधर, एचआरटीसी रोहड़ू क्षेत्रीय प्रबंधक प्रिय रंजन चौहान ने बताया कि सड़क पर डंगा न लगने के चलते यह समस्या पेश आ रही है। उस जगह पर बस नहीं निकल पा रही है। लोक निर्माण विभाग से सड़क की फिटनेस की रिपोर्ट आने के बाद ही बस को बहाल कर दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी ने जीता मियामी ओपन का खिताब



**मियामी।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने सबसे उम्रदराज एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने के अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए ऑस्ट्रेलिया के जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन के साथ यहां मियामी ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता। इस साल अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 44 साल बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी ने शुरुआती सेट में पिछड़ने के बाद हार्ड रॉक स्टेडियम में क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी पर 6-7(3), 6-3, 10-6 से रोमांचक जीत हासिल की।
इस जीत के साथ बोपन्ना ने पिछले साल बनाए अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने बीते साल 43 बरस की उम्र में इंडियन वेल्स खिताब जीता था। उन्होंने इसके साथ ही युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान भी हासिल किया।

### रायबकिना को हराकर कोलिन्स बनीं मियामी ओपन चैंपियन

**मियामी गार्डन्स ।** डेनिएल कोलिन्स ने मियामी ओपन टेनिस में विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज ऐलेना रायबकिना को 7-5, 6-3 से हराकर अपने घरेलू मैदान पर महिला एकल खिताब पर कब्जा किया। तीस साल की कोलिन्स आखिरी बार इस टूर्नामेंट में खेल रही है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में घोषणा की थी कि यह उनका आखिरी सत्र होगा क्योंकि वह 'एंडोमेट्रियोसिस' से पीड़ित हैं। यह एक दर्दनाक बीमारी है जो गर्भाशय को प्रभावित करती है।



### सलीमा और हार्दिक बने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ भारतीय हॉकी खिलाड़ी

**नई दिल्ली ।** युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह और डिफेंडर सलीमा टेटे को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ट खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया जबकि मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कार के तौर पर 25 लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र दिया गया। सर्वश्रेष्ठ उदीयमान अंडर-21 खिलाड़ी का पुरस्कार महिला वर्ग में दीपिका सोरेंग और पुरुष वर्ग में अराइजीत सिंह हुंडल को मिला । भारत ने 41 साल के इंतजार के बाद टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। आठ बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम ने ओलंपिक में आखिरी स्वर्ण 1980 में मॉस्को में जीता था ।

## आईपीएल-2024 टाइटंस ने अपने घरेलू मैदान में सनराइजर्स हैदराबाद को 5 गेंद शेष रहते 7 विकेट से दी पटकनी

# मिलर ने छक्का मारकर गुजरात को जिताया

**एजेंसी, अहमदाबाद**

गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 में सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हराकर दूसरी जीत हासिल की। सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 162 रन बनाए जिसके जवाब में गुजरात के बल्लेबाजों ने 19.1 ओवर में 3 विकेट पर 168 रन बनाकर जीत दर्ज की। डेविड मिलर ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई।

गुजरात के लिए साई सुदर्शन ने 36 गेंद पर 45 रन की पारी खेली, जबकि डेविड मिलर ने 27 गेंद पर नाबाद 44 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 36 और ऋद्धिमान साहा ने 25 रन का योगदान दिया।

इस जीत के साथ गुजरात टाइटंस की टीम अंक तालिका में तीन मैचों में दो जीत और चार अंक के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, हैदराबाद की टीम तीन मैचों में एक जीत और दो अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। हैदराबाद का अगला मैच पांच अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स से है। वहीं, गुजरात की टीम चार अप्रैल को पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। इससे पहले पिछले मैच में 277 रन बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले सनराजइर्स ने पावरप्ले के भीतर एक विकेट खोकर 56 रन बनाये लेकिन उसके बाद अफगानिस्तान के स्पिनरों ने बीच के ओवरों में खुलकर खेलने नहीं दिया। नूर ने 32 रन देकर और राशिद ने 33 रन देकर एक-एक विकेट लिया ।

नूर ने फॉर्म में चल रहे सनराजइर्स के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (19) को सस्ते में आउट किया जबकि राशिद ने हेनरिच क्लासेन (24) को पैवेलियन भेजा ।



पारी के दौरान शॉट खेलते डेविड मिलर।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| हेड ब. नूर | 19 | 14 | 3/0 |
| अग्रवाल क. नालकंडे ब. उमरजेई | 16 | 17 | 2/0 |
| अभिषेक क. गिल ब. मोहित | 29 | 20 | 2/2 |
| मारक्रम क. राशिद ब. उमेश | 17 | 19 | 0/0 |
| क्लासेन ब. राशिद | 24 | 13 | 1/2 |
| शाहबाज क. तेवतिया ब. मोहित | 22 | 20 | 1/1 |
| समद (रन आऊट) | 29 | 14 | 3/1 |
| वॉशिंगटन क. राशिद ब. मोहित | 00 | 01 | 0/0 |
| कमिंस (नाबाद) | 02 | 02 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 04 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | 162/8 | | |

**विकेट पतन :** 1-34, 2-58, 3-74, 4-108, 5-114, 6-159, 7-159, 8-162., **गेंदबाजी :** उमरजेई 3-0-24-1, उमेश 3-0-28-1, राशिद 4-0-33-1, नूर 4-0-32-1, मोहित4-0-25-3, नालकंडे 2-0-18-0.

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साहा क. कमिंस ब. शाहबाज | 25 | 13 | 1/2 |
| गिल क. समद ब. मार्कंडेय | 36 | 28 | 2/1 |
| सुदर्शन क. अभिषेक ब. कमिंस | 45 | 36 | 4/1 |
| मिलर (नाबाद) | 44 | 27 | 4/2 |
| शंकर (नाबाद) | 14 | 11 | 2/0 |
| **अतिरिक्त** | 04 | | |
| **कुल : (19.1 ओवर)** | 168/3 | | |

**विकेट पतन :** 1-36, 2-74, 3-138.
**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-27-0, शाहबाज 2-0-20-1, उनादकट3.1-0-33-0, वॉशिंगटन3-0-27-0, मार्कंडेय 3-0-33-1, कमिंस 4-0-28-1.

## मुंबई को राजस्थान के खिलाफ घरेलू मैदान पर वापसी का भरोसा

**एजेंसी, मुंबई**

हार्दिक पांड्या की अगुवाई में शुरुआती दो मैचों में हार का सामना करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम लय में चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी तो हार के सिलसिले को खत्म करना चाहेगी। मुंबई को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी धीमी शुरुआत के लिए जाना जाता है और पांड्या के कप्तान बनने के बाद भी इस में कोई बदलाव नहीं आया है।

मुंबई इंडियंस को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित शर्मा की जगह पांड्या को कप्तान बनाए जाने का फैसला प्रशंसकों को नागवार गुजरा और इस हरफनमौला खिलाड़ी को शुरुआती मैचों में दर्शकों की हूटिंग का भी सामना करना पड़ा।

मुंबई इंडियंस को पाड्या की पूर्व टीम गुजरात टाइटंस ने सत्र के पहले मैच में छह रन से हराया जबकि हैदराबाद में बड़े स्कोर के रिकॉर्ड वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 32 रन से शिकस्त दी। इन दो हार के बाद टीम अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें पायदान पर है।

यह हालांकि आईपीएल के 17 वें सत्र का शुरुआती चरण है लेकिन मुंबई की टीम हार के सिलसिले को खत्म करने के साथ अपने नेट रन रेट (-0.925) को भी सुधारना चाहेगी। मुंबई को अपने अनुभवी खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव की कमी खल रही है जो चोट से उबर रहे है।

दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मैचों में मुंबई की टीम चार जीत दर्ज करने में सफल रही है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स ने इस सत्र में अब तक कमाल का प्रदर्शन किया है। टीम ने अपने दोनों मैच जीते है और इस दौरान उसके ज्यादातर खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा रहा है।



## आईपीएल डेब्यू पर सीजन के फास्टेस्ट बॉलर बने मयंक

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 11वें लीग मैच में 21 साल के युवा तेज गेंदबाज ने अपनी स्पीड से सनसनी मचा दी। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलने वाले मयंक यादव ने पंजाब किंग्स के खिलाफ करियर का पहला आईपीएल मैच खेला।

डेब्यू मैच में मयंक ने अपनी तेज गेंदबाजी का रिकॉर्ड कायम कर दिया। मुश्किल परिस्थितियों में गेंदबाजी करने उतरे मयंक आईपीएल 2024 में सबसे तेज गेंद फेंकने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने न सिर्फ अपनी तेज गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया बल्कि उनकी खतरनाक यॉर्कर को देखकर दिग्गज हैरान हैं। मयंक ने अपने डेब्यू मैच में 155.8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की जो आईपीएल के मौजूदा सीजन में किसी गेंदबाज की सबसे तेज गेंद है।



## रोहित के आउट होने का जश्न मनाने पर हत्या

**मुंबई ।** आईपीएल एक ऐसा टूर्नामेंट है, जिसमें परिवार जुड़ जाते हैं और फैंस इसका लुत्फ उठाते हैं, लेकिन इस बार एक बेहद अप्रिय घटना सामने आई है। मुंबई इंडियंस के कुछ समर्थकों ने रोहित शर्मा के विकेट का जश्न मनाने वाले एक फैन की हत्या कर दी। यह फैन चेन्नई सुपर किंग्स का था। घटना महाराष्ट्र के कोल्हापुर में घटित हुई है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में रोहित शर्मा का विकेट गिरने के बाद इस फैन ने जश्न मनाया था। इसके बाद मुंबई इंडियंस के दो समर्थकों ने उस प्रशंसक की हत्या कर दी।

## बाबर दोबारा बने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान

**कराची ।** बाबर आजम को सीमित ओवर क्रिकेट के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम का कप्तान दोबारा नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को इसकी घोषणा की। इससे तय हो गया है कि जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में बाबर आजम ही पाकिस्तान क्रिकेट टीम की कमान संभालेंगे। तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी से टी-20 इंटरनेशनल प्रारूप की कप्तानी छीन ली गई है। बता दें कि बाबर आजम ने पिछले साल भारत में संपन्न वनडे विश्व कप के बाद सभी प्रारूपों से कप्तानी छोड़ दी थी।



## ईपीएल : मैनचेस्टर से ब्रेंटफोर्ड ने खेला ड्रॉ

**लंदन ।** मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ बढ़त लेने के बाद जीत दर्ज करने में नाकाम रही। दोनों टीमों ने मैच के स्टॉपेज समय में गोल किया। मैसन माउंट (90+6 मिनट) के गोल से मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बढ़त बनाई। टीम जीत की ओवर बढ़ रही थी लेकिन इसके तीन मिनट बाद ही क्रिस्टोफर अजेर के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर हो गया।

## कूचबिहार में पीएम मोदी की चुनावी सभा चार को

**कूचबिहार।** लोकसभा चुनाव के प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार अप्रैल को कूचबिहार के रास मेला मैदान में जनसभा संबोधित करेंगे। इस सभा को लेकर जिला नेतृत्व ने तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा पश्चिम बंगाल के प्रदेश प्रभारी मंगल पांडे, कूचबिहार भाजपा जिलाध्यक्ष, विधायक सुकुमार राय व अन्य नेताओं ने रविवार को कूचबिहार रास मेला मैदान का जायजा लिया। इस मौके पर सुकुमार राय ने कहा कि पीएम मोदी चार अप्रैल को कूचबिहार में भाजपा उम्मीदवार निशीथ प्रमाणिक के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे।

## मध्यप्रदेश में वंदे भारत एक्सप्रेस में लगी आग



**नरसिंहपुर/जबलपुर।** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर जैसे ही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन रुकी, एकदम तेज चिंगारी आग में तब्दील हो गई। रेल के एक कोच में यह घटना घटी, जिसे तत्काल समय रहते काबू कर लिया गया। घटना इटारसी से जबलपुर जाते समय हुई है। फिलहाल तक घटना में जनहानि की जानकारी नहीं है। इस संबंध में अभी प्रारंभिक जानकारी मिली है। सूत्रों ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस के सी-5 कोच में विद्युतीय गतिरोध से (इलेक्ट्रिक शॉर्ट) के चलते यह आग भड़की थी, जिसे समय रहते तत्काल काबू में कर लिया गया। आग निकलते ही सभी यात्री ट्रेन से नीचे उतर गए थे। सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी सी-5 कोच पर पहुंच गए थे और आग पर काबू पाया।

## ईस्टर की प्रार्थना सभा में शामिल हुए पोप फ्रांसिस

**रोम।** पोप फ्रांसिस ने ईस्टर से एक दिन पहले शनिवार रात को प्रार्थना सभा की अध्यक्षता करते हुए 10 मिनट का धर्मोपदेश दिया और आठ लोगों को चर्च की सदस्यता (बपतिस्मा) दिलाई। इससे एक दिन पहले वह स्वास्थ्य संबंधी एहतियात बरतते हुए रोम के एक बड़े कलागृह में निकाले गए गुड फ्राइडे के पारंपरिक जुलूस में शामिल नहीं हुए थे। फ्रांसिस अपनी व्हीलचेयर से सेंट पीटर्स बासिल्का पहुंचे, एक कुर्सी पर अपना स्थान ग्रहण किया और प्रार्थना शुरू की। वेटिकन ने कहा था कि पोप फ्रांसिस गुड फ्राइडे के अवसर पर 'वे ऑफ क्रॉस' जुलूस में शामिल नहीं हुए ताकि वह शनिवार की प्रार्थना और 'ईस्टर संडे' को होने वाली सभा के लिए स्वस्थ रह सकें। वेटिकन ने बताया कि 87 वर्षीय पोप फ्रांसिस फ्लू, ब्रोंकाइटिस या सर्दी से जूझ रहे हैं। पोप ने अपने उपदेश में उस पत्थर का जिक्र किया जिसे ईसा मसीह की मौत के बाद उनके मकबरे से हटा दिया गया था। उन्होंने कैथोलिक समुदाय के लोगों से अपनी जिंदगियों में उन पत्थरों को हटाने का अनुरोध किया जो "हमारे दिल के दरवाजों को अवरुद्ध करते हैं, उम्मीद को खत्म करते हैं और हमें हमारे डर एवं पछतावे की कब्र में कैद कर देते हैं।"



## सीरिया के विरोधी लड़ाकों के कब्जे वाले क्षेत्र में कार बम विस्फोट

**एजेंसी, बेरूत**

उत्तरी सीरिया में तुर्किये स्थित सीरियाई विरोधी लड़ाकों के कब्जे वाले एक शहर के भीड़भाड़ वाले बाजार में शनिवार देर रात हुए कार बम विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी। बचावकर्मियों और युद्ध निगरानी संस्था ने यह जानकारी दी। अलेप्पो प्रांत के अजीज शहर में बम विस्फोट हुआ। सीरियन सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने बताया कि मध्यरात्रि के बाद हुए विस्फोट में दो बच्चों और एक महिला की मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि भीड़भाड़ वाले बाजार में हुए विस्फोट में पांच नागरिक घायल भी हो गए और इलाके में दुकानें तथा मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अभी किसी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इस बीच, ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमैन राइट्स' ने कहा कि कम से कम आठ लोगों की मौत हुई है और 23 घायल हुए हैं।

**दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत**



## पंजाब में अवैध हथियार की तस्करी का भंडाफोड़

**चंडीगढ़ ।** पंजाब पुलिस ने मध्यप्रदेश से संचालित अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ कर कथित चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। राज्य पुलिस के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।
उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए तस्कर आपराधिक गिरोहों को हथियारों की आपूर्ति करने में संलिप्त थे।
पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, "एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पंजाब की आंतरिक सुरक्षा इकाई ने मध्यप्रदेश से अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और नौ अवैध पिस्तौल को जब्त किया और चार तस्करों को गिरफ्तार किया।" गौरव यादव ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच की जा रही है।

## पाक में सरकारी कार्यक्रमों में 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर रोक

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में आर्थिक संकट के चलते फिजूलखर्ची को कम करने के प्रयासों के तहत सरकारी कार्यक्रमों में 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है और केवल राजनयिकों के स्वागत कार्यक्रम में ही इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

शरीफ ने सरकारी कार्यक्रमों में मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के दौरे के दौरान 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर नाराजगी व्यक्त की। मंत्रिमंडल मामलों के प्रभाग के मुताबिक प्रधानमंत्री के निर्देश पर 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रभाग की अधिसूचना के अनुसार प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि भविष्य में सरकारी कार्यक्रमों में मंत्रियों और अधिकारियों के लिए 'रेड कारपेट' का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

'रेड कारपेट' के इस्तेमाल को समाप्त करके सरकार का लक्ष्य धन बचाना और सार्वजनिक खर्च के लिए अधिक जिम्मेदार और विवेकपूर्ण दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।



## 356 लोगों को मणिपुर पुलिस ने लिया हिरासत में

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील तथा दुर्गम इलाकों में सघन छापामारी तथा तलाशी अभियान चलाया। अभियान में भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 356 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर 250 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 पर 270 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को व्यापक पैमाने पर तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में 125 नाके और जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।



## फिल्म 'क्रू' का बॉक्स ऑफिस पर धमाल दो दिन में 18.55 करोड़ रुपए का कारोबार

**एजेंसी, मुंबई**

तब्बू, करीना कपूर और कृति सेनन स्टारर 'क्रू' 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म ने पहले दिन जबरदस्त कमाई की है। यह 2024 की सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली फिल्मों में से एक बन गई है। इस फिल्म में करीना, तब्बू और कृति पहली बार एक साथ आई हैं। फिल्म की दूसरे की कमाई सामने आ गई है।

फिल्म 'क्रू' ने शनिवार को यानी दूसरे दिन देशभर में 9.6 करोड़ की कमाई की है। फिल्म ने पहले दिन भारत में 9.25 करोड़ की कमाई की थी। इस फिल्म ने महज दो दिन में 18.55 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म दुनियाभर में लगभग 21 करोड़ रुपए की कमाई कर चुकी है। रिपोर्ट की मानें तो इस फिल्म का बजट 40-50 करोड़ के बीच में है।




## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में मूसलाधार बारिश, सात की मौत

**एजेंसी, पेशावर**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बीते 24 घंटे के दौरान मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि के कारण कुछ घर गिरने से पांच बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

शनिवार को लगातार दूसरे दिन खैबर पख्तूनख्वा के बड़े हिस्से में भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई। कबायली जिले बजौर में बारिश के कारण एक घर ढह जाने से तीन बच्चों समेत पांच लोग मलबे में दफन हो गए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने कहा कि शांगला जिले में मूसलाधार बारिश के कारण कमरे की छत गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई। बारिश ने खैबर कबायली जिले, पेशावर, नौशेरा और चारसद्दा जिलों में भी फसलों को नुकसान पहुंचाया है।

जिला प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत उपाय शुरू किए। अधिकारियों ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में पूरे पाकिस्तान में बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम 37 लोग मारे गए थे।

## जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन, यातायात बंद

**एजेंसी, जम्मू**

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनिहाल रामबन में कई स्थानों पर भूस्खलन और पत्थर गिरने के बाद अधिकारियों ने रविवार को राजमार्ग पर यातायात की आवाजाही रोक दी है।

एक यातायात अधिकारी ने कहा कि राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई है, जबकि बहाली का काम जारी है। शेरबीबी इलाके के किश्तवारी पथेर में पत्थर गिरने के कारण राजमार्ग अवरुद्ध है। उन्होंने कहा कि लोगों को सड़क साफ होने तक किसी भी यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि बनिहाल रामबन सेक्टर में भारी बारिश के बाद भूस्खलन और पत्थर गिरने के कारण मेहर, कैफेटेरिया मोड़ और गंगरू इलाकों में भी राजमार्ग बंद है। उन्होंने कहा राजमार्ग पर भीड़भाड़ से बचने के लिए काजीगुंड और उधमपुर की तरफ यातायात रोक दिया गया है।



## अभ्यास समुद्री चरण में तीनों सेनाओं के विशेष कार्रवाई बल ने लिया हिस्सा

# भारत-अमेरिका की सेनाओं ने किया सैन्य अभ्यास

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका की तीनों सेनाओं के बीच द्विपक्षीय अभ्यास 'टाइगर ट्राइंफ' विशाखापट्टनम में खत्म हो गया है।

अभ्यास का समापन समारोह अमेरिकी जहाज यूएसएस समरसेट पर आयोजित किया गया। दोनों देशों के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी के प्रतीक इस अभ्यास का उद्देश्य बहुराष्ट्रीय मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) संचालन शुरू करने में सर्वोत्तम प्रथाओं और मानक संचालन प्रक्रियाओं को साझा करना था। द्विपक्षीय अभ्यास 'टाइगर ट्राइंफ' का बंदरगाह चरण 18-25 मार्च को विशाखापट्टनम में हुआ, जिसमें प्री-सेल चर्चा, विषय वस्तु विशेषज्ञ विनिमय, खेल कार्यक्रम, जहाज बोर्डिंग अभ्यास और क्रॉस डेक दौरे शामिल थे। सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के हिस्से के रूप में भारत की जीवंत संस्कृति को प्रदर्शित करने वाला होली का त्योहार दोनों नौसेनाओं के कर्मियों ने 25 मार्च को एक साथ मनाया।

इसके बाद 26-30 मार्च तक समुद्री चरण में काकीनाडा और विशाखापट्टनम के पास भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना के जहाजों के बीच यूएच-3एच, सीएच-53 और एमएच-60आर हेलीकॉप्टरों से जुड़े क्रॉस डेक हेलीकॉप्टर ऑपरेशन भी किए गए। इस दौरान संयुक्त कमान और नियंत्रण केंद्र, एचएडीआर संचालन के लिए संयुक्त राहत और चिकित्सा शिविर की स्थापना के लिए काकीनाडा में सैनिकों की लैंडिंग हुई।

